माघ शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 22 फरवरी 2024
वर्ष 2, अंक 197, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



9वें ग्रह के छिपे होने के संकेत आए सामने 16
लवली का 'गलिया प रंगवा लगईता' जारी 2

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
नववर्ष ऑफर
5/- प्रतिदिन
फोन: 05278- 352045

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा



एम. के.
बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

# यूपी में कांग्रेस लोकसभा की 17 व समाजवादी पार्टी 62 सीटों पर लड़ेगी चुनाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सपा ने आजाद समाज पार्टी के चन्द्रशेखर को दी एक सीट
- इंडिया गठबंधन में शामिल सपा व कांग्रेस में सीटों पर समझौता

**अमृत विचार :** इंडिया गठबंधन के घटक दलों कांग्रेस व समाजवादी पार्टी (सपा) के बीच बुधवार को लोकसभा सीटों को लेकर समझौता हो गया। जिसके तहत प्रदेश में कांग्रेस 17 सीटों व सपा 62 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय और सपा के राष्ट्रीय सचिव व मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में यह घोषणा की। देर शाम सपा ने एक सीट आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चन्द्रशेखर को भी दे दी।



संयुक्त प्रेस वार्ता के दौरान सपा प्रदेश अध्यक्ष उत्तम पटेल, राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी तथा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय।

दोनों दलों के नेताओं ने कहा कि देश-संविधान को बचाने व जनता को अन्याय से बचाने को बना इंडिया गठबंधन भाजपा को सत्ता से बाहर करने का काम करेगा। दोनों दलों के कार्यकर्ताओं-पदाधिकारी मिलकर गठबंधन के साझा उम्मीदवारों को जिताने का कार्य करेंगे। अविनाश पांडेय ने कहा कि पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी व सपा प्रमुख अखिलेश यादव के प्रयास से गठबंधन को मजबूती मिली है। इनके निर्देश पर बनी समिति ने विचार-विमर्श के बाद सीटों को अंतिम रूप दिया। सपा नेता राजेंद्र चौधरी ने कहा कि देश के हालात बहुत खराब हैं। जनता भाजपा के अन्याय से तंग आ चुकी है। मतदाताओं से गठबंधन के पक्ष में मतदान की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि गठबंधन भाजपा को हर हाल में सत्ता से बाहर करने का काम करेगा।

नेताओं ने बताया कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव 24 या 25 फरवरी को न्याय यात्रा में शामिल होंगे।

## गठबंधन के साथ मिल लड़ेंगे चुनाव : अखिलेश

**मुरादाबाद।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव गठबंधन के साथ मिलकर लड़ेंगे। सीटों को लेकर कोई गतिरोध नहीं है। भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक हो गया और सरकार देखती रही। चंडीगढ़ महापौर पद के चुनाव को लेकर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का स्वागत कर भाजपा पर बैलेट व लोकतंत्र को लूटने का आरोप मढ़ा। अखिलेश बुधवार को मुरादाबाद में थे। उन्होंने ठाकुरद्वारा से पार्टी के विधायक नवाब जान खान के आवास पर उनके पुत्र व पुत्रवधू को आशीर्वाद दिया।

## समझौते के तहत ये सीटें कांग्रेस को मिलीं

सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने बताया कि समझौते के तहत कांग्रेस को दी गई 17 लोकसभा सीटों में रायबरेली, अमेठी, कानपुर, फतेहपुर सीकरी, बासगांव, सहारनपुर, प्रयागराज, महाराजगंज, वाराणसी, अमरोहा, झांसी, बुलंदशहर, गाजियाबाद, मथुरा, सीतापुर, बाराबंकी व देवरिया शामिल हैं।

## गठबंधन में छोटे दलों को भी मिलेगा मौका

कांग्रेस व सपा के नेताओं ने कहा कि कुल 80 सीटों में दोनों दलों की सीटें तय हुई हैं। पर गठबंधन में अगर क्षेत्रीय दल शामिल होते हैं, उन्हें भी मौका दिया जाएगा। इसके लिए विचार-विमर्श के बाद तय किया जाएगा।

## मप्र में सपा एक, कांग्रेस सभी सीटों पर लड़ेगी

दोनों दलों के नेताओं ने कहा कि लोकसभा चुनाव में सपा मध्य प्रदेश के खजुराहो सीट से चुनाव लड़ेगी। जबकि बाकी सभी सीटों पर कांग्रेस का समर्थन करेगी। प्रदेश में सपा की ओर से पहले से उम्मीदवार घोषित करने के सवाल पर नेताओं ने कहा कि वर्तमान में हुए समझौते के तहत कांग्रेस को आवंटित सीटों पर सपा उम्मीदवारों के नाम वापस होंगे। उत्तराखंड में समाजवादी पार्टी कांग्रेस को समर्थन देगी।

# किसान की मौत, 12 पुलिसकर्मी घायल

## झड़प : किसानों को खदेड़ने के लिए शंभू, खनौरी सीमा पर पुलिस ने दागे आंसू गैस के गोले

चंडीगढ़/नई दिल्ली, एजेंसी

- तनाव बढ़ा: दिल्ली कूच के लिए शंभू, खनौरी सीमा पर हजारों की संख्या में डटे किसान

हरियाणा पुलिस ने शंभू और खनौरी सीमाओं पर किसानों को अवरोधकों की ओर बढ़ने से रोकने के लिए बुधवार को उन पर आंसू गैस के गोले छोड़े। खनौरी सीमा पर झड़प में एक प्रदर्शनकारी की मौत होने के साथ 12 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानूनी गारंटी देने की मांग कर रहे किसानों ने घोषणा की थी कि वे इस मुद्दे को हल करने के लिए किसानों के साथ चौथे चरण की वार्ता विफल होने के बाद बुधवार सुबह 11 बजे अपना प्रदर्शन फिर से शुरू करेंगे।

कुछ किसानों ने हरियाणा में अंबाला के समीप शंभू में कई चरणों में लगाए अवरोधकों की ओर बढ़ने की कोशिश की जिसके बाद पुलिस ने उन्हें तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े। थोड़ी देर के विराम के बाद फिर ऐसी ही घटना हुई। शंभू सीमा पर एक ड्रोन भी देखा गया। पंजाब-हरियाणा सीमा पर खनौरी में भी ऐसी ही स्थिति देखी गयी।

**सरकार ने किसानों को वार्ता के लिए आमंत्रित किया :** केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने बुधवार को कहा कि पंजाब-हरियाणा सीमाओं पर प्रदर्शनकारी किसानों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर गौर करते समय देशभर के किसानों के हित को ध्यान में रखा जाना चाहिए और उनसे एक और दौर की वार्ता के लिए आने की अपील की।



शंभू सीमा पर पुलिस द्वारा दागे गए आंसू गैस के गोले के धुएं से बचने के लिए इधर-उधर भागते प्रदर्शनकारी किसान।

### किसान नेताओं ने दो दिन के लिए स्थगित किया 'दिल्ली चलो' मार्च

**चंडीगढ़।** पंजाब-हरियाणा सीमा पर दो प्रदर्शन स्थलों में से एक खनौरी सीमा पर झड़प में एक प्रदर्शनकारी की मौत और लगभग 12 पुलिसकर्मियों के घायल होने के बाद किसान नेताओं ने बुधवार को 'दिल्ली चलो' मार्च दो दिन के लिए स्थगित कर दिया। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि वे शुक्रवार शाम को आगे की रणनीति तय करेंगे। किसान नेता बलदेव सिंह सिरसा ने कहा कि पीड़ित की पहचान पंजाब के बठिंडा जिले के बालोके गांव के निवासी शुभकरण सिंह (21) के रूप में की गई है। पटियाला स्थित राजिंदर अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक एचएस रेखी ने कहा कि तीन लोगों को खनौरी सीमा से अस्पताल लाया गया था जिनमें से एक की मौत हो चुकी थी। हरियाणा पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि लगभग 12 पुलिसकर्मी उस वक्त घायल हो गए, जब उन पर लाठियों से हमला किया गया और पत्थर फेंके गए।

### पुलिस ने सीमाओं की किलेबंदी की

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने प्रदर्शनकारी किसानों के 'दिल्ली चलो' मार्च फिर से शुरू करने की घोषणा के बाद बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में सुरक्षा बढ़ा दी और सुरक्षाकर्मियों को टीकरी, सिंघू और गाजीपुर सीमाओं पर कड़ी निगरानी करने का निर्देश दिया है। कानून- व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी सुरक्षा बल तैनात करने के बाद दिल्ली-गुरुग्राम, दिल्ली-बहादुरगढ़ और कई अन्य सड़कों पर यातायात बाधित रहा। दिल्ली और हरियाणा के दो सीमा बिंदू-टीकरी और सिंघू को भारी संख्या में पुलिसकर्मियों और अर्द्धसैन्य बलों की तैनाती तथा कई चरणों में कंक्रीट के अवरोधक और लोहे की कीलें लगाकर सील कर दिया गया है। गाजीपुर सीमा को और पुलिसकर्मियों को तैनात कर बंद कर दिया गया है।

## एक नजर

### विद्या बालन ने धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री विद्या बालन ने उनके फर्जी इंस्टाग्राम खाते और ई-मेल आईडी का इस्तेमाल करके फिल्म जगत की हस्तियों के साथ धोखाधड़ी किये जाने की शिकायत मुंबई पुलिस से की है। इसके बाद पुलिस ने एक मामला दर्ज कर लिया है। खार पुलिस थाने में सोमवार को दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, संबंधित अपराध की जानकारी 16 जनवरी को तब हुई जब फिल्मों से जुड़े एक स्टाइलिस्ट को अज्ञात नंबर से व्हाट्सऐप पर संदेश मिला।

### बिश्नोई गिरोह के सदस्य को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने लारेंस बिश्नोई गिरोह और उसके सहयोगियों के खिलाफ धनशोधन की जांच के तहत सुरेंद्र सिंह उर्फ चीकू को बुधवार को गिरफ्तार किया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि चीकू को पंचकुला में धनशोधन रोकथाम अधिनियम की विशेष अदालत के समक्ष पेश किया गया, जिसने उसे पांच दिन की ईडी हिरासत में भेज दिया। केंद्रीय एजेंसी ने पिछले वर्ष 5 दिसंबर को हरियाणा और राजस्थान में चीकू और कुछ अन्य व्यक्तियों से संबंधित 13 परिसरों पर छापा मारा था।

# किसानों की समस्याओं के निदान को समिति का गठन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण से प्रभावित किसानों की समस्याओं का समाधान तलाश करने के लिए बुधवार को तीन अधिकारियों की समिति का गठन किया है।

उत्तर प्रदेश राजस्व परिषद के अध्यक्ष के नेतृत्व में यह समिति गौतमबुद्ध नगर के किसानों की समस्याएं सुनेगी। किसानों के साथ बैठकर बातचीत करेगी। इसके बाद समाधान से जुड़े सुझाव राज्य सरकार को देगी। शासन की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि समिति अधिकतम तीन महीने में रिपोर्ट शासन को सौंपेगी। समिति की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश राजस्व परिषद के अध्यक्ष करेंगे। समिति में दो सदस्य शामिल किए गए हैं। मेरठ के मंडलायुक्त और गौतमबुद्ध नगर के जिलाधिकारी इस समिति के सदस्य रहेंगे। शासन की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि नोएडा और ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरणों के मुख्य कार्यपालक अधिकारी इस समिति का पूरा सहयोग करेंगे।

## जाने-माने रेडियो प्रस्तोता अमीन सयानी नहीं रहे



- 42 वर्षों में 50 हजार से ज्यादा कार्यक्रमों में दी आवाज

**मुंबई।** जाने-माने रेडियो प्रस्तोता अमीन सयानी का 91 वर्ष की आयु में यहां निधन हो गया। उनके बेटे राजिल सयानी ने बुधवार को यह जानकारी दी। सयानी को मंगलवार रात दिल का दौरा पड़ा था जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। रेडियो सुनने का शौक रखने वाले लोगों के कानों में आज भी सयानी की आवाज 'नमस्कार बहनों और भाइयो, मैं आपका दोस्त अमीन सयानी बोल रहा हूं' गूंजती है। सयानी का यह अभिवादन 1952 से 1988 तक रेडियो सीलोन पर हर बुधवार को अनगिनत घरों में प्रसारित होता था। मुंबई के एक बहुभाषी परिवार में 21 दिसंबर, 1932 को जन्मे सयानी ने 42 वर्षों में 50 हजार से अधिक कार्यक्रमों का संचालन किया और उन्हें अपनी आवाज दी। सयानी के निधन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शोक व्यक्त किया। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट किया कि रेडियो पर अमीन सयानी की मखमली आवाज ने हर पीढ़ी के लोगों को अपना बना लिया।

# यूपी बोर्ड हाईस्कूल-इंटर की परीक्षाएं आज से, निगरानी को एसटीएफ तैनात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**55 लाख** से अधिक परीक्षार्थी
**8265** केंद्रों पर देंगे परीक्षा

- सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में ही खुलेंगे प्रश्नपत्र वॉट्सएप से लेकर सोशल मीडिया पर कड़ी नजर
- राज्य सरकार ने किए कड़े प्रबंध, पेपर लीक करने की कोशिश करने वाले जाएंगे जेल : दीपक कुमार
- संकलन केंद्रों एवं स्ट्रांग रूम पर 24 घंटे निगरानी के लिए सशस्त्र बल व सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था

**अमृत विचार :** प्रदेश में गुरुवार से शुरू हो रही यूपी बोर्ड परीक्षाओं को नकल विहीन संपन्न कराने के लिए राज्य सरकार ने कड़े प्रबंध किए हैं। हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के कुल 55 लाख 25 हजार 308 परीक्षार्थियों के लिए 8265 केंद्र बनाए गए हैं। माध्यमिक शिक्षा के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने कहा कि नकल के लिए बदनाम रहे परीक्षा केंद्रों की निगरानी को एसटीएफ के साथ ही स्थानीय खुफिया इकाई भी नजर रखेगी। पेपर लीक करने की कोशिश करने वालों को जेल भेजा जाएगा। वॉट्सएप से लेकर सोशल मीडिया तक अराजकतत्वों पर कड़ी नजर रहेगी।

लोक भवन में बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में दीपक कुमार ने कहा कि सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में ही प्रश्नपत्र खुलेंगे। संकलन केंद्रों एवं स्ट्रांग रूम पर 24 घंटे निगरानी के लिए सशस्त्र बल व सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था रहेगी। परीक्षा कुल 12 कार्य दिवसों में संपन्न होगी।

## ब्रिटेन की संसद में मनाया जम्मू-कश्मीर संकल्प दिवस

**लंदन, एजेंसी।** विचारक संस्था 'जम्मू-कश्मीर अध्ययन केंद्र-यूके' (जेकेएससी) ने ब्रिटेन के संसद भवन परिसर में संकल्प दिवस कार्यक्रम आयोजित किया। भारत के केंद्र शासित प्रदेश संबंधी ऐतिहासिक प्रस्ताव को मनाने के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में ब्रिटेन के दोनों दलों के सांसदों ने हिस्सा लिया। मंगलवार के कार्यक्रम में 22 फरवरी, 1994 को भारतीय संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित सर्वसम्मत प्रस्ताव को चिह्नित किया गया, जिसमें भारत के अडिग रुख की पुष्टि की गई कि जम्मू और कश्मीर का पूरा क्षेत्र भारत का अभिन्न अंग है।

# 340 रुपये प्रति क्विंटल हुआ गन्ने का मूल्य

**ऐतिहासिक कीमत**

▶▶ प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने दी मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने चीनी सीजन 2024-25 के लिए गन्ने के उचित और लाभकारी मूल्य 340 रुपये प्रति क्विंटल तय करने को मंजूरी दे दी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने चीनी सीजन 2024-25 के लिए 10.25 फीसदी की चीनी रिकवरी दर पर गन्ने के उचित और लाभकारी मूल्य (एफआरपी) 340 रुपये प्रति क्विंटल रखने को मंजूरी दे दी। यह गन्ने की ऐतिहासिक कीमत है जो चालू सीजन 2023-24 के लिए गन्ने की एफआरपी से लगभग 8 प्रतिशत अधिक है। संशोधित एफआरपी 10 फरवरी से 01 अक्टूबर 2024 तक लागू होगी। नया एफआरपी गन्ना किसानों की समृद्धि सुनिश्चित करेगा। गौरतलब है कि भारत पहले से ही दुनिया में गन्ने की सबसे ज्यादा कीमत चुका रहा है और इसके बावजूद सरकार भारत के घरेलू उपभोक्ताओं को दुनिया की सबसे सस्ती चीनी सुनिश्चित कर रही है। केंद्र सरकार के इस फैसले से 5 करोड़ से अधिक गन्ना किसानों (परिवार के सदस्यों सहित) और चीनी क्षेत्र से जुड़े लाखों अन्य लोगों को फायदा होने वाला है। यह किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस मंजूरी के साथ, चीनी मिलें गन्ने की एफआरपी 10.25 प्रतिशत की रिकवरी पर 340 रुपये प्रति क्विंटल की दर से भुगतान करेंगी। वसूली में प्रत्येक 0.1 फीसदी की वृद्धि के साथ, किसानों को 3.32 रुपये की अतिरिक्त कीमत मिलेगी, जबकि वसूली में 0.1 प्रतिशत की कमी पर समान राशि की कटौती की जाएगी। हालाँकि, गन्ने का न्यूनतम मूल्य 315.10 रुपये प्रति क्विंटल है जो 9.5 प्रतिशत की रिकवरी पर है। भले ही चीनी की रिकवरी कम हो, किसानों को 315.10 रुपये प्रति क्विंटल की दर से एफआरपी का आश्वासन दिया जाता है। सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि किसानों को उनकी फसल का सही मूल्य सही समय पर मिले। पिछले चीनी सीज़न 2022-23 का 99.5 प्रतिशत गन्ना बकाया और अन्य सभी चीनी सीज़न का 99.9 प्रतिशत किसानों को पहले ही भुगतान किया जा चुका है, जिससे चीनी क्षेत्र के इतिहास में सबसे कम गन्ना बकाया लंबित है।



# कांग्रेस पर आयकर विभाग की कार्रवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस के खातों से 65 करोड़ हस्तांतरित करने के निर्देश
- कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने कहा, यह कदम अलोकतांत्रिक



कांग्रेस ने बुधवार को आरोप लगाया कि आयकर विभाग ने विभिन्न बैंकों को उसके खातों से 65 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित करने के लिए कहा है, जबकि आयकर रिटर्न से संबंधित मामला अदालत के विचाराधीन है। पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने कहा कि यह कदम अलोकतांत्रिक है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया कि कल आयकर विभाग ने बैंकों को कांग्रेस, भारतीय युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के खातों से 65 करोड़ रुपये से अधिक हस्तांतरित करने के लिए कहा। यह सरकार की तरफ से उठाए गए चिंताजनक कदम का द्योतक है।

माकन के अनुसार, 60.25 करोड़ रुपये की राशि कांग्रेस के खातों और पांच करोड़ रुपये युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई के खातों से हस्तांतरित करने के लिए कहा गया है। उन्होंने कहा कि क्या राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के लिए आयकर देना आम बात है? नहीं। क्या भाजपा आयकर देती है? नहीं।

## प्रख्यात न्यायविद् फली एस नरीमन का दिल्ली में निधन



**नई दिल्ली।** कानून विशेषज्ञ एवं दिग्गज अधिवक्ता फली एस नरीमन का बुधवार को 95 वर्ष की आयु में यहां निधन हो गया। वह हृदय व अन्य बीमारियों से जूझ रहे थे। नरीमन का जन्म 10 जनवरी 1929 को हुआ था। नवंबर 1950 में उन्होंने बंबई हाईकोर्ट से वकालत शुरु की। नरीमन का जन्म रंगून (अब यांगून) में एक संपन्न कारोबारी परिवार में हुआ था। वर्ष 1942 में उनका परिवार भारत आ गया। उन्होंने 70 वर्षों से अधिक समय तक वकालत की। नरीमन को मई 1972 में भारत के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के रूप में नियुक्त किया गया था। उन्होंने 26 जून 1975 को आपातकाल लागू होने के एक दिन बाद इस्तीफा दे दिया था। लंबे कानूनी करियर में नरीमन ने कई ऐतिहासिक मामलों में पैरवी की। भारतीय न्यायपालिक के भीष्म पितामह कहे जाने वाले नरीमन ने कई किताबें भी लिखीं। पद्म भूषण और पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। राज्यसभा के सदस्य भी रहे।

# गगनयान के मानव मिशन के लिए क्रायोजेनिक इंजन परीक्षण में सफल

बेंगलुरु, एजेंसी

- इसरो की बड़ी उपलब्धि : कठिन परीक्षण में इंजन की क्षमता का पता लगाया गया

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का 'सीई-20 क्रायोजेनिक इंजन' अंतरिक्ष यात्री वाले गगनयान मिशन के लिए अंतिम परीक्षणों में सफल साबित हुआ है। इसे इसरो के लिए एक बड़ी उपलब्धि के तौर पर देखा जा रहा है। क्रायोजेनिक इंजन, गगनयान मानव अंतरिक्ष मिशन के लिए एलवीएम प्रक्षेपणयान के 'क्रायोजेनिक चरण' को शक्ति प्रदान करता है। अंतरिक्ष एजेंसी ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि इसरो का सीई-20 क्रायोजेनिक इंजन मानव मिशन के लिए अंतिम परीक्षणों में सफल रहा। इसने कहा कि कठिन परीक्षण से इंजन की क्षमता का पता चलता है।



इसरो के मुताबिक, पहली मानव रहित उड़ान 'एलवीएम3 जी1' के लिए पहचाना गया सीई-20 इंजन आवश्यक परीक्षणों से गुजरा। इसने कहा कि अंतिम परीक्षण उड़ान स्थितियों का जायजा लेने के लिए 'इसरो प्रोपल्शन कॉम्प्लेक्स' महेंद्रगिरि में 13 फरवरी को किया गया जो इस श्रृंखला का सातवां परीक्षण था। इसरो ने कहा कि गगनयान अभियान के लिए सीई20 इंजन के सभी जमीनी परीक्षण सफलतापूर्वक पूरे कर लिए गए हैं। इसरो ने 2024 की दूसरी तिमाही के लिए संभावित पहले मानवरहित गगनयान (जी1) मिशन के लिए पहचाने गए इस उड़ान इंजन के आवश्यक परीक्षणों को भी सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।

## स्वामी प्रसाद आज दिल्ली में करेंगे नई पार्टी की घोषणा



**लखनऊ।** सपा से इस्तीफा दे चुके पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य 22 फरवरी को दिल्ली में आयोजित रैली में अपनी नई पार्टी की घोषणा करेंगे। रैली की तैयारी को लेकर मौर्य समर्थक बुधवार को तैयारी में जुटे रहे। मौर्य सपा की प्राथमिक सदस्यता व विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे चुके हैं। सूत्रों के अनुसार मौर्य की नई पार्टी राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी की औपचारिक घोषणा होना तय है। पार्टी का झंडा तैयार हो गया है। इस्तीफे के बाद मौर्य ने कहा था कि अब वह खुद की पार्टी के लिए काम करेंगे। इसके लिए उनके समर्थक सक्रिय हो गए हैं। सूत्रों ने बताया कि दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी का प्रतिनिधि सम्मेलन के कार्यक्रम में स्वामी प्रसाद मौर्य मुख्य अतिथि होंगे। उत्तर प्रदेश समेत बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गुजरात आदि राज्यों के कार्यकताओं के अलावा इन राज्यों के विधायकों व पूर्व मंत्रियों के शामिल होने की भी संभावना है। सम्मेलन के जरिये पूर्व मंत्री दूसरे दलों को अपनी राजनीतिक ताकत का एहसास कराएंगे।

# जायसवाल आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष 20 में

## इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में लगातार दोहरे शतक जड़कर 14 पायदान की छलांग से 15वें स्थान पहुंचे

दुबई, एजेंसी

युवा भारतीय बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल इंग्लैंड के खिलाफ चल रही श्रृंखला में लगातार दोहरे शतक जड़कर 14 पायदान की छलांग से आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष 20 में पहुंच गये। वह अभी बल्लेबाजी रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज हैं। जायसवाल लगातार दो टेस्ट में दोहरे शतक जड़ने वाले सात क्रिकेटरों की जमात में शामिल हो गए।

जायसवाल इस तरह विनोद कांबली और विराट कोहली के बाद लगातार दो टेस्ट शतक जड़ने वाले तीसरे भारतीय हैं। जायसवाल ने विशाखापत्तनम में





दूसरे टेस्ट में पहली पारी में 209 रन जड़े। फिर राजकोट में दूसरी पारी में नाबाद 214 रन की पारी खेलकर उन्होंने भारत को इंग्लैंड पर 434 रन की बड़ी जीत दिलाई, जिससे घरेलू टीम ने श्रृंखला में 2-1 से बढ़त बना ली। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कहा कि राजकोट में 'प्लेयर ऑफ द मैच' रहे रविंद्र जडेजा भी पहली पारी में 112 रन की शतकीय पारी की बदौलत बल्लेबाजी रैंकिंग में 41वें से 34वें स्थान पर पहुंच गए। जडेजा ने मैच में 7 विकेट झटके थे, जिससे वह गेंदबाजी रैंकिंग में 3 पायदान के फायदे से छठे स्थान पर पहुंच गये। राजकोट में 500 टेस्ट विकेट के क्लब में शामिल हुए अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन एक पायदान ऊपर चढ़कर तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गये।

जडेजा और अश्विन टेस्ट आल राउंडर रैंकिंग में पहले दो स्थानों पर कायम हैं। जडेजा ने आल राउंडर सूची में 416 से 469 की करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग से अपना स्थान मजबूत किया। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा बल्लेबाजी रैंकिंग में एक पायदान के फायदे से 12वें स्थान पर पहुंच गए। उन्होंने राजकोट में पहली पारी में 131 रन बनाए थे। शुभमन गिल (91) 3 पायदान के लाभ से 35वें स्थान पर पहुंच गए। सरफराज खान और ध्रुव जुरेल ने रैंकिंग में 75वें और 100वें स्थान से प्रवेश किया। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली श्रृंखला में नहीं खेल रहे हैं लेकिन वह सातवें स्थान पर हैं। इंग्लैंड बेन डकेट पहली पारी में 153 रन की मदद से 12 पायदान के फायदे से 13वें स्थान पर पहुंचने में सफल रहे। न्यूजीलैंड के केन वेलियमसन ने बल्लेबाजी रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान मजबूत किया। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शतक जड़ा था जिससे वह सात टेस्ट में सातवें सैकड़े से अरविंद डा सिल्वा, मोहम्मद युसूफ और क्लाइड वालकॉट के साथ यह उपलब्धि हासिल करने वाले खिलाड़ियों की जमात में शामिल हो गये।

# खराब फॉर्म में चल रहे बेयरस्टो को बाहर करने की कुक ने दी सलाह

लंदन, एजेंसी





इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलिस्टर कुक ने भारत के खिलाफ रांची टेस्ट से विकेटकीपर बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो को टीम से बाहर रखने की सलाह दी जो अभी तक श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं। बेयरस्टो का भारत के खिलाफ श्रृंखला में प्रदर्शन काफी खराब रहा है। वह छह पारियों में शून्य, चार, 25, 26, 37 और 10 का स्कोर ही बना सके हैं, वहीं उनका औसत भी 17.00 रहा है। कुक ने कहा, मैं खिलाड़ी के हित के लिए उसे बल्लेबाजी लाइन अप से बाहर करने की बात कह रहा हूं क्योंकि मुझे लगता है कि अभी तक भारत का दौरा उसके लिए मुश्किल रहा है। उन्होंने कहा कि मैं यह नहीं कह रहा हूं कि वह फिर कभी टेस्ट क्रिकेट नहीं खेलेगा, लेकिन अच्छा है कि ऐसे किसी खिलाड़ी को उतारा जाये जो अभी तक इस श्रृंखला में नहीं खेला हो। कुक ने बेयरस्टो की जगह डैन लारेंस को शामिल करने की बात कही। उन्होंने कहा कि जब आप रन नहीं जुटा रहे हो तो कुछ गेंदबाज आपके खिलाफ दबाव बनाकर लय बना लेते हैं इसलिए मैं डैन लारेंस को मौका दूंगा, लेकिन एक अन्य पूर्व कप्तान माइकल एथरटन को लगता है कि इंग्लैंड टीम प्रबंधन बेयरस्टो का समर्थन करना जारी रखेगा। एथरटन ने कहा कि बेयरस्टो इस श्रृंखला में अहम रहा है इसलिए मुझे नहीं लगता कि इस अहम मौके पर उसे छोड़ देंगे।

## खेल डायरी

### शीर्ष 100 से बाहर हुए सुमित नागल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के चोटी के एकल खिलाड़ी सुमित नागल 16 अंक गंवाने के कारण विश्व रैंकिंग में शीर्ष 100 से बाहर हो गए हैं। नागल एटीपी की नवीनतम विश्व रैंकिंग में तीन पायदान नीचे 101वें स्थान पर खिसक गए हैं। पिछले साल इसी सप्ताह नागल ने एक क्वालीफायर के रूप में चेन्नई चैलेंजर के सेमीफाइनल में पहुंचने के कारण 41 अंक हासिल किए थे। नागल को इन अंकों का बचाव करना था लेकिन वह पिछले सप्ताह बेंगलुरु ओपन में केवल 25 अंक ही हासिल कर पाए। नागल ने इस साल चेन्नई ओपन का खिताब जीतकर शीर्ष 100 में जगह बनाने वाले भारत के कुछ खिलाड़ियों में अपना नाम लिखवाया था। नागल अभी पुणे चैलेंजर में खेल रहे हैं। एकल में भारत के दूसरे सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन हैं जो 42 पायदान की लंबी छलांग लगाकर 420वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उनके बाद शशि कुमार मुकुंद (457), एसडी प्रज्वल देव (595) और दिग्विजय प्रताप सिंह (623) का नंबर आता है। रोहन बोपन्ना युगल में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी बने हुए हैं।

### टखने की चोट से रियो ओपन से हटे अल्कराज़

**रियो डी जनेरियो।** दो बार के ग्रैंड स्लैम विजेता कार्लोस अल्कराज टखने की चोट के कारण रियो ओपन टेनिस टूर्नामेंट से हट गए हैं। पहले सेट में जब स्कोर 1-1 से बराबरी पर था तब अल्कराज को कोर्ट छोड़ना पड़ा। इससे ब्राजील के थियागो मोंटेइरो दूसरे दौर में पहुंच गए। क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए उनका मुकाबला हमवतन फेलिप मेलिगेनी अल्वेस से होगा। पहले गेम के शुरू में ही अल्कराज का टखना मुड़ गया लेकिन इसके बावजूद उन्होंने मोंटेइरो की सर्विस तोड़ी। ब्राजील के खिलाड़ी ने हालांकि अगले गेम में हिसाब बराबर कर दिया। इसके बाद अल्कराज़ ने मोंटेइरो से हाथ मिलाया और कोर्ट से बाहर चले गए।

### अमेरिका महिला फुटबॉल टीम 5-0 से जीती

**कार्सन (अमेरिका)।** ओलिविया मोल्ट्री के किए गए दो गोल की मदद से अमेरिका की महिला फुटबाल टीम ने शुरूआती कोंकाकाफ (उत्तरी, मध्य अमेरिका और कैरेबियाई देशों के फुटबॉल संघ का परिसंघ) महिला गोल्ड कप टूर्नामेंट के मैच में डोमिनिक गणराज्य को 5-0 से शिकस्त दी। ओलिविया (18 वर्ष) ने राष्ट्रीय टीम के लिए अपना तीसरा मैच खेलते हुए मंगलवार की रात सातवें मिनट में और 58वें मिनट में दो गोल किए। अमेरिका के लिए अन्य तीन गोल लिन विलियम्स ने 30वें, जेना निग्सवोंगर ने 86वें और एलेक्स मोर्गन ने 90+2वें मिनट में किए। टूर्नामेंट में चार चार टीम के तीन ग्रुप हैं।

### डब्ल्यूटीटी टीम चैंपियनशिप: भारतीय टीमें प्री क्वार्टरफाइनल में



**बुसान (दक्षिण कोरिया)।** हरमीत देसाई के निर्णायक पांचवां मैच जीतने से भारतीय पुरुष टीम बुधवार को प्री क्वार्टरफाइनल में पहुंच गयी जबकि महिला टीम ने 3-0 की आसान जीत से विश्व टेबल टेनिस टीम चैंपियनशिप के अंतिम 16 चरण में प्रवेश किया। पुरुष टीम को कजाखस्तान को 3-2 से हराने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी लेकिन महिला टीम ने इटली को आसानी से 3-0 से शिकस्त देकर अगले दौर में प्रवेश किया। पुरुष टीम अब मजबूत दक्षिण कोरिया से भिड़ेगी जबकि महिला टीम का सामना बुधवार को चीनी ताइपे से होगा। हरमीत पहले मैच में किरिल गेरासिमेंको से 2-3 से हार गए जिसके बाद सीनियर साथी और राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता शरत कमल ने अलान कुरमांगालियेव से दो गेम पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 3-2 से हराकर भारत को बराबरी पर ला दिया। जी साथियान ने फिर 3-1 की आसान जीत से भारत को 2-1 से आगे कर दिया। शरत कमल हालांकि अपना दूसरा एकल मैच में किरिल से 1-3 से हार गये। निर्णायक मैच में हरमीत ने संयम बनाये रखा और 3-1 की जीत से पुरुष टीम को प्री क्वार्टरफाइनल में पहुंचा दिया। महिला वर्ग में श्रीजा अकुला ने निकोलेटा स्टेफानोवा को 3-0 से, मनिका बत्रा ने जियोर्जिया पिकोलीन को 3-0 से और अयहिका मुखर्जी ने गाइया मोनाफार्डिनी को 3-1 से हरा दिया जिससे टीम ने अंतिम 16 में प्रवेश किया।

# तेज गेंदबाजों ने इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में अंतर पैदा किया: गिल

## 4 स्पिनरों ने 3 टेस्ट में 36 तो तेज गेंदबाजों ने 22 विकेट लिए

रांची, एजेंसी

शीर्ष क्रम के बल्लेबाज शुभमन गिल का मानना है कि भले ही पिचें भारतीय तेज गेंदबाजों के पूरी तरह से पक्ष में नहीं रही हों लेकिन महत्वपूर्ण मौकों पर विकेट झटकने की उनकी काबिलियत ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में काफी अंतर पैदा किया।

आर अश्विन (11 विकेट), रविंद्र जडेजा (12), कुलदीप यादव (8) और अक्षर पटेल (5) इन सभी 4 स्पिनरों ने मिलकर तीन टेस्ट में 36 विकेट चटकाए हैं लेकिन भारतीय तेज गेंदबाज अभी तक 22 विकेट हासिल कर पाउहैं। गिल ने कहा कि तेज गेंदबाजों ने परिस्थितियों के अनुसार अच्छी गेंदबाजी कर टीम को आगे बनाए रखा। गिल ने शुक्रवार से शुरू होने वाले चौथे टेस्ट से पहले आयोजित मीडिया बातचीत के दौरान कहा कि हम भारत में जहां खेलें, विकेट स्पिनरों को थोड़ा मदद करते हैं। एश (अश्विन) भाई और जड्डू (जडेजा) भाई वैसे भी विकेट ले हीं



### उम्मीदों पर खरा नहीं उतरने से मुझे निराशा हुई: गिल

शुभमन गिल के सामने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से पहले कुछ चुनौतियां थी, जिनमें फॉर्म में वापसी करना भी शामिल था क्योंकि अपनी उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाने से वह निराश थे। गिल के लिए तीसरे नंबर पर उतरना नया अनुभव था। उन्होंने इस नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए अभी तक 5 मैच की श्रृंखला के पहले 3 मैच में 252 रन बनाए हैं, जिसमें विशाखापत्तनम में खेली गई 104 रन की पारी और राजकोट में बनाए गए 91 रन भी शामिल हैं।

लेंगे लेकिन हमारे तेज गेंदबाजों ने गेंदबाजी की है, उससे इस श्रृंखला में अंतर पैदा हुआ है। भारत हालांकि रांची टेस्ट में जसप्रीत बुमराह के बिना होगा क्योंकि इस मुख्य तेज गेंदबाज को कार्यभार प्रबंधन के अंतर्गत आराम दिया गया है। उन्होंने अभी तक तीन टेस्ट में 17 विकेट झटके हैं और भारतीय गेंदबाजों में शीर्ष पर चल रहे हैं। लेकिन गिल ने कहा कि अन्य तेज गेंदबाजों को पास भी इन हालात का काफी अनुभव है जिससे वे प्रभाव डाल सकते हैं जिसके लिए उन्होंने मोहम्मद सिराज का उदाहरण दिया जिन्होंने राजकोट में चार विकेट झटके थे।

गिल ने कहा कि जैसा कि मैंने विराट भाई के बारे में कहा है, अगर 'बूम' भाई जैसा गेंदबाज नहीं खेल रहा है तो किसी भी टीम को उसकी कमी खलेगी, विशेषकर तब जब वह हमारे तेज गेंदबाजी आक्रमण का अगुआ हो। लेकिन अगर आप देखें तो सिराज ने पिछले मैच में अहम मौके पर 4 विकेट लिए थे।

उन्होंने कहा कि इसलिए मुझे लगता है कि सभी तेज गेंदबाजों के पास भारतीय परिस्थितियों का काफी अनुभव है, विशेषकर रिवर्स स्विंग गेंदबाजी का। गिल ने कहा कि कोहली और बुमराह जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की अनुपस्थिति युवा खिलाड़ियों के लिए बड़े मंच पर अपनी काबिलियत साबित करने का बेहतरीन मौका है। उन्होंने सरफराज खान का उदाहरण दिया जिन्होंने राजकोट में पदार्पण टेस्ट में दो अर्धशतक जमाए। गिल ने कहा कि विराट भाई तीन टेस्ट से हमारे साथ नहीं हैं, उनकी अनुपस्थिति से असर पड़ता है। मुझे लगता है कि सरफराज ने अच्छा खेल दिखाया। इसलिये मुझे लगता है कि खिलाड़ी मिले मौकों का अच्छा फायदा उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवा खिलाड़ियों को विराट या बुमराह के नहीं होने से मौका मिला।

यशस्वी जायसवाल ऐसे ही खिलाड़ियों में से एक हैं जिसने मिले मौके का पूरा फायदा उठाया। जायसवाल पारी का आगाज करते हुए अब तक 546 रन बना चुके हैं जिसमें लगातार दो दोहरे शतक शामिल हैं।

# रांची की पिच पर मुकाबला बराबरी का होगा: पोप

रांची, एजेंसी

इंग्लैंड के उप कप्तान ओली पोप ने बुधवार को कहा कि चौथे टेस्ट में 'टर्न' लेती पिच से उन्हें कोई परेशानी नहीं होगी क्योंकि मुकाबले में शुरू से ही स्पिनरों को मदद मिलने से मुकाबला बराबरी का हो जाएगा। हैदराबाद, विशाखापत्तनम और राजकोट में सभी टेस्ट में 'स्पोर्टिंग पिच' (जिसमें स्पिनरों और तेज गेंदबाजों तथा बल्लेबाजों को मदद मिले) थीं जो मुख्य रूप से स्पिनरों के लिए मुफीद नहीं थी बल्कि इसमें सभी के लिए कुछ न कुछ मौजूद था।

पोप ने कहा, अगर यह पहली गेंद से स्पिन होती है तो इससे टॉस की भूमिका महत्वहीन हो जायेगी। इससे मैदान पर बराबरी की टक्कर होगी। कई दफा शुरू में विकेट सपाट होता है लेकिन फिर यह खराब होने लगता है। हमने पहले बल्लेबाजी करते हुए पहला टेस्ट जीता। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पिछले दो टेस्ट जीते। अगर आप थोड़े सपाट विकेट पर पहले बल्लेबाजी करते हैं तो इससे नतीजा तय नहीं होता लेकिन इससे आपको फायदा मिलता है। हैदराबाद में इंग्लैंड के नायकों में एक पोप को लगता है कि जिस

- **हैदराबाद, विशाखापत्तनम और राजकोट में 'स्पोर्टिंग पिच'**



विकेट पर अच्छा टर्न मिलेगा, इससे उन्हें विकेट झटकने के विकल्प मिल जाएगे। उन्होंने कहा, हम जैसी उम्मीद लगाए हैं, अगर यह थोड़ा इसी तरह बर्ताव करेगा तो हमारा मैच में पलड़ा भारी होगा। हमारे पास कुछ युवा स्पिनर हैं, उन्होंने अच्छी पिचों पर अच्छी गेंदबाजी की है। इससे निश्चित रूप से हमें विकेट झटकने के मौके मिलेंगे।

उन्होंने सपाट पिच पर अच्छा काम किया है। पोप ने भारतीय स्पिनरों के असर को कम करने के लिए स्वीप शॉट का सहारा लिया था और 196 रन की पारी खेली, जिससे इंग्लैंड ने श्रृंखला के शुरूआती मैच में जीत हासिल की थी। उन्होंने कहा हमने महसूस किया कि जडेजा, अश्विन और कुलदीप स्पिन लेती पिचों पर किस तरह का खतरा पैदा कर सकते हैं। पोप ने कहा, हमारा सर्वश्रेष्ठ प्रयास उन्हें दबाव में बनाये रखना होगा जैसा हमने हैदराबाद में दूसरी पारी में किया था। अगर पिच वैसे स्पिन करती है तो टेस्ट से पहले हमारा काफी मनोबल बढ़ा होगा।

# रांची टेस्ट मैच के दौरान फिर से धोनी से मिलना चाहते हैं जुरेल

रांची, एजेंसी



युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल शुक्रवार से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाले चौथे टेस्ट के दौरान फिर से करिश्माई पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से मिलने की तमन्ना रखते हैं। राजकोट में भारत की पहली पारी में 46 रन बनाकर शानदार पदार्पण करने वाले जुरेल 2021 में राजस्थान रॉयल्स के लिए आईपीएल में अपने पहले वर्ष के दौरान केवल एक बार धोनी से मिले हैं। लेकिन यह विकेटकीपर फिर से धोनी से मिलकर उनसे ज्यादा से ज्यादा चीजें सीखना चाहता है। जुरेल ने कहा कि माही भाई से मिलना मेरा सपना है। पिछली बार मैं आईपीएल में उनसे मिला था लेकिन मैं भारतीय जर्सी में उनसे मिलना चाहता हूं। जब भी मैंने उनसे बात की है, मुझे कुछ चीजें सीखने को ही मिली हैं जिससे मुझे मेरे क्रिकेट में काफी मदद मिली। उन्होंने कहा कि मैं रांची में माही भाई से मिलने और उनसे बात करने की कोशिश करूंगा। जुरेल ने कहा कि मैं खड़े होकर उन्हें देख रहा था कि क्या धोनी मेरे सामने खड़े हैं।

# भारतीय महिला टीम ने एस्तोनिया को हराया

अलान्या (तुर्की), एजेंसी

भारतीय फुटबॉल टीम ने स्ट्राइकर मनीषा कल्याण के दो गोल के दम पर बुधवार को तुर्की महिला कप में एस्तोनिया को कड़े मुकाबले में 4-3 से शिकस्त दी जो उसकी किसी यूरोपीय देश के खिलाफ पहली जीत है। चाओबा देवी की कोचिंग वाली टीम ने इतिहास रच दिया क्योंकि भारत की सीनियर महिला फुटबॉल टीम ने कभी भी यूएफा परिसंघ की टीम के खिलाफ आधिकारिक मुकाबले में जीत दर्ज नहीं की थी।



पहले हाफ के बाद दोनों टीमें 1-1 से बराबरी पर चल रही थीं। मनीषा ने 17वें और 81वें मिनट में दो गोल दागे जबकि इंदुमति काथिरेसन (62वें मिनट) और प्यारी खाका (79वें मिनट) ने भारत के लिए अन्य गोल दागे। एस्तोनिया की ओर से लिसेटे तामिक ने 32वें मिनट, व्लाडा कुबासोवा ने 88वें मिनट और मारी लिस लिलेमाए ने 90वें मिनट में गोल किये। मैच में भारतीय टीम की शुरूआत काफी अच्छी रही जिसने मनीषा के गोल से बढ़त हासिल की। एस्तोनिया ने हालांकि तामिक के गोल से स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। लेकिन इंदुमति, खाका और मनीषा ने स्कोर 4-1 कर दिया जिससे लग रहा था कि भारतीय टीम बड़े अंतर से जीत हासिल करेगी। लेकिन मैच के अंतिम छोर में व्लाडा ने 88वें मिनट में और मैरी ने 90वें मिनट में गोल दाग दिये। पर भारतीय डिफेंस ने मैच के दौरान शानदार प्रदर्शन किया और भारत ने यादगार जीत दर्ज की। भारत ने जवाबी हमले से एस्तोनिया पर हमले करने के इरादे से शुरूआत की जिसके लिए उसने अपनी तेज विंगर का इस्तेमाल किया और प्रतिद्वंद्वी टीम को बॉक्स के करीब जाने दिया।

# बॉलीवुड हलचल

## फ़िल्म 'सबपे भारी जनेऊ धारी' रिलीज




**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा के निर्माता-निर्देशक अजय सिन्हा की भोजपुरी फिल्म 'सबपे भारी जनेऊ धारी' रिलीज हो गई है। अजय ने कहा कि हमने एक शानदार फिल्म बनाई थी, जो दर्शकों को पसंद आ रही है। सेंसर बोर्ड ने फिल्म से कई सीन कटवाए, बावजूद रिलीज के बाद इसका कोई असर फिल्म पर नहीं दिख रहा है। लोग फिल्म को पसंद कर रहे हैं। यह हमारे लिए शानदार खबर है और हम दर्शकों को धन्यवाद देते हैं कि आपको हमारी फिल्म पसंद आ रही है। मैं दर्शकों से ये ही आग्रह करूंगा कि जिन्होंने फिल्म देख ली है, वो आगे भी अपने दोस्तों और परिजनों को फिल्म देखने के लिए प्रेरित करें। इस फिल्म में कहानी और संवाद के साथ गीत संगीत भी आपके मन को मंत्रमुग्ध करने वाले हैं और साथ ही एक सार्थक संदेश भी है, जो युवा पीढ़ियों के लिए आवश्यक है।

### आर्टिकल 360 के लिए यामी सीख रहीं हथियार चलाना



अभिनेत्री यामी गौतम आर्टिकल 360 में एक खुफिया अधिकारी की भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वह फिल्म में अपने प्रदर्शन को काफी तैयारी कर रही हैं। अपनी बहुमुखी प्रतिभा और अपनी कला के प्रति समर्पण के लिए मशहूर यामी गौतम अपनी आगामी एक्शन-पॉलिटिकल थ्रिलर, आर्टिकल 360 के साथ पूरी तरह से नई रोशनी में अपना कौशल दिखाने के लिए तैयार हो रही हैं। अपने परिवर्तनकारी प्रदर्शन के लिए जानी जाने वाली अभिनेत्री ने गहन तैयारी शुरू कर दी है। अपने चरित्र में प्रामाणिकता और गहराई लाने की खोज में यामी गौतम ने सैन्य सलाहकार लेफ्टिनेंट कर्नल केशवेंद्र सिंह (सेवानिवृत्त) और हथियार प्रशिक्षण प्रशिक्षक, भूषण वर्तक (एनएसजी) के साथ कई हफ्तों तक 1.5 से 2 घंटे का कठोर प्रशिक्षण सत्र समर्पित किया, जिससे उन्हें निखारा जा सके। बॉम्बे और दिल्ली दोनों में अभ्यास हॉल में शारीरिक और युद्ध कौशल। उन्होंने राइफल शूटिंग, युद्ध तकनीकों की बारीकियों को गहराई से समझा, यह सुनिश्चित किया कि हर पंच, किक और चाल स्क्रीन पर प्रामाणिकता और सटीकता के साथ गूंजती है।

## लवली का 'गलिया प रंगवा लगईता' जारी



**मुंबई, एजेंसी।** वर्ल्डवाइड रिकाड्‌र्स से गोल्डी यादव और लवली काजल का नया होली गीत 'गलिया प रंगवा लगईता' रिलीज किया गया है। गाने में लवली काजल होली के त्योहार में मदमस्त होकर नाच रही हैं। वही अपनी सहेलियों से अपने पिया के बारे में चर्चा कर रही हैं। गाने में लवली काजल कहती है कि सरधा ई बाटे कि हमरा हो हाथे, दूध में से पुआ तू त खइता, होलिया में पिया मोर अइता, आके होलिया में रंगवा लगइता। वर्ल्डवाइड रिकाड्‌र्स भोजपुरी प्रस्तुत होली गीत गलिया प रंगवा लगईता को गोल्डी यादव ने गाया है। वही इसमें लवली काजल ने परफॉर्म किया है। इस गाने के गीतकार मुकेश मिश्रा हैं। गाने का संगीत विक्की बॉक्स ने दिया है। गाने का निर्माण निर्माता रत्नाकर कुमार ने किया है। इसके निर्देशक सुनील बाबा हैं। कोरियोग्राफ गोल्डी, सनी, एडिटर आलोक यादव, डीआई रोहित सिंह, मिक्स मास्टर अंकित अहीर ने किया है। गाने के राइट्स वर्ल्डवाइड रिकाड्‌र्स के पास हैं।

### नमस्ते सासू जी का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** मैड्ज मूवी प्रस्तुत, वर्ल्डवाइड प्रोडक्शन की भोजपुरी फिल्म नमस्ते सासू जी का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इसमें यामिनी सिंह मुख्य भूमिका में है और उनके साथ गौरव झा और देव सिंह भी हैं। इसका ट्रेलर इंटर 10 रंगीला पर रिलीज हुआ है। निर्माता प्रदीप सिंह, समीर आफताब, विनय सिंह, मोनिका सिंह और प्रतीक सिंह हैं और निर्देशक काली प्रसाद सिंह हैं।

## शाहरूख को जवान के लिए मिला 'दादा साहब फाल्के अवॉर्ड'



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान को फिल्म जवान के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का 'दादा साहब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड' दिया गया। नयनतारा को फिल्म जवान के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का दादा साहब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड दिया गया। वहीं सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (निगेटिव रोल) - बॉबी देओल (एनिमल के लिए), सर्वश्रेष्ठ निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा (एनिमल के लिए), सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (क्रिटिक्स कैटेगरी में) विकी कौशल (सैम बहादुर के लिए) दादा साहब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड से सम्मानित किए गए। शाहरुख खान ने कहा कि कई सालों से मुझे बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड नहीं मिला था। मुझे लगने लगा था कि अब यह अवॉर्ड मुझे नहीं मिलेगा। मैं इस अवॉर्ड को पाकर बहुत खुश हूं, मुझे अवॉर्ड पाकर हमेशा ही अच्छा लगता है। ट्रॉफीज मुझे आकर्षित करती हैं। मैंने लोगों का मनोरंजन करने की कोशिश की है। अब मुझे लगता है कि मेरी मेहनत रंग लाई है। मैं जवान देखने वाले दर्शकों का भी शुक्रिया करता हूं।

### विक्की ने अवार्ड सेना को किया समर्पित



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेता विक्की कौशल ने दादा साहब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवार्ड सेना को समर्पित किया है। विक्की कौशल ने फिल्म 'सैम बहादुर' में अपने किरदार के लिए बेस्ट एक्टर (क्रिटिक्स) का पुरस्कार पाया है। विक्की कौशल इस अवॉर्ड को लेने के लिए खुद नहीं जा सके, ऐसे में उन्होंने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर किया है। वीडियो में विक्की ने कहा, सैम बहादुर में मेरे काम के लिए मुझे बेस्ट एक्टर (क्रिटिक्स) के अवार्ड से सम्मानित करने के लिए दादा साहब फाल्के पुरस्कार की जूरी को धन्यवाद। क्षमा करें, कुछ कारणों से मुझे मुंबई से बाहर यात्रा करनी पड़ी, मैं कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पा रहा हूं, लेकिन धन्यवाद; यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। यह बड़ा सम्मान है, और मैं निर्देशक मेघना गुलजार, निर्माता रोनी स्क्रूवाला और 'सैम बहादुर' की टीम (जिसमें सभी तकनीशियन, लेखक और मेरे सह-अभिनेता हैं) के प्रति आभार व्यक्त करना चाहता हूं, जिनके समर्थन ने मुझे सक्षम बनाया, जिनकी वजह से मैं बेस्ट दे पाया।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

## एक नजर

### हादसे में होमगार्ड के पुत्र की मौत

रानीबाजार, अयोध्या। पूराकलंदर थाना क्षेत्र के रानीबाजार में मंगलवार रात एक सड़क हादसे में होमगार्ड के युवा पुत्र की मौत हो गई। कंदैला के निवासी होमगार्ड हृदयराम यादव का पुत्र राहुल यादव (24)अपने मामा के यहां जन्मदिन समारोह में गया था। वो मंगलवार को बाइक से लौट रहा था। बाजार में स्थित जूनियर हाईस्कूल के सामने डिवाइडर से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिवार के लोग जिला अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

### टीबी व एचआईवी के लक्षणों की दी जानकारी

अयोध्या। जिला चिकित्सालय के सहयोग से मीरपुर काटा में सामान्य स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ. संदीप कुमार शुक्ला व डॉ. अकरम ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में आम जन मानस को टीबी, एचआईवी व सिफलिस के लक्षण और इसके निदान के बारे में जानकारी दी गई। सामान्य जांच, ब्लडप्रेशर की जांच आदि के साथ सिफलिस हेपेटाइटिस बी व सी एवं एचआईवी की जांच की गई।

### भीड़ वाले स्थानों से हटाएं छुट्टा पशु : डीएम

अयोध्या। चंद्र दर्शन के अनुसार 25/26 फरवरी को शब-ए-बारात का पर्व परंपरागत रूप से मनाया जाना संभावित है। इस अवसर पर मुस्लिम सम्प्रदाय के लोगों द्वारा रात्रि में अपने-अपने घरों, कब्रिस्तानों, मस्जिदों एवं मजारों में रोशनी की जाती है। मस्जिदों में नमाज कुरानखानी की जाती है। डीएम नितीश कुमार ने बुधवार को नगर निकाय, पंचायती राज विभाग व पशु चिकित्सा विभाग को टीम गठित कर सभी भीड़-भाड़ वाले स्थलों/समारोहों/जूलूसों के मार्गों से निराश्रित/छुट्टा पशुओं के पकड़ने/हटवाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि समस्त उप जिला मजिस्ट्रेट, अपने-अपने तहसील के सम्पूर्ण क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने व संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष ध्यान रखने के लिए उत्तरदायी होंगे।

# यूपी बोर्ड की परीक्षाएं आज से, 82076 छात्र होंगे शामिल

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) द्वारा संचालित हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं गुरुवार से बोर्ड की त्रिस्तरीय निगरानी और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हो रहीं हैं। जिले में बनाए गए 116 केंद्रों पर हाईस्कूल के 43131 और इंटर के 38945 कुल 82076 परीक्षार्थी शामिल होंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश कुमार आर्या ने बताया कि बोर्ड परीक्षा को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर लीं गईं हैं। सभी 116 परीक्षा केंद्र सीधी निगरानी में हैं। बोर्ड की ओर से जारी गाइडलाइन के मुताबिक परीक्षा कराई जाएगी। कहीं भी गड़बड़ी मिलती है तो तत्काल कार्रवाई की जाएगी।


डॉ. राजेश कुमार आर्या, जिला विद्यालय निरीक्षक, अयोध्या

**व्यवस्थाओं पर एक नजर:** 116 परीक्षा केंद्र | 15 अति संवेदनशील | 22 संवेदनशील केंद्र | 05 जोनल मजिस्ट्रेट | 11 सेक्टर मजिस्ट्रेट | 116 स्टैटिक मजिस्ट्रेट | 35 आरक्षित सेक्टर मजिस्ट्रेट

## कंट्रोल रूम.. प्लीज चेक, इन केंद्रों के स्ट्रांग रूम के कैमरे क्यों बंद हैं?

कमर अब्बास, अयोध्या

- मॉनीटरिंग सेल रिपोर्ट दें आपके जिले के सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे चल रहे हैं या बंद हैं?
- डीआईओएस महोदय आपके ऑफिस में मोबाइल कंट्रोल रूम सेटअप हो गया हो तो फोटो भेजें

**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद की आज से शुरू होने वाली परीक्षा को लेकर बुधवार को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से लेकर वेबकास्टिंग मॉनीटरिंग सेल और परीक्षा केंद्रों पर निगरानी के इंतजाम दुरुस्त किए गए। माध्यमिक शिक्षा परिषद के क्षेत्रीय कार्यालय वाराणसी, प्रयागराज और कैंप कार्यालय लखनऊ से पल-पल की रिपोर्ट ली जाती रही। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश कुमार आर्या एक मोबाइल उठाते तो दूसरा बजने लगता। बोर्ड परीक्षा की तैयारी को लेकर बुधवार को 'अमृत विचार' की ओर परीक्षा केंद्रों के साथ मॉनीटरिंग सेल और जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय की लाइव रिपोर्टिंग की गई। पेश हैं रिपोर्ट के प्रमुख अंश -

### मंडल और जिला स्तरीय सचल दल

जिला स्तरीय सचल दल में जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश कुमार आर्या, वित्त एवं लेखाधिकारी वीरेश कुमार आर्या, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय, राजकीय इंटर कॉलेज रुदौली प्रधानाचार्य आफरीन फातिमा, प्रधानाध्यापक डॉ. बंसत कुमार और रामजी राम शामिल हैं। मंडल स्तरीय सचल दल में संयुक्त शिक्षा निदेशक सतीश सिंह, उप शिक्षा निदेशक आनंदकर पांडेय, उप निरीक्षक संस्कृत पाठशाला मनीष ओझा शामिल हैं।

### समय 10:30 बजे, आदर्श इंटर कॉलेज, धारा रोड


आदर्श इंटर कॉलेज में बुधवार को कक्ष का निरीक्षण करते प्रधानाचार्य।



आदर्श इंटर कॉलेज का स्ट्रांग रूम।

मुख्य प्रवेश द्वार पर परीक्षार्थियों की लाइन के लिए दो मेज लगा दी गईं, शिक्षक और कर्मचारी इधर से उधर दौड़ भाग करते दिखे। प्रधानाचार्य वरुण प्रताप सिंह खुद व्यवस्था में लगे थे। पूछा कैसे कहां से, परिचय पर बोले यहां सब दुरुस्त है। 15 कक्षों में हाईस्कूल के 446 और इंटर के 457 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। स्ट्रांग रूम की ओर ले गए, बोले देखिए कल प्रश्न पत्रों के आते ही डबल लॉक में रखवा रूम सील कर दिया गया है। अब गुरुवार को परीक्षा से एक घंटे पूर्व जोनल- सेक्टर मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में ही खुलेगा। बताया मंगलवार को प्रश्नपत्रों के आते ही क्षेत्रीय कार्यालय वाराणसी से फोन आ गया कि स्ट्रांग रूम की रिपोर्ट दें, सील कर दिया गया है? कमरों में सीसीटीवी कैमरे दिखाए और बताया कि सभी क्रियाशील हैं।

### समय 11:30 बजे, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, स्टेशन रोड

प्रधानाचार्य कुसुम लता मिश्रा अपने कक्ष में मौजूद शिक्षिकाओं को निर्देश दें रहीं थीं। सामने दीवार पर बड़ी स्क्रीन पर सभी कक्षों के सीसीटीवी कैमरे से फुटेज दिख रही थी। बोलीं कक्षों की फोटो मत लीजिए, ऊपर से मना हैं। उन्होंने बताया 20 कमरों में हाईस्कूल के 389 और इंटर के 400 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। स्ट्रांग रूम सील है और सभी कमरों में सीसीटीवी संचालित हैं।


राजकीय इंटर कॉलेज में बना वेबकास्टिंग मानीटरिंग रूम। अमृत विचार

### समय 12 बजे : राजकीय इंटर कॉलेज, फतेहगंज रोड

यहां स्थापित वेबकास्टिंग और मॉनीटरिंग सेल। एक बड़ी सी स्क्रीन पर सभी 116 परीक्षा केंद्रों की एक साथ निगरानी और 11 कम्प्यूटर सिस्टम के साथ तैनात कर्मी। दो - दो मिनट पर एक क्लिक पर हर सेंटर का ब्योरा सामने। प्रभारी चंद्रशेखर पटेल ने बताया कि यहां चौबीस घंटे 44 से अधिक कर्मियों की शिफ्टवार ड्यूटी है। बोर्ड परीक्षा तक अनवरत सेल की निगरानी में परीक्षा केंद्र रहेंगे। कहां सीसीटीवी कैमरे काम कर रहे हैं, कहां नहीं, फौरन पता चल जाता है। तत्काल केन्द्राध्यक्ष से रिपोर्ट तलब की जाती है। बताया कंट्रोलिंग की रिपोर्ट हर आधे घंटे पर वाराणसी क्षेत्रीय कार्यालय के साथ-साथ प्रयागराज और लखनऊ कैम्प कार्यालय को दी जा रही है।

### समय 12:30 : जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय


जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में मोबाइल से मानिटरिंग के लिए तैनात शिक्षिकाएं।

जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश कुमार आर्या अपने कक्ष में। अगल-बगल दो मोबाइल, कभी एक बजता तो कभी दूसरा। बोले त्रिस्तरीय निगरानी की जा रही है। सब दुरुस्त है। कहीं कोई अव्यवस्था नहीं। इस बार भी परीक्षा पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ होगी। राजकीय इंटर कॉलेज में कंट्रोल रूम, मेरे यहां मोबाइल मॉनीटरिंग और वाराणसी, प्रयागराज और लखनऊ से सीधी मॉनीटरिंग। बताया सभी तैयारियां पूरी कर ली गईं हैं। सभी केन्द्र व्यवस्थापकों और सहायक व्यवस्थापकों को कड़े निर्देश दिए गए हैं। कहीं गड़बड़ी मिली तो तत्काल कार्रवाई की जाएगी। कार्यालय के एक कक्ष में महिला शिक्षकों को मोबाइल के साथ तैनात किया गया है। यहां वह आने वाली सूचनाओं और शिकायतों को सुनेगीं और कंट्रोल रूम को रिपोर्ट करेगीं।

### पूरा बाजार के छह केन्द्रों पर 4591 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार : क्षेत्र में बनाए गए छह परीक्षा केंद्रों पर 4591 परीक्षार्थी हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा देंगे। पंडित हृदयराम शर्मा पांडेय इंटर कॉलेज सौनैसा रसूलाबाद के केंद्र व्यवस्थापक संजीव चतुर्वेदी ने बताया हाई स्कूल में 524 और इंटर में 474 परीक्षार्थी 14 कक्षा में परीक्षा देंगे। सारी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। श्री चन्द्र बली सिंह इंटर कॉलेज सिरसण्डा के केंद्र व्यवस्थापक अविचल ने बताया कि हाई स्कूल में 332 और इंटर में 139 परीक्षार्थियों की परीक्षा 10 कक्षों में होगी। ग्रामोदय इंटर कॉलेज रामपुर सरधा में हाई स्कूल के 427 इंटर के 480 परीक्षार्थी 13 कक्षों में परीक्षा देंगे। केंद्र व्यवस्थापक पीएम सिंह ने बताया सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त हैं। श्री निर्भय सिंह औद्योगिक इंटर कॉलेज रामपुर सरदा में हाई स्कूल के 447 और इंटर के 537 परीक्षार्थी 14 कक्षों में परीक्षा देंगे। बच्चू लाल इंटर कॉलेज पूरा बाजार में हाई स्कूल के 466 और इंटर के 449 परीक्षार्थी 15 कक्षा में परीक्षा देंगे। केंद्र व्यवस्थापक देवेंद्र सिंह ने बताया बताया सीसीटीवी संचालित है।

### माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा जारी कुछ प्रमुख गाइडलाइन

- प्रधानाचार्य कक्ष से अतिरिक्त सुरक्षित स्ट्रांग रूम हर केंद्र पर।
- प्रश्न पत्रों और अवशेष प्रश्न पत्रों को रखने के लिए दो अलमारी।
- स्ट्रांग रूम की चाभी स्टैटिक मजिस्ट्रेट की अभिरक्षा में।
- 24 घंटे सीसीटीवी कैमरे का संचालन, 30 दिन की डीवीआर रिकॉर्डिंग के निर्देश।
- सीसीटीवी कैमरे और वायस रिकॉर्डर की रोजाना जांच।
- परीक्षा अवधि में कोई भी बाहरी का प्रवेश व फोटो प्रतिबंधित।
- बालिका परीक्षार्थी की तलाशी पुरुष शिक्षक नहीं ले सकते।
- परीक्षार्थियों के जूते-मोजे नहीं उतरवाए जा सकते हैं।
- केन्द्र पर बिजली, पानी, इनवर्टर, जनरेट की व्यवस्था सुनिश्चित रखना।
- कक्ष निरीक्षकों द्वारा मोबाइल आदि का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता।
- शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा दे रहे परीक्षार्थी को भयभीत व अनावश्यक परेशान करना।

### आज पहले दिन इन विषयों की परीक्षा

प्रथम पाली में सुबह आठ से 11:45 बजे तक हाईस्कूल हिंदी व प्रारम्भिक हिंदी, इंटरमीडिएट में सैन्य विज्ञान। द्वितीय पाली में दोपहर 2 बजे से शाम 5:15 बजे तक हाईस्कूल में वाणिज्य और इंटरमीडिएट में हिंदी, सामान्य हिंदी।

### तहसील क्षेत्र में कुल 18 बोर्ड परीक्षा केंद्र बनाए गए

सोहावल, अयोध्या। तहसील के दो ब्लॉक मसौधा और सोहावल को मिला कर 18 परीक्षा केंद्र बनाए गए है। इनमें हर केंद्र पर लगभग एक हजार के आसपास परीक्षार्थी हैं। सोहावल के आरडी इंटर कॉलेज में 414 हाईस्कूल 383 इंटर जबकि जन समाज इंटर कॉलेज में हाईस्कूल के 513, इंटर के 524 परीक्षार्थी हैं। उपजिला अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि परीक्षा में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए है।

# हाईवे पर डीसीएम चालक को बंधक बना लूटा 127 गत्ते पान-मसाला

बड़ागांव अयोध्या

- जाँच में जुटी पुलिस, सीसीटीवी में खंगाला जा रहा सुराग

**अमृत विचार :** लखनऊ रास्ट्रीय राजमार्ग पर रौनाही थाना क्षेत्र में एक डीसीएम चालक को बंधक बना उस पर लदा 127 गत्ता पान-मसला और जर्दा लूट लिये जाने का मामला प्रकाश में आया है। वारदात को दूसरी डीसीएम सवार लोगों ने अंजाम दिया। पुलिस पड़ताल में जुटी है।

एक डीसीएम यूपी 77 एटी 6254 का चालक अभिलाष पान मसाला और जर्दा की खेप अपने वाहन पर लोड कर कानपुर से गोरखपुर जा रहा था। चालक अभिलाष का कहना है कि बाराबंकी के रामसनेहीघाट से मंगलवार मध्य रात्रि के बाद एक डीसीएम सवार लोगों ने उसका पीछा किया। मौसम खराब था और हल्की बरसात हो रही थी। वह रौनाही थाना क्षेत्र के बरई कला गांव के पास पहुंचा तो पीछा कर रहे डीसीएम सवार लोगों ने ओवरटेक कर रोक लिया। उसको बंधक बना लिया। डीसीएम पर लदा पान मसाला और जर्दा के गत्ते अपने डीसीएम पर लादकर गोरखपुर की ओर भाग निकले। इसके बाद उसने मामले की जानकारी पुलिस तथा ट्रांसपोर्टर आदि को दी।

हाईवे पर लूट की खबर के बाद रौनाही और रामसनेहीघाट थाना पुलिस ने पड़ताल शुरू कर दी। आसपास के ढाबों पर लगे सीसीटीवी फुटेज में डीसीएम सुबह पांच बजे के बाद गोरखपुर की ओर जाती दिखी है, लेकिन वहां रजिस्ट्रेशन नंबर नहीं रिकॉर्ड हो पाया। जिसके चलते हाईवे के विभिन्न टोल प्लाजा पर भी पड़ताल कराई। मौके पर बचे माल को पलटी कराने पहुंचे इसी कंपनी के डीसीएम चालक मो. सलमान ने बताया कि एक डीसीएम पर लगभग 225 गत्ता लोड होता है। बदमाश 29 गत्ता जर्दा और 69 गत्ता पान मसाला छोड़ गए हैं, बाकी का माल ले गए हैं। एक गत्ते मसाले की कीमत 40 हजार है।

थाना प्रभारी रौनाही पंकज सिंह ने बताया डीसीएम मलिक को बुला पूछताछ तथा जानकारी ली जा रही है। सीसीटीवी फुटेज से सुराग हासिल किया जा रहा है। प्राथमिक जाँच में चोरी की बात सामने आई है।

## वार्षिक क्रीड़ा समारोह में खिलाड़ियों का हुआ सम्मान

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : राजा मोहन गर्ल्स पीजी कॉलेज में पूर्व प्रबंधक स्व. कुंवर कृष्ण मनूचा की स्मृति में बुधवार को वार्षिक क्रीड़ा समारोह का आयोजन हुआ। क्रीड़ा समारोह में खिलाड़ी छात्राओं ने विभिन्न स्पर्धाओं में खूब बढ़-चढ़ कर बड़े उत्साह से प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता की विजेता व उपविजेता खिलाड़यों को पुरस्कृत किया गया। समारोह का आरंभ महाविद्यालय के प्रबंधक हर्ष कुमार मनूचा व प्राचार्या प्रो. मंजूषा मिश्रा ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया। संचालन कीड़ा समिति की संयोजक डॉ. पूनम शुक्ला ने किया। क्रीड़ा समारोह में खो-खो, शतरंज व कैरम प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। इसमें खो-खो प्रतियोगिता की विजेता टीम में रश्मि, खुशी, पलक, सृष्टि श्रीवास्तव, श्रेया यादव, शालिनी प्रजापति, मंतशा खान व मुस्कान बानो शामिल रहीं। कैरम प्रतियोगिता मे श्रुति वर्मा विजेता व सुभद्रा उपविजेता रहीं। शतरंज मे अदिति निषाद विजेता व सुरभि गौड़ उपविजेता रहीं। सभी विजेता छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। प्राचार्या प्रो. मिश्रा ने खिलाड़ियों को बधाई दी। राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ

# मार्च में शुरू होगा सप्त ऋषियों के मंदिर का निर्माण

अयोध्या कार्यालय

- मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक संपन्न

**अमृत विचार :** राम मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक में बुधवार को अंतिम शिखर बनाए जाने के साथ परिसर में सप्त ऋषियों के मंदिर का निर्माण शुरू करने पर मंथन हुआ। इन कार्यों को मार्च के पहले सप्ताह से शुरू करने की तैयारी है। बैठक से पूर्व समिति के अध्यक्ष ने अंतरराष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय का निरीक्षण किया।

समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने कहा कि दो दिवसीय बैठक में मंदिर के प्रथम तल और तृतीय तल पर बचे कार्यों को तत्काल शुरू करने व परकोटे का निर्माण भी समय से पूरा करने के लक्ष्य पर मंथन हुआ है। अगले 15 दिनों में सप्त ऋषियों के मंदिर का निर्माण शुरू कर दिया जाएगा। एलएनटी और टाटा कंसलटिंग और हमारे सभी ट्रस्ट के लोग एकजुट होकर के प्रयास करेंगे कि मंदिर का निर्माण कार्य को दिसंबर 2024 में पूर्ण हो जाएगा। उन्होंने कहा कि रामकथा संग्रहालय का संचालन जल्द शुरू करने की तैयारी है। इसके स्वरूप को लेकर मंथन हो रहा है, फिर ट्रस्ट के समक्ष रखा जाएगा सहमति मिलते ही काम शुरू हो जाएगा।


रामकथा संग्रहालय का निरीक्षण करते मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र।

ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि परिसर के अंदर जो रखरखाव की व्यवस्था होगी। उसके लिए एक विश्वस्तरीय एजेंसी चयनित करने की जिम्मेदारी टाटा कसंल्टेंसी को सौंपी गई है। बिजली, पानी, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, लिफ्ट आदि का ऑपरेशन व मेंटनेंस करने वाली कौन सी संस्था होगी, इस पर विचार हुआ। वहीं रिजर्व बैंक की संस्था मिंट के साथ ट्रस्ट का अनुबंध हुआ है। दान में मिलने वाली सोना-चांदी व अन्य धातुओं के रखरखाव की जिम्मेदारी ट्रस्ट के निर्देशानुसार मिंट को ही करनी है। ट्रस्टी डॉ.अनिल मिश्र ने बताया कि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से भी एक अनुबंध बुधवार को हुआ है। परिसर में जितने भी दान काउंटर हैं उसके रखरखाव के लिए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को चुना गया है। बैठक में राममंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, राममंदिर के आर्किटेक्ट आशीष सोमपुरा, मंदिर निर्माण प्रभारी गोपाल राव समेत अन्य मौजूद रहे।

## वीडियोग्राफी के बीच ऑपरेशन कर निकाली पैर से गोली

फॉलोअप

- पीछा करने पर बदमाशों ने मारी थी गोली


ऑपरेशन के बाद निकाली गई गोली दिखाते चिकित्सक।

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : पूराकलंदर थाना क्षेत्र के मानापुर मजरे खरकपुर गांव में बदमाशों की गोली का शिकार हुए ठेकेदार संतोष कुमार वर्मा का मंगलवार को जटिल ऑपरेशन हुआ। पुलिस की वीडियोग्राफी के बीच संतोष के पैर में लगी गोली निकाली गई। सर्जन डॉ. आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि ऑपरेशन तो 10 मिनट का ही था, लेकिन जटिलताओं से भरा था। ऑपरेशन के दौरान एनेस्थेटिस्ट डॉ.उत्तम कुमार व असिस्टेंट डॉ. अजय प्रताप सिंह भी मौजूद रहे। ऑपरेशन के बाद ऑर्थो वार्ड में बेड नंबर सात पर भर्ती संतोष वर्मा ने बताया कि वह घटना के बाद से ही भयभीत थे। अब गोली निकल जाने के बाद उन्होंने व परिवारीजनों ने राहत की सांस ली है। थाना प्रभारी पूराकलंदर रतन कुमार शर्मा ने बताया कि गोली निकालकर जांच के लिए भेज दी गई है। जांच उपरांत ही पता चल पाएगा कि किस असलहे और बोर का प्रयोग किया गया है। जांच चल रहीहै। जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा। आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### विदेशी महिला ने दर्ज कराई मारपीट की रिपोर्ट

अयोध्या अमृत विचार : नीदरलैंड देश निवासी एक महिला ने राम जन्मभूमि थाने में मारपीट और गाली गलौज व धमकी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिकायत में मूल रूप से नीदरलैंड के लिंडालन रिजिसविक निवासी और यहां राम जन्मभूमि थाना क्षेत्र स्थित पटेल धर्मशाला में रुकी महिला बद्यावती खेदू पत्नी गोविंद का कहना है कि 3 फरवरी की सुबह वह हनुमानगढ़ी मंदिर के छत पर बैठकर धूप ले रही थी। इसी दौरान मंदिर में चरणामृत बांटने वाला हंसराज पानी की बोतल लेकर छत पर पहुंचा और उसको तत्काल नीचे भाग जाने को कहा। उसने कंधे पर मारा तथा गाली गलौज की और धमकी दी। शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर तहकीकात शुरू कर दी है।



# ये कैसा झोलमाल, एक रुपये में दवा, पांच रुपये की शीशी

पुनीत श्रीवास्तव, अयोध्या

**अमृत विचार :** क्या आपने भी ऐसा मामला देखा या सुना है कि एक रुपये में पूरा इलाज मिल जा रहा हो, लेकिन दवा रखने की प्लास्टिक की शीशी के लिए पैसे देने पड़ते हों। जी हां जिले के होम्योपैथिक के 20 चिकित्सालयों में ऐसा ही चल रहा है।

इस मामले का खुलासा बुधवार को जिला अस्पताल परिसर स्थित आयुष विभाग के राजकीय होम्योपैथी चिकित्सालय से हुआ। वाहन स्टैंड के निकट बने चिकित्सालय में प्रतिदिन 200 से 250 मरीजों की ओपीडी होती है। ओपीडी में दो चिकित्सकों की तैनाती की गई है। मरीजों का कहना है कि कि जब सरकार डॉक्टर की फीस और दवा एक रुपये मुहैया कराती है तो शीशी क्यों नहीं दी जा रही है। इसमें कोई बड़ा झोलमाल लगता है।

सोहावल से इलाज कराने आए शानू ने बताया कि पहले शीशी मिल जाती थी, अब बंद कर दी गई है। भरतकुंड स्थित नैपुरा से आए निशांत ने बताया कि उन्हें कान में दर्द था। चिकित्सक को दिखाने के बाद जब दवा लेने गया तो बताया गया कि सामने जनरल स्टोर से पहले शीशी खरीदकर लाओ। इसके अलावा दो-तीन महिलाओं ने भी यही शिकायत की। नाम पूछने पर उन्होंने कहा कि भइया हर हफ्ते दवा लेने आना पड़ता है।

**मीठी गोली**

### होम्योपैथिक चिकित्सालयों में मुफ्त दवा के लिए देना पड़ता है शीशी का चार्ज






- जिला अस्पताल स्थित राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय में पहुंच रहे मरीजों में निराशा

जिला अस्पताल स्थित राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय।



दवा लेने के लिए शीशियां खरीदने जाता निशांत।



जिला अस्पताल के सामने से खरीदी गई शीशियां।

### आपदा में खोज लिया अवसर

जिला अस्पताल के सामने दुकानदारों ने आपदा में अवसर खोज लिया। सूत्रों की मानें तो दो रुपये से लेकर 10 रुपये तक की शीशी बेची जा रही हैं। कोई शीशी की साइज बड़ी बताकर पैसे ऐंठ रहा है तो कोई अच्छी क्वालिटी का हवाला देता है।

### दुकानदार बोला- छह माह से ही शुरू हुई शीशियों की बिक्री

जिला अस्पताल के सामने एक जनरल स्टोर चलाने वाले बुजुर्ग दुकानदार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि हम तो दो रुपये की ही एक शीशी बेचते हैं, बाकी के लोग क्या रेट लेते हैं मुझे नहीं मालूम। उन्होंने बताया कि छह महीने से शीशियों की बिक्री शुरू हुई है। उससे पहले चिकित्सालय में शीशी मिलती थीं।

### जिला होम्योपैथ अधिकारी बोले- एक महीना से नहीं आ रही शीशी

जिला होम्योपैथ अधिकारी डॉ. अजय कुमार ने बताया कि एक महीने से शीशी का संकट है। कई बार खुद के पैसे से मंगा दी थी।पत्राचार किया गया है। होम्योपैथी डीजी को भी सूचना दी गई है। मंत्री जी आये थे उन्हें भी अवगत करा दिया गया है, हो सकता है एक-दो दिन में शीशियां आ जाएं।

### सीएमएस बोलीं- शीशी का नहीं है अलग से बजट

होम्योपैथिक की मंडल अधिकारी मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संगीता भाटिया ने बताया कि शीशी का कोई अलग से बजट नहीं है। हर जगह यही समस्या है। हालांकि इसके लिए पत्राचार किया गया है। अभी निरीक्षण करने के लिए निकली हूं।

## सार-संक्षेप

### सपा सरकार में व्यापारियों को मिला सम्मान : प्रदेश अध्यक्ष



पीडीए सम्मेलन में मौजूद समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी।

अयोध्या, अमृत विचार : सपा की ओर चल रहे पीडीए पखवारे में बुधवार को प्रेस क्लब में मंडलीय व्यापारी पंचायत हुई। मुख्य अतिथि समाजवादी व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल ने कहा कि सपा में ही सबसे ज्यादा सम्मान व्यापारियों को मिला है। पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव, पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के कार्यकाल में प्रदेश में चुंगी व्यवस्था समाप्त की गई। पूर्व मंत्री तेजनारायण पांडेय ने कहा कि भाजपा की सरकार में व्यापारी समाज का उत्पीड़न हो रहा है। प्रदेश महासचिव जयशंकर पांडेय व जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने भी सम्बोधन दिया। अध्यक्षता सपा व्यापार सभा जिलाअध्यक्ष नंदकुमार गुप्ता नंदू, संचालन मंडल प्रभारी व्यापार सभा केके गुप्ता ने किया। इस मौके पर जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम, छेदी सिंह, महानगर सचिव हमीद जाफर मीसम, अमृत राजपाल, अपर्णा आदि मौजूद रहे।

### कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा शुरू



कलश यात्रा में शामिल महिलाएं।

पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार : क्षेत्र के अलावलपुर गांव में कलश यात्रा के साथ बुधवार से सात दिवासीय श्रीमद्भागवत कथा शुरू हुई। कथा व्यास राधेस्याम शास्त्री ने कहा कि जो चीज कुसंग से पल्लिवत, पुष्पित व फलित होती है उससे कुसंग का दुष्प्रभाव सुनिश्चित है। इससे बचने का उपाय मात्र भागवत कथा श्रवण ही है। मुख्य यजमान लक्ष्मीकांत पाठक प्रेमकांत पाठक सहित ग्रामीणों ने कथा का रसपान किया। इटौरा में आचार्य श्याम सारथी ने श्रीमद् भागवत कथा में प्रभु के विभिन्न प्रसंगों का वर्णन सुनाया। मुख्य यजमान बलराम, चंद्रप्रकाश पांडेय, आचार्य चंदन शास्त्री, मनीष शास्त्री आदि मौजूद रहे।

### बिना परमिट के हरे पेड़ों की कटान, दर्ज होगा केस

बड़ागांव, अयोध्या। अमृत विचार : रौनाही थाना क्षेत्र के अम्बरपुर गांव में काली सड़क के किनारे हरे पेड़ों को काटे जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों की शिकायत पर वन विभाग की ओर से जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही गई है। वन विभाग के रेंजर रतेन्द्र तिगुनायत ने बताया जो पेड़ काटे गए हैं उसका परमिट नहीं था। दोषियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### स्थायी लोक अदालत के नवागत अध्यक्ष का स्वागत



नवागत अध्यक्ष का स्वागत करते स्थायी लोक अदालत के सदस्य व अधिवक्तागण।

अयोध्या, अमृत विचार : स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष के पद पर सेवानिवृत्त जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी ने बुधवार को पदभार ग्रहण कर लिया। सदस्यों एवं अधिवक्ताओं ने नवागत अध्यक्ष का माल्यार्पण एवं बुके भेंटकर स्वागत किया। स्वागत करने वालों में स्थायी लोक अदालत के सदस्य राजेश कुमार शुक्ल एवं अजीत प्रताप सिंह, अधिवक्तागण गोपाल कृष्ण, केएन सिंह, मयंक रंजन, पियूष रंजन, विनोद पांडेय आदि मौजूद रहे।

### श्रद्धांजलि अर्पित करने को उमड़े जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता



सांसद की अनुज वधू के तेरहवीं संस्कार में शामिल होने पहुंचे जनप्रतिनिधि।

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : सांसद लल्लू सिंह की अनुज वधू हेमलता सिंह पत्नी स्व. अजीत प्रताप सिंह के तेरहवीं संस्कार पर शांतिभोज में जनप्रतिनिधियों, अन्य दलों के नेताओं, भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की भीड़ उमड़ पड़ी। कार्यक्रम स्थल हाईवे स्थित एक गेस्ट हाउस पहुंच कर सभी ने श्रद्धांजलि अर्पित की। भीड़ को देखते हुए ट्रैफिक व्यवस्था काफी चाक चौबंद की गई थी। शांति भोज में प्रदेश सरकार के मंत्री सतीश शर्मा, रामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय, पूर्व सांसद विनय कटियार, पूर्व सांसद व एमएलसी हरिओम पांडे, प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा मानवेंद्र सिंह, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, पूर्व मंत्री व विधायक अवधेश प्रसाद, प्रदेश महामंत्री नीरज सिंह, ऊषा रावत, पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू, आईएमए अध्यक्ष डॉ. मंजूषा पांडेय, पूर्व विधायक जयशंकर पांडे, डीएम नितीश कुमार सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### पुण्य तिथि पर श्रद्धा के साथ याद किए गए पूर्व विधायक



पूर्व विधायक के चित्र पर माल्यार्पण करते पूर्व विधायक व अन्य।

मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार : मिल्कीपुर के पूर्व विधायक डॉ. बृज भूषण मणि त्रिपाठी की 23वीं पुण्यतिथि पर बुधवार को हैरिंग्टनगंज में स्थित उनकी मूर्ति के समक्ष सुंदरकांड का पाठ हुआ। पैतृक गांव आदिलपुर में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू, पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा, भाजपा नेता रामसजीवन मिश्र, सरयू दूबे, अवधेश पाठक सहित कई नेताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण किया। पूर्व विधायक के पुत्र एवं भाजपा नेता देवेन्द्रमणि त्रिपाठी ने कहा कि उनके पिता ने गरीबों के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ संघर्ष किया।

### डकैती की योजना बनाते चार लोग गिरफ्तार

अयोध्या। अयोध्या कोतवाली पुलिस में डकैती की योजना बनाते चार लोगों को गिरफ्तार किया है। कोतवाल मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि मौनी बाबा देवस्थान के निकट स्थित रेलवे अंडरपास के नीचे से संदिग्ध हाल में चार लोगों को पकड़ा है। इनकी पहचान सुशील निवासी जयनगर बराईन, बाराबंकी, शिवकुमार निवासी छोटी खरही मौजा माथेपुर, गोंडा, कन्हैया लाल निवासी छेदन पुरवा, गोंडा, दयाराम वर्मा निवासी जिगना बाजार जुड़ई का पुरवा, गोंडा और ईश्वरदीन वर्मा निवासी सौहा सकर मोहनी गोंडा के रूप में हुई है।

# मांगों के समर्थन में किसानों ने निकाला ट्रैक्टर मार्च

## राष्ट्रपति के नाम एमएसपी समेत 15 सूत्री ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य समेत अन्य मांगों को लेकर आंदोलित किसानों के समर्थन और केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर बुधवार को किसान यूनियन कार्यकर्ताओं ने शहर में ट्रैक्टर मार्च निकाला। इसके बाद राष्ट्रपति को संबोधित 15 सूत्री मांग पत्र सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा है।

नाका बाईपास स्थित गांधी आश्रम के पास दोपहर में एकत्र किसानों ने ट्रैक्टर और बाइक के काफिले के साथ मार्च शुरू किया। मांगों के समर्थन में सरकार विरोधी नारे लगाते हुए किसानों का यह मार्च मकबरा ओवर ब्रिज, पुलिस लाइन चौराहा, गांधी पार्क तिराहा, कलेक्ट्रेट के सामने से होते हुए लगभग सहादतगंज बाईपास पहुंचा। मार्च की अगुवाई मोरसाइकिल सवार किसानों ने की। सहादतगंज बाईपास पहुँचने पर किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने सिटी मजिस्ट्रेट राजेश मिश्र को राष्ट्रपति के नाम संबोधित 15 सूत्री ज्ञापन सौंपा।

आंदोलन का नेतृत्व कर रहे किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार को खेती व किसनों से कोई मोह नहीं है। कहा कि सरकार ने किसानों की मांगें नहीं मानी तो किसान 26 व 27 फरवरी को दिल्ली कूच करेगा। मार्च में भाकियू जिला अध्यक्ष राम गणेश मौर्य, युवा जिला अध्यक्ष भागीरथी वर्मा, सूर्यनाथ वर्मा, अभय राज ब्रह्मचारी, देवी प्रसाद वर्मा, राजेश मिश्रा, विकास वर्मा समेत अन्य शामिल रहे।



मांगों को लेकर ट्रैक्टर मार्च निकालते किसान। अमृत विचार

### ये हैं प्रमुख मांगें

ज्ञापन में किसानों ने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गारंटी कानून बनाए जाने, सी 2 प्लस 50 यानी खेती में लगी मजदूरी और पूंजी पर ब्याज के आधार पर फसलों का मूल्य तय किए जाने, छुट्टा जानवरों से फसलों को बचाने की व्यवस्था किये जाने, खेती के लिए किसानों को फ्री बिजली, गन्ना बिक्री मूल्य का डिजिटल भुगतान, मनरेगा मजदूरों को साल में 200 दिन काम की गारंटी समेत अन्य मांग रखी है।

### संयुक्त किसान मोर्चा ने किया प्रदर्शन

तारुन, अयोध्या। अमृत विचार : राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर बुधवार को संयुक्त किसान मोर्चा ने ब्लॉक मुख्याल पर प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री का प्रतीकात्मक पुतला फूंका। किसान नेताओं ने किसान समस्याओं को लेकर राष्ट्रपति को संबोधित एक मांग पत्र बीडीओ तारुन सुरेंद्र कुमार मौर्य को सौंपा। इस अवसर पर किसान संयुक्त मोर्चा के संयोजक मयाराम वर्मा, रामतेज वर्मा, घनश्याम वर्मा, विश्राम प्रजापति, भाकियू नेता अशोक सिंह आदि मौजूद रहे।




ब्लॉक मुख्यालय पर प्रदर्शन करते संयुक्त किसान मोर्चा के पदाधिकारी।

### आईजी रेलवे ने जीआरपी थाने के देखे अभिलेख

**अयोध्या, अमृत विचार:** पुलिस उपमहानिरीक्षक (आईजी) रेलवे राकेश पुष्कर ने बुधवार को अयोध्या कैंट स्टेशन पर थाना जीआरपी का निरीक्षण किया। थाने के अभिलेखों का रख रखाव व त्यौहार रजिस्टर का अवलोकन कर आगामी महाशिवरात्रि, होलिका दहन व होली त्यौहार की समीक्षा की। थाने पर उपस्थित समस्त अधिकारियों से वर्तमान समय में थाना जीआरपी क्षेत्र में प्रचलित आस्था स्पेशल ट्रेनों से आने जाने वाले यात्रियों की सुरक्षा के बारे में जानकारी ली। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक रेलवे प्रथम विकास कुमार पांडेय व पुलिस उपाधीक्षक रेलवे मुरादाबाद देवी दयाल व आरपीएफ के अधिकारी मौजूद रहे।

# एमपी के आश्रम से आया फोन, यहां है हर्षित

अयोध्या कार्यालय

- पुलिस के साथ लापता छात्र के पिता रवाना



लापता छात्र।

**अमृत विचार:** मध्य प्रदेश के सीधी जनपद स्थित अड़गड़ानंद महाराज के आश्रम से बुधवार सुबह फोन आया कि हर्षित पांडेय आश्रम पहुंचा है। इसके बाद लापता छात्र के पिता ने मामले की जानकारी कैंट पुलिस को दी और बेटे को लाने के लिए पुलिस टीम के साथ मध्य प्रदेश रवाना हुए।

नगर कोतवाली के लक्ष्मणपुरी के कौशलपुरम कॉलोनी निवासी यूनियन बैंक में प्रबंधक के पद पर तैनात संतोषबली पांडेय का पुत्र हर्षित पाण्डेय(15) दो दिन पूर्व सोमवार को लापता हो गया था। पड़ताल में जानकारी सामने आई थी कि लापता छात्र को आरजेबी थाना क्षेत्र स्थित टेढ़ी बाजार चौराहे पर ई-सिटी बस से उतरते और पैदल ही अयोध्या की ओर जाते देखा था। छात्र के मामा शैलेंद्र द्विवेदी ने बताया कि बुधवार सुबह एमपी के सीधी जिला स्थित स्वामी अड़गड़ानंद महराज के आश्रम से फोन आया था। हर्षित यहां से ट्रेन पकड़ सीधे वाहन पहुंच गया था। परिवार के लोग इस आश्रम में आते-जाते रहते हैं। फोन आने के बाद जीजा संतोष बली पांडेय पुलिस के साथ मध्य प्रदेश रवाना हुए हैं। प्रभारी निरीक्षक कैंट संजय मौर्य ने भी छात्र के सकुशल मिलने की पुष्टि की है।

### अयोध्या, लखनऊ, वाराणसी, मुरादाबाद, और देवीपाटन मंडल अंतिम आठ में

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : प्रदेशीय सब जूनियर बालक हैंडबॉल प्रतियोगिता के लीग मुकाबलों में सर्वाधिक अंक हासिल कर अयोध्या, लखनऊ, वाराणसी, मुरादाबाद, देवीपाटन, मेरठ बरेली व आजमगढ़ मंडल टीमों ने बुधवार को क्वार्टर फाइनल में स्थान सुनिश्चित कर लिया। आज गुरुवार को मेरठ व मुरादाबाद, बरेली व वाराणसी, लखनऊ व बरेली तथा देवीपाटन व आजमगढ़ मंडल टीमों के बीच सेमीफाइनल के लिए मुकाबला होगा। प्रदेश खेल निदेशालय व उप्र हैंडबॉल संघ के संयुक्त तत्वावधान में डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में चल रही प्रतियोगिता के लीग मुकाबलों में बुधवार को अयोध्या ने मुरादाबाद पर आसान जीत दर्ज की। अन्य मुकाबले में अयोध्या ने अलीगढ़ को संघर्षपूर्ण मुकाबले में पराजित कर स्थिति मजबूत की। आगरा ने अलीगढ़ पर एकतरफा शानदार जीत दर्ज की। दूसरे मुकाबले में आगरा ने मुरादाबाद को हराया। बरेली ने बस्ती.को पराजित किया। मिर्जापुर ने प्रयागराज को पराजित किया। देवीपाटन ने गोरखपुर को शिकस्त दी। मेरठ मण्डल ने वाराणसी मण्डल पर जीत दर्ज कराई। दूसरे मुकाबले में मेरठ मण्डल ने झांसी मण्डल पर जीत हासिल की। आजमगढ़ मण्डल व लखनऊ मण्डल का रोमांचक मुकाबला 9-9 से बराबर रहा। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल कोच मो. तौहीद, पर्यवेक्षक बैज नाथ यादव, इंचार्ज रैफरी पैनल नफीस अहमद, उपक्रीड़ा अधिकारी मो. इरफान, शकील अहमद अन्सारी, सीडी सिंह आदि मौजूद रहे।

### सरयू तट पर लक्षचंडी महायज्ञ आज से

अयोध्या कार्यालय। सरयू तट पर होने वाले 17 दिवसीय श्री लक्षचंडी महायज्ञ, श्री लक्षगणपति महायज्ञ, व श्रीराम यज्ञ का आयोजन गुरुवार से शुरू हो रहा है। अनुष्ठान को लेकर बुधवार को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के मुख्य आचार्य रहे लक्ष्मीकांत दीक्षित ने सरयू तट पर बनाए गए मंडप में प्रायश्चित कर्म पूजा संपन्न कराया। आयोजक महामंडलेश्वर स्वामी प्रखर महाराज ने बताया कि लक्ष्मण घाट के सहस्त्र धारा में 100 कुंडिय यज्ञ मंडप बनाया गया है। जिसमें 22 फरवरी से नौ मार्च तक 1700 विद्वान ब्राह्मण लक्षचंडी के एक लाख पाठ के साथ गणपति अथर्व शीर्ष एवं ऋग्वेद के श्रीराम सूक्त का भी एक-एक लाख पाठ के साथ यज्ञाहुति देंगे। 23 फरवरी से कथाव्यास जगद्गुरु डॉ. राघवाचार्य का रामकथा पर केंद्रित प्रवचन होगा। इस 17 दिवसीय यज्ञ के दौरान प्रतिदिन सुबह 10 बजे से मध्याह्न एक बजे तक संत सम्मेलन भी किया जाएगा। जगद्गुरु डॉ. राघवाचार्य ने जानकारी दी कि 17 दिवसीय अनुष्ठान में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शामिल होंगे।



बुधवार को जानकारी देते लक्षचंडी महायज्ञ के आयोजक।

# सुरक्षा और व्यवस्था के लंबित प्रस्तावों पर क्रियान्वयन तेज

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** प्राण-प्रतिष्ठा समारोह और रामनगरी का प्रान्तीयकृत बसंत पंचमी मेला सकुशल संपन्न होने के बाद शासन ने रामनगरी की सुरक्षा और व्यवस्था के लंबित प्रस्तावों पर क्रियान्वयन तेज कर दिया है। शासन ने जिले के नव सृजित अपर पुलिस अधीक्षक यातायात और प्रोटोकॉल के सहवर्ती स्टाफ के पदों को स्वीकृत किया है।

गृह विभाग के विशेष सचिव राकेश कुमार मालपाणी ने डीजीपी को पत्र भेज गत वर्ष 22 मार्च के प्रस्ताव के क्रम में सहवर्ती स्टाफ के रूप में उप निरीक्षक नागरिक पुलिस लेवल छह, उपनिरीक्षक आशुलिपिक/गोपनीय लेवल छह, मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस लेवल चार के एक-एक और आरक्षी नागरिक पुलिस लेवल तीन के चार तथा आरक्षी चालक लेवल तीन के दो पद सृजन को स्वीकृति होने की जानकारी दी है। वहीं चतुर्थ श्रेणी कर्मी की तैनाती आउटसोर्सिंग से किये जाने का निर्णय हुआ है।

### आपरेशन कार्य के लिए एसटीएफ इकाई को मिलेंगी 10 बाइक

पुलिस आधुनिकीकरण योजना के तहत शासन ने सुरक्षा के मद्देनजर अतिसंवेदनशील की श्रेणी में शामिल अयोध्या की स्पेशल टास्क फ़ोर्स इकाई के लिए 10 बाइक की खरीद के प्रस्ताव को अमली जामा पहननाने के लिए अवशेष किश्त 8 .30 लाख रूपये की प्रशासकीय और वित्तीय स्वीकृति जारी की है। बाइकों की खरीद के लिए कुल 54 लाख दो हजार रूपये का प्रावधान किया गया था। जिसमें से शासन ने दिसंबर माह में 45 लाख 71 हजार 500 रूपये स्वीकृत किये थे।



रामकथा पार्क में प्रस्तुति देतीं श्रवण बाधित मानसी श्रीवास्तव व साथी कलाकार।

### श्रवणबाधित मानसी के शास्त्रीय नृत्य पर झूमा राम कथा पार्क

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : रामोत्सव के रंग को राम कथा पार्क में गीत संगीत नृत्य से कलाकारों की प्रस्तुतियां चटख कर रही है। सबसे पहले जहां श्रद्धालुजन मानस के विविध प्रसंगों का सरस व्याख्यान सुनकर आनंदित हुए। वहीं सांस्कृतिक संध्या में आकाशवाणी और दूरदर्शन की प्रख्यात कलाकार सुरुचि उपाध्याय की पहली प्रस्तुति ने मोहित किया। भगवान राम के बाल रूप की सराहना करते हुए चंदा मामा आरे आवा पारे आवा गाकर पारंपरिक लोरी सुनाई। इसके बाद सुषमा गुप्ता और उनके दल ने अपनी प्रस्तुति दी। उन्होंने गया मोरे राम के छोटे-छोटे पांव तो आस्था की एक लहर पूरे पंडाल में दौड़ गई। देवभूमि उत्तराखंड से आई निकिता के दल ने गढ़वाली लोक नृत्य चैता की चैताली प्रस्तुत किया। हरियाणा के कलाकारों ने अपनी रंग बिरंगी परिधानों में लाठी और ढपली लेकर अपना पारंपरिक नृत्य धमाल प्रस्तुत किया। प्रदीप कुमार त्रिपाठी ने कठपुतली के माध्यम से लवकुश प्रसंग का सजीव मंचन किया। काशी से आई शुभांगी सिंह और दल ने भरतनाट्यम शैली में राम स्तुति के बाद रामायण के प्रसंगों को मंचित किया।

### मानसी की प्रस्तुति छोड़ गई छाप

मानसी श्रीवास्तव ने भरतनाट्यम के माध्यम से पंचमूर्ति कौत्यम प्रस्तुत किया। रामायण शब्दम से रामजी के जीवन प्रसंगों को प्रस्तुत करके सभी को विभोर कर दिया। मानसी श्रीवास्तव श्रवण बाधित होने के बावजूद जिस तरह चपलता से संगीत की धुन पर पर सुर और ताल के साथ नृत्य करके सभी को अचंभित कर दिया। इटावा की रीना यादव के दल ने ब्रज मंडल की आराधना के बाद राधा कृष्ण की स्तुति पर नृत्य किया। संचालन देश दीपक मिश्र ने किया। अंतरराष्ट्रीय रामायण एवम वैदिक शोध संस्थान के निदेशक डॉ. लवकुश द्विवेदी ने कलाकारों को सम्मानित किया।

### बिना मुआवजे के दुकानों को हटाने का किया विरोध

**अयोध्या, अमृत विचार :** ओवरब्रिज निर्माण को लेकर मोदहा चौराहे के पीड़ित दुकानदारों ने बिना उचित मुआवजे के दुकान हटाए जाने का विरोध किया है। पीड़ित दुकानदारों ने बुधवार को सपा के नेतृत्व जिलाधिकारी कार्यालय पहुंच ज्ञापन दिया। मांग की है कि यहां कई वर्षों से दुकान करते आ रहे हैं। नगर निगम में किराया भी जमा करते आ रहे हैं। हमारा अलॉटमेंट भी है। मांग है कि अन्य परिक्रमा मार्गों की तरह उचित मुआवजा दिया जाए। मुआवजा ने देने पर दुकान हटाने पर विरोध किया है। ज्ञापन देने वालों में हरिप्रसाद, राम सिंह यादव, अहमद बेग, प्रेम शंकर गुप्ता, निरंजन यादव, इशरतुल्लाह आदि शामिल रहे।

**सीबीएसई** जिले के सभी 13 परीक्षा केंद्रों पर पर्यवेक्षक की निगरानी में शांतिपूर्ण हुआ एग्जाम


# 4600 छात्रों ने दी 10वीं की हिन्दी परीक्षा

- आज होगी 12वीं की अंग्रेजी विषय की परीक्षा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** सीबीएसई की 10वीं कक्षा की हिंदी विषय की परीक्षा में बुधवार को जिले के लगभग 4600 विद्यार्थी शामिल हुए। जिले के सभी 13 परीक्षा केंद्रों पर सीबीएसई पर्यवेक्षक की निगरानी में नकल विहीन शांतिपूर्ण परीक्षा हुई। निर्धारित समय सुबह 10 बजे के पूर्व परीक्षा केंद्रों पर समय पर पहुंचे परीक्षार्थियों की सघन तलाशी ली गई। सभी केंद्रों पर परीक्षा कक्ष में सीसीटीवी कैमरा की निगरानी में परीक्षा हुई। परीक्षा में इंटरनेशनल स्कूल में 450, केंद्रीय विद्यालय में 260, जेबी अकादमी में 259, उदया पब्लिक स्कूल में 333, आर्मी पब्लिक स्कूल 435, टाइनी टॉट्स सेकेंडरी स्कूल 250 ,भवदीय पब्लिक स्कूल में 397, अनिल सरस्वती इंटर कॉलेज में 349, महाराजा पब्लिक स्कूल में 346 छात्र- छात्राओं ने शांति पूर्ण माहौल में परीक्षा दी।

सीबीएसई के जिला समन्वयक अजीत कुमार द्विवेदी ने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर जिले के तीन सचल दल ने निरीक्षण किया। किसी भी परीक्षा केंद्र से परीक्षार्थियों के पास कोई आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली। जिले में गुरुवार को सभी परीक्षा केंद्रों पर 12 वीं की अंग्रेजी विषय की परीक्षा होगी।



पेपर बहुत आसान आया था। हिंदी का पेपरअच्छा हुआ है। काश ,आगे के पेपर भी ऐसे ही आसान आ जाएं, तो मजा आ जाए। - **प्रणव सिंह, सनबीम स्कूल**



इस बार का हिंदी पेपर भी पिछले साल की तरह ही आसान था। वैसे अगर तैयारी अच्छी हो तो सभी पेपर आसान ही लगते हैं। - **शौर्य प्रताप सिंह, आर्मी पब्लिक स्कूल**



हिंदी का पेपर तो आसान था। हुआ भी अच्छा है। मेहनत भी बहुत की है ण्आगे के पेपर भी ऐसे ही आसान आए तो सब अच्छा हो जाए। - **पलक यादव, सनबीम स्कूल**



हिंदी का पेपर पिछले वर्ष की तरह ही था। आसान आया था और अच्छा हुआ भी। मेरी तैयारी भी अच्छी थी। आगे के पेपर भी अच्छे हों तो मजा आए। - **श्रुति गुप्ता, सनबीम स्कूल**

### आईसीएससीई 10वीं इंग्लिश लैंग्वेज की 66 विद्यार्थियों ने दी परीक्षा



अयोध्या , अमृत विचार : जिले में बुधवार को आईसीएससीई बोर्ड की एक मात्र एचसीजे एकेडमी परीक्षा केंद्र पर 10 वीं कक्षा की इंग्लिश लैंग्वेज की परीक्षा शांति पूर्ण माहौल में संपन्न हुई। एचसीजे एकेडमी के को-आर्डिनेटर अशोक कुमार तिवारी ने बताया कि जिले में दो विद्यालय एचसीजे एकेडमी व परमा अकादमी आईसीएससीई बोर्ड से संबद्ध है। दोनों विद्यालयों का परीक्षा केंद्र एचसीजे एकेडमी है। कल शुक्रवार को 10 वीं की इंग्लिश लिटरेचर विषय की व 12 वीं की इकोनॉमिक्स विषय की परीक्षा होगी। आज एचसीजे एकेडमी के 51 व परमा अकादमी के 11 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। परीक्षा अधीक्षक मनदीप यादव ने बताया कि बोर्ड के तीन पर्यवेक्षकों व सीसीटीवी की निगरानी में नकल विहीन परीक्षा हुई। सुबह 11 बजे शुरू हुई परीक्षा के आधा घंटे पूर्व से ही विद्यार्थियों को सघन तलाशी के बाद केंद्र में प्रवेश दिया गया।

### वृद्ध माता-पिता को बोझ न समझें बच्चे : कुलपति

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** बच्चें माता-पिता को कभी बोझ न समझे बल्कि उनके बुढ़ापे का सहारा बने। इस भौतिकवादी युग में वृद्ध माता-पिता अपने बच्चों पर बोझ बनते जा रहे है। ऐसे में उन्हें अपनों से दूर रहकर कठिन जीवन वृद्धा आश्रम में गुजारना पड़ता है। ये अवध विश्वविद्यालय की बातें कुलपति प्रो. गोयल ने बुधवार को कहीं। वो विश्वविद्यालय की ओर से मणि पर्वत व नया घाट स्थित वृद्धा आश्रम अयोध्या में बुधवार को आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर को संबोधित कर रहीं थीं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के अनुभूति एक प्रयास तहत अयोध्या के वृद्धा आश्रम विश्वविद्यालय से जोड़े गए है। शिविर में 75 से अधिक वृद्धजनों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। चिकित्सकों ने उन्हें परामर्श दिया और दवा उपलब्ध कराई। कुलपति ने वृद्धजनों को फल, मच्छरदानी व अन्य सामग्री भेंट किया। इस अवसर पर पंजाब सरकार के पूर्व डिप्टी डायरेक्टर प्रेम भूषण गोयल, विश्वविद्यालय की चिकित्साधिकारी डॉ. दीपशिखा चौधरी, डॉ. दीपशा दूबे, आश्रम के परमानंद यादव, प्रद्युम्न मिश्रा, रीमा मिश्रा, डॉ. दिनेश कुमार सिंह, डॉ. प्रतिभा देवी सहित कई मौजूद रहे।

# मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य पर दलित उत्पीड़न का केस

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार** : राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर में विवादों का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर पैथालॉजिस्ट डॉ. राजेश गौतम ने प्राचार्य पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए अभद्रता करने का आरोप लगाया है। अलीगंज थाने में पीडित्त डॉक्टर की तहरीर पर प्राचार्य के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

अलीगंज थाने में दी तहरीर में डॉ. राजेश ने बताया कि 12 फरवरी को मेडिकल कॉलेज में परीक्षा थी। वह समय वे परिवर्तन हो जाने के चलते क्लास लेने के लिए चले गए। वहां से परीक्षा शुरू होने से पहले नहीं पहुंचे जिसके बाद 19 फरवरी को प्राचार्य ने एक नोटिस भेजा। नोटिस में कहा गया कि परीक्षा में आप विलंब से पहुंचे हैं। मंगलवार को वह अपनी बात रखने के लिए प्राचार्य डॉ. अमीरुल हसन के कार्यालय पहुंचे। आरोप लगाया कि कार्यालय में दाखिल होते ही प्राचार्य भड़क गए और अपशब्दों का प्रयोग करने लगे। साथ ही उनके पास मौजूद अन्य चार्ज भी छीन लेने की धमकी दी। उन्होंने अलीगंज थाने पहुंचकर लिखित तहरीर दी जिसके बाद पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दिया है। इससे पहले भी प्राचार्य पर छात्र-छात्राओं से अभद्रता करने का आरोप लग चुका है।

# 116 केंद्रों पर बोर्ड परीक्षा आज से, तैयारी पूरी

**इम्तिहान**

**27 सेक्टर मजिस्ट्रेट व 6 सचल दल केंद्रों की करेंगे निगरानी, 76 हजार 350 अभ्यर्थी हैं पंजीकृत**

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार** : यूपी बोर्ड की परीक्षाएं आज से शुरू हो रही है। जिसको लेकर प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है। पहली पाली में हाईस्कूल और द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट की परीक्षाएं होंगी। जनपद में 116 परीक्षा केंद्रों पर बोर्ड की परीक्षाएं आयोजित होंगी। हाईस्कूल में 39177 और इंटर में 37173 कुल 76350 परीक्षार्थी का पंजीकरण किया गया है। सभी 116 केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट की मौजूदगी रहेगी। 27 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 6 सचल दल परीक्षा केंद्रों की निगरानी करेंगे। वायस रिकॉर्डर युक्त सीसीटीवी की निगरानी में परीक्षाएं होंगी। वहीं डीआईओएस कार्यालय में कंट्रोल रूम भी बनाया गया है। जिले के कंट्रोल रूम पर लखनऊ कमांड एवं कंट्रोल सेंटर और वाराणसी क्षेत्रीय कार्यालय से निगरानी की जाएगी। कल पहली पाली में हाईस्कूल में हिंदी और द्वितीय पाली इंटरमीडिएट में हिंदी विषय की परीक्षाएं होगी। की परीक्षा को नकलविहीन संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं । परीक्षा से पूर्व शिक्षा विभाग ने परीक्षा केंद्रों पर 10 बसों से 116 परीक्षा केंद्रों पर प्रश्न पत्र सुरक्षित पहुंचा दिए हैं। प्रश्नपत्रों को रखने के लिए जिला मुख्यालय के डॉ. गणेश कृष्णा जेटली इंटर कॉलेज में लॉकर बनाया गया था। जहां से परीक्षा केंद्रों के लिए प्रश्न पत्र 10 बसों के माध्यम से पहुंचा दिए गए हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक गिरीश कुमार सिंह ने बताया बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन कराने के लिए तैयारी पूरी कर ली गई हैं। 27 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 6 सचल दल परीक्षा केंद्रों की निगरानी करेंगे जिससे नकल पर नकेल कसी जाए।



डॉ. गणेश कृष्णा जेटली इंटर कॉलेज में सीटिंग प्लान करते शिक्षक।

## सार-संक्षेप

### ग्रामीणों ने की अवैध अतिक्रमण हटाने की मांग

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर, अमृत विचार** : थाना क्षेत्र के शंकरपुर बजीं गांव में वर्षों पूर्व विकास विभाग से निर्मित खड़ंजा मार्ग पर गांव के कुछ मनबढ़ दबंगों ने मिट्टी का ढेर और शौचालय का टैंक आदि बनाकर आवागमन अवरुद्ध कर दिया गया है जिससे ग्रामीणों को असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण ने आलापुर में आयोजित तहसील दिवस में शिकायती पत्र देकर सार्वजनिक मार्ग से अतिक्रमण हटाकर आवागमन बहाल कराए जाने की मांग की है। आरोप है कि गांव के रामअवध पुत्र रामनेवाज, सिताबी आदि ने खड़ंजा मार्ग पर शौचालय टैंक का निर्माण करवाने के अलावा वहां पर मिट्टी का ढेर लगाकर आवागमन बाधित कर दिया है। थानाध्यक्ष विजय तिवारी ने बताया कि मामला संज्ञान में है, संबंधित लोगों को अतिक्रमण हटाने के लिए कहा गया है। न करने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।



मार्ग पर किया गया अतिक्रमण।

### सल्लाहपुर में निकाली गई भव्य कलश यात्रा

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार** : श्री रुद्र महायज्ञ और श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ का कलश यात्रा निकालकर प्रारंभ की गई। मालीपुर थानाक्षेत्र अन्तर्गत सल्लाहपुर गांव स्थित हरिओम नम: शिवाय आश्रम से शुरू भव्य कलश यात्रा मुख्य सडक़ होते हुए धवरुआ स्थित श्रीराम जानकी मंदिर पहुंची। जहां महिला व पुरुष भक्तों ने पोखरे और मंदिर की परिक्रमा कर कलश में जल भर कर पुन: इसी स्थान पर संपन्न हुआ। गुरुवार दोपहर 1 से शाम 6 बजे तक संगीत मई श्रीमद्भागवत कथा शुरू होगी। नागा बाबा अनंत नारायण दास जी महाराज श्रीमद् भागवत पुराण की कथा का भक्तों रसपान कराएंगे। 28 मार्च को 101 कुंडीय यज्ञ हवन का आयोजन किया जाएगा। एक मार्च को भंडारे का आयोजन होगा। उक्त जानकारी मुख्य यजमान अवनीश त्रिपाठी उर्फ पप्पू ने दी। इस अवसर पर राजा उपेन्द्र प्रताप सिंह, रजनीश तिवारी, गंगासागर शुक्ला, राजीव तिवारी, रूद्रमणि तिवारी, भयंकर यादव, शीतला प्रसाद मिश्र, चेता देवी, प्रधान फूल कुमारी, निर्मला देवी, पिंकी तिवारी, सरोज तिवारी, सुषमा तिवारी समेत अन्य भक्त व्यवस्था में जुटे रहे।



कलश यात्रा में शामिल महिलाएं। अमृत विचार

## एक नजर

### पिकअप चालक के खिलाफ केस दर्ज

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार** : अज्ञात चालक व पिकअप के खिलाफ पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। कोतवाली क्षेत्र के मलूकपुर बड़ागांव निवासी ज्ञान चंद्र ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि बीते 18 फरवरी को मेरे माता-पिता साइकिल से सुरहुरपुर जा रहे थे। जैसे ही मलूकपुर पहुंचे थे कि तीव्र गति से जा रही पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिसमें मेरे पिता राममिलन व माता सीता देवी गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें नगपुर स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां माता सीता देवी को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया और पिता को भी गंभीर चोटे आई हैं। पुलिस ने पीडित्त की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### लोरपुर ताजन में जश्ने इमामे अस्र 26 को

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार** : मोहल्ला लोरपुर ताजन में अंजुमन हुसैनिया के तत्वावधान में जश्ने इमामे अस्र 26 फरवरी की रात्रि में आयोजित होगा। कार्यक्रम को भव्य रूप प्रदान करने में आयोजन समिति के लोग व्यस्त हैं। सचिव इमरान रिजवी ने बताया कि देश भर के जाने-माने शायर अहलेबैत कार्यक्रम में शामिल होकर इमामे जमाना की शान में कलाम पेश करेंगे। जिसमें मुख्य रूप से डॉ. नायाब बलियावी, सुहेल बस्तवी, जुबेर सुल्तानपुरी, शबरोज कानपुरी, किर्तास कर्बलाई, शबाब जलालपुरी, शहंशाह मिर्जापुरी, हसन जफर व फरहान बनारसी हैं। संचालन जाहिद कानपुरी करेंगे। महफिल कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अल्लन सैयद आजमगढ़ तथा विशिष्ट अतिथि हादी अब्बास मछलीगांव अंबेडकरनगर रहेंगे। इसकी तैयारियां जारी हैं।

# लंबित मुकदमों का जल्द करें निस्तारण

## समीक्षा बैठक में बोले जिलाधिकारी- लक्ष्य के सापेक्ष वसूली में तेजी लाएं अधिकारी

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार** : राजस्व के संबंध में समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में भू-राजस्व, विद्युत देय कार्यों के प्रगति की समीक्षा की गई।

राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान धारा 24, 33, 34, 67, 80 और अन्य बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक समीक्षा किया गया। जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारी को निर्देश किया कि प्रत्येक माह लक्ष्य के सापेक्ष वसूली की जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारी आम जनमानस के साथ संवेदनशीलता का व्यवहार करें। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारी को अपने कोर्ट पर नियमित रूप से सुनवाई करने और लम्बित मुकदमों का ज्यादा से ज्यादा यथा शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं। एक वर्ष से पुराने वादों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही आइजीआरएस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि प्राप्त ऑनलाइन आवेदन पत्रों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण और ससमय किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी सुबह 10 से 12 बजे तक प्रत्येक दिन जनता दर्शन में फरियादियों की समस्याएं सुने और मामलों का निस्तारण करें। जिससे किसी को इधर-उधर भटकना न पड़े।



राजस्व के कार्यों की समीक्षा करते जिलाधिकारी अविनाश सिंह व साथ में अन्य। अमृत विचार

### आरसी की सूची कराएं उपलबध

जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह अपने विभाग संबंधी आरसी की छटनी कर लें। उन्होंने वास्तविक बकाया आरसी की सूची उपलब्ध कराने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, समस्त उप जिलाधिकारी, संबंधित विभाग के अधिकारी और राजस्व विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहें।

### गन्ना किसानों को शाहजहांपुर में किया जाएगा प्रशिक्षित

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार** : 50 किसानों का दूसरा जत्था प्रशिक्षण के लिए मन्नाशी परिषद, शाहजहांपुर भेजा गया है। जिला गन्ना अधिकारी डॉ. हरिकृष्ण गुप्ता ने उन्हें रवाना किया।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-प्रापण निविदाएं आमंत्रित करते है। **क्रम सं. : 1. ई-प्रापण निविदा संख्या** : उपमु0इं0नि0-1-बीएसबी-2024-01, दिनांक: 19.02.2024 **कार्य का नाम** : पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मण्डल में समापर सं0 20 स्पेशल किमी0 236/4-5 स्थित कछवारोड फाटक के बदले उपरिगामी सेतु (रेलवे भाग (स्टील गर्डर को छोड़कर) + राज्य भाग में पहुंच मार्ग) एवं सीमित उंचाई के सब-वे का निर्माण कार्य। **अनुमानित निविदा मूल्य** : 37,58,60,426.25 **बयाना राशि (रु.)** : 20,29,300.00 **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.)** : शून्य **कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 28 (अठाइस माह), • बिडिंग प्रारम्भ करने की तिथि -29/02/2024 • उपरोक्त ई-निविदा सबमिसन की अन्तिम तिथि- 14.03.2024 14.30 बजे तक • उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथि-दिनांक 14.03.2024 14.30 बजे के उपरांत • निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। • निविदा सूचना में हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होंगे।

उप मुख्य इंजीनियर/नि0/I/वाराणसी
मुजाधि/डबलू-551

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या - एस एण्ड टी/कान/ई-टेन्डर/03/2024**

मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर/निर्माण/ पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर कृते एवं भारत के राष्ट्रपति के ओर से ई-टेन्डर के माध्यम से निम्नलिखित कार्यो के लिए टेंडर प्रपत्र में अंकित निर्धारित योग्यता का पर्याप्त अनुभव रखने वाले ठेकेदारों से निविदायें आमंत्रित करते है।

निविदा सूचना सं० एवं कार्य का विवरण : एस एण्ड टी/कान/ई-टेन्डर/03/2024, कार्य का नाम :- पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के बहराइच-नानपारा-नेपालगंज अमान परिवर्तन कार्य के सम्बन्ध में बहराइच-नानपारा-नेपालगंज खंड के 6 क्वैड एवं ओ ऐफ सी कम्युनिकेशन हेतु आंशिक सामान की आपूर्ति तथा आउटडोर एवं इंडोर टेलीकॉम कार्य का कार्यान्वयन। बयाना राशि (रू०) : 249100.00, अनुमानित लागत (रू०) : 19813017.44, स्वीकृति पत्र प्राप्त होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि : 12 माह, निविदा बन्द होने की तिथि : दिनांक 12.03.2024 को 15:00 बजे।

नोट :- ● इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नही है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। ● पूर्ण विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दी गयी है। ● निविदादाता के पास क्लास-III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना आवश्यक है और IREPS पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिये। ● सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहियें।

उपमुसिदूइं/निर्माण/लखनऊ
मुजाधि/सिगनल - 103

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

### पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर हुए प्रदर्शन पर उठ रहे सवाल

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार** : उत्तर प्रदेश पुलिस परीक्षा के लीक होने का आरोप लगाकर एक ही बाजार से सैकड़ों अभ्यर्थियों द्वारा धरना-प्रदर्शन करना कही कोई साजिश का हिस्सा तो नहीं है। इसे लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। पुलिस परीक्षा में पेपर लीक होने का आरोप लगाते हुए सैकड़ों अभ्यर्थी अम्बरपुर से लगभग 10 किलोमीटर पैदलयात्रा कर जलालपुर रामलीला मैदान पहुंचे जहां इन लोगों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौपा। अभ्यर्थियों से जब पेपर लीक होने का स्पष्टीकरण मांगा गया तो यह सब दिखाने को तैयार नहीं हुए। सिर्फ प्रश्नोत्तरी का फोटो कापी लिए हुए थे और किस ग्रुप पर वायरल हुआ यह भी नहीं बता सके।

# सपा ने की परीक्षा दोबारा कराने की मांग

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार**: समाजवादी छात्रसभा के पदाधिकारियों और सदस्यों ने जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त एसडीएम रोशनी यादव को सौंपा। इसमें आरओ-एआरओ और यूपीपी भर्ती के लीक हुए प्रश्नपत्र के चलते परीक्षा को निरस्त कर दोबारा परीक्षा कराने की मांग की।

छात्रसभा जिलाध्यक्ष निखिल जायसवाल, युवजन सभा जिलाध्यक्ष कपिलदेव राजभर, लोहिया वाहिनी जिलाधक्ष नरेंद्र यादव, यूथ बिग्रेड जिलाध्यक्ष अंकित वर्मा सहित दर्जनों पदाधिकारियों और सदस्यों ने भर्ती परीक्षाओं के प्रश्नपत्र पत्रों के लीक होने पर नाराजगी जतायी है। इस दौरान संजय पाल, मोहम्मद सईम, अभिषेक पाल, विशाल यादव, अर्पित मौर्य आदि मौजूद रहे।



अतिरिक्त उप जिलाधिकारी रोशनी यादव को ज्ञापन सौंपते सपा पदाधिकारी।

# किशोरी से तीन दोस्तों ने किया गैंगरेप

**दुस्साहस**

**पॉक्सो एक्ट में केस दर्ज, एक आरोपी किया गया गिरफ्तार फरार दो अभियुक्तों की तलाश में छापेमारी जारी**

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर



**अमृत विचार**: जिले में एक किशोरी से गैंगरेप का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में पीड़िता की मां की तहरीर पर तीन आरोपियों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज कर एक को गिरफ्तार कर लिया है जबकि दो फरार आरोपियों की तलाश है।

पुलिस के अनुसार महरुआ थाना क्षेत्र के एक गांव में बुधवार दोपहर बाद एक नाबालिग किशोरी को गांव के ही एक लड़के ने शादी का झांसा देकर फोन से खेतों की तरफ बुलाया। किशोरी के खेत में पहुंचने पर लड़के के साथ उसके दो दोस्त भी वहां छिपकर बैठे थे। किशोरी के आते ही तीनो दोस्तों ने जबरन उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद किशोरी को उसके घर के पास यह कहकर छोड़कर चले गए कि शादी करेंगे। किशोरी घर पहुंची और सारी आपबीती मां को बताई। इस पर पीड़िता की मां उसे लेकर थाने पहुंची और तीनों लड़कों के विरुद्ध नामजद तहरीर दिया। पुलिस ने पीड़ित किशोरी को मेडिकल के लिए अस्पताल भेजा। इसके बाद पुलिस ने एक आरोपी मोनू को गिरफ्तार कर लिया। दिनेश और गोपी की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगाई गई हैं। मामले में पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध गैंगरेप व पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। फरार दो आरोपियों की तलाश में टीम दबिश दे रही है। घटना के बाद से पीड़ित व उसके परिजन दहशत में हैं। गांव के लोगों में वारदात को लेकर आक्रोश व्याप्त है।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत

**बसखारी, अंबेडकरनगर, अमृत विचार** : बीती रात हुई एक सड़क दुर्घटना में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना राष्ट्रीय राजमार्ग-233 पर बसखारी थाना क्षेत्र के निकट डोडो तिराहे पर देर रात हुई।

बाइक से इंद्रमणि पांडेय पुत्र पारस पांडेय निवासी भगवानपुर मंझरिया और दिनेश सिंह पुत्र सिद्धनाथ निवासी बेनी गौरा थाना अतरौलिया व गिरधारी पुत्र प्रभुनाथ निवासी बिलारी दुल्हूपुर थाना कटका जमऊपुर स्थित एक निजी चिकित्सालय में मरीज को दिखाकर घर वापस जा रहे थे। जैसे ही वह डोडो तिराहे के निकट पहुंचे, सामने से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आ गए। बाइक सवार गिरधारी (35) गिरकर ट्रॉली के नीचे आ गए और दबकर मौके पर ही उनकी मौत हो गई। दिनेश सिंह (50) और इंद्रमणि पांडे (45) गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने घायलों की मदद करते हुए दुर्घटना की सूचना बसखारी पुलिस को दी। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजते हुए मृतक के शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दुर्घटना के बाद चालक ट्रैक्टर समेत फरार हो गया। थाना प्रभारी निरीक्षक जेपी सिंह यादव ने बताया कि जांच की जा रही है।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**
मैं शीरीन फात्मा निवासी मन्सूर नगर लखनऊ, यह सूचित करती हूँ कि मेरे नाम की सही Spelling SHIRIN FATMA है। अत: सदैव इसे यथावत ही लिखा जाये।

**सूचना**
मेरे पासपोर्ट में पत्नी का नाम शादमा लिखा है जबकि उनका नाम शादमा खातून है,जो सही है। पता 932 सिविल लाइन दर्ज है जबकि सही पता 932 फूलबाग कॉलोनी डीएम आवास के पास है। **फरीद अहमद पुत्र रईस अहमद, 932 फूलबाग कॉलोनी डीएम आवास के पास, फतेहपुर**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैनें अपने चौथे नम्बर के पुत्र सर्वेश कुमार के गलत कृत्यों को लेकर सम्बंध विच्छेद कर लिया है। इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य से मेरा कोई लेना देना नहीं है। मैं अपनी चल-अचल सम्पत्ति से सर्वेश को बेदखल करता हूं। **राम प्रसाद पुत्र बाबू, ग्राम बहबलपुर, हुसेनगंज, फतेहपुर**

**माँ भगवती महाविद्यालय**
जी0टी0रोड, सलेमपुर, सिकन्दरपुर, कन्नौज
Email ID:- mbdegreecollege@gmail.com
Phone:- 9336851293, 8573055555

**शिक्षण हेतु आवश्यकता है**
बी0एस0सी0 – भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान
सहा0 आचार्य की
**योग्यता एंव सेवा शर्ते यू0जी0सी0 एवम् उ0प्र0 शासन के नियमानुसार**
सचिन दुवे
(प्रबन्धक)

**सूचना**
मेरे पॉलिसी संख्या-312145444 में मेरा नाम सूरज कुमार वर्मा लिखा गया है जो कि मेरा घर पर बुलाने वाला नाम है मेरे आधारकार्ड और बैंक खाते में मेरा नाम आलोक कुमार वर्मा है जो कि सत्य व सही है। सूरज कुमार वर्मा व आलोक कुमार वर्मा मेरा ही नाम है किसी अलग-अलग व्यक्ति का नाम नहीं है।

**सूचना**
कम्पनी के कुछ ROC वैधानिक रिकॉर्डर्स गुम हो गए हैं। मिलने वालों को उचित इनाम। सम्पर्क करें- **कनक भवन प्रसाद सेवा प्रा0लि0, कनक भवन मन्दिर मो0 रामकोट अयोध्या। मो0 : 8218830641**

**आयोजन** — एनटीपीसी टांडा में एनडीआरएफ की गोरखपुर टीम के 35 सदस्यों और प्रशिक्षितों ने किया प्रतिभाग

# मॉक ड्रिल कर बताए आपदाओं से निपटने के तरीके

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार** : रासायनिक आपात स्थिति से बचाव के लिए एनडीआरएफ और जिला आपदा प्रबंधन के तत्वावधान से एनटीपीसी टांडा में मॉक ड्रिल का अभ्यास किया गया। जिलाधिकारी अविनाश सिंह के निर्देश पर एडीएम डॉ. सदानंद गुप्ता की देखरेख में एनटीपीसी टांडा में जनपद की विभिन्न टीमों द्वारा सीबीआरएन केमिकल, बायोलाजिकल,, रेडियोलाजिकल और न्यूक्लियर इमरजेंसी पर मेगा मॉक अभ्यास किया गया।

इसी क्रम में 11 एनडीआरएफ के उप महानिरीक्षक मनोज शर्मा के मार्गदर्शन में एनडीआरएफ समन्वयक व फायर ब्रिगेड मुख्य एजेंसी के तौर पर रही। इसमें तमाम विभाग के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी संस्थाओं के मध्य कार्य का विभाजन, आपसी समन्वय की स्थापना व आने वाले संभावित खतरों को ध्यान में रखते हुए अपनी-अपनी कार्य योजनाओं को बनाना शामिल हैं। इस मेगा मॉक अभ्यास का सम्पूर्ण नेतृत्व एनडीआरएफ के उप कमाडेंट सतोष कुमार द्वारा गोरखपुर टीम के 35 सदस्यी पूर्ण प्रशिक्षित टीम द्वारा किया गया। निरीक्षक गोपी गुप्ता ने बताया कि रासायनिक, जैविक व रेडियोधर्मी से होने वाले आपदाओं से बचाव जानकारी ही बचाव का मूल मंत्र है।



एनटीपीसी टांडा में रसायनों से बचाव के लिए मॉक ड्रिल करते एनडीआरएफ के रेस्कुअर।

### जीवन की रक्षा के लिए मॉक ड्रिल जरूरी

मेगा मॉक अभ्यास का मुख्य उद्देश्य किसी भी रासायनिक केमिकल और वायोलोजिकल आपदा के दौरान घायल व चोटिल लोगों के अमूल्य जीवन की रक्षा करना, सभी रिस्पांस एजेंसियों का रिस्पांस चेक करना व सभी स्टेक होल्डर्स के बीच आपसी समन्वय स्थापित करना है। मॉक अभ्यास द्वारा खोज, राहत व बचाव कार्य के संचालन में आने वाली कमियों की समीक्षा कर उन्हें दूर करना है। समय-समय पर इस तरह के मेगा मॉक अभ्यास द्वारा महत्वपूर्ण जीवन की रक्षा की जा सकेगी। यह भी रहे मौजूद : इस मेगा मॉक अभ्यास के दौरान एनटीपीसी के बीसी पल्लई जनरल मैनेजर, एके मिश्रा जीएम, डॉ. राजकुमार सीएमओ, सूर्यभान आपदा विशेषज्ञ, राम आसरे अग्निशमन अधिकारी सहित पूरा स्टॉफ और एनडीआरएफ के रेस्कुअर और अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

**पूर्वोत्तर रेलवे** | अधिसूचना सं.: 15/2024 | **रेल यात्री बन्धुओं के लिये आवश्यक सूचना**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यात्रियों की अतिरिक्त सुविधा के लिये **गोमती नगर से गोड्डा के मध्य नई गाड़ी के संचलन का शुभारम्भ** दिनांक **24-02-2024** को गोड्डा से एक उद्घाटन विशेष गाड़ी चलाकर किया जायेगा। तत्पश्चात नियमित गाड़ी का संचलन दिनांक 01-03-2024 को गोमती नगर से तथा दिनांक 02-03-2024 को गोड्डा से निम्नवत किया जायेगा:-

**उद्घाटन विशेष गाड़ी का समय एवं ठहराव निम्नवत है :-**

**उद्घाटन विशेष गाड़ी संख्या 03403 गोड्डा से गोमती नगर दिनांक 24-02-2024 (शनिवार) को एकल मार्ग**

| स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| गोड्डा | -- | 14:10 |
| हँसडीहा | 14:55 | 15:20 |
| मन्दार हिल | 15:44 | 15:46 |
| बाराहाट | 16:02 | 16:04 |
| भागलपुर | 16:55 | 17:05 |
| सुल्तानगंज | 17:28 | 17:30 |
| मुंगेर | 18:40 | 18:45 |
| बेगूसराय | 19:18 | 19:20 |
| बरौनी | 19:45 | 19:55 |
| हाजीपुर | 21:15 | 21:20 |
| सोनपुर | 21:30 | 21:32 |
| छपरा | 23:10 | 23:20 |
| सीवान | 00:10 | 00:15 |
| भटनी | 00:53 | 00:55 |
| देवरिया सदर | 01:15 | 01:20 |
| गोरखपुर | 02:30 | 02:40 |
| खलीलाबाद | 03:16 | 03:18 |
| बस्ती | 03:43 | 03:46 |
| मनकापुर | 04:27 | 04:29 |
| गोण्डा | 05:10 | 05:15 |
| बुढ़वल | 06:06 | 06:08 |
| बाराबंकी | 06:46 | 06:48 |
| गोमती नगर | 07:30 | -- |

**रेक संरचना:** वातानुकुलित तृतीय-08, जनरेटर सह लगेज यान-01, एलएसएलआरडी-01, शयनयान-06, सामान्य द्वितीय श्रेणी-04, वातानुकुलित द्वितीय-02, = कुल 22 कोच।

**नियमित गाड़ी का समय एवं ठहराव निम्नवत है :-**

**गाड़ी सं. 15090 गोमती नगर से दिनांक 01-03-2024 से प्रत्येक शुक्रवार को**
**गाड़ी सं. 15089 गोड्डा से दिनांक 02-03-2024 से प्रत्येक शनिवार को**

| 15090 गोमती नगर-गोड्डा | | स्टेशन | 15089 गोड्डा-गोमती नगर | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 15:35 | गोमती नगर | 07:30 | -- |
| 16:08 | 16:10 | बाराबंकी | 06:46 | 06:48 |
| 16:32 | 16:34 | बुढ़वल | 06:06 | 06:08 |
| 17:25 | 17:30 | गोण्डा | 05:10 | 05:15 |
| 17:52 | 17:54 | मनकापुर | 04:27 | 04:29 |
| 18:45 | 18:48 | बस्ती | 03:43 | 03:46 |
| 19:16 | 19:18 | खलीलाबाद | 03:16 | 03:18 |
| 20:40 | 20:50 | गोरखपुर | 02:30 | 02:40 |
| 21:55 | 22:00 | देवरिया सदर | 01:15 | 01:20 |
| 22:21 | 22:23 | भटनी | 00:53 | 00:55 |
| 23:05 | 23:10 | सीवान | 00:10 | 00:15 |
| 00:40 | 00:50 | छपरा | 23:10 | 23:20 |
| 01:53 | 01:55 | सोनपुर | 21:30 | 21:32 |
| 02:05 | 02:10 | हाजीपुर | 21:15 | 21:20 |
| 04:10 | 04:20 | बरौनी | 19:45 | 19:55 |
| 04:38 | 04:40 | बेगूसराय | 19:18 | 19:20 |
| 06:00 | 06:05 | मुंगेर | 18:40 | 18:45 |
| 07:43 | 07:45 | सुल्तानगंज | 17:28 | 17:30 |
| 08:22 | 08:32 | भागलपुर | 16:55 | 17:05 |
| 09:26 | 09:28 | बाराहाट | 16:02 | 16:04 |
| 09:43 | 09:45 | मंदार हिल | 15:44 | 15:46 |
| 10:10 | 10:30 | हँसडीहा | 14:55 | 15:20 |
| 11:10 | -- | गोड्डा | -- | 14:10 |

**रेक संरचना:** वातानुकुलित तृतीय-08, जनरेटर सह लगेज यान-01, एलएसएलआरडी-01, शयनयान-06, सामान्य द्वितीय श्रेणी-04, वातानुकुलित द्वितीय-02, = कुल 22 कोच।

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।
मुजाधि/टी-66
मुख्य यात्री परिवहन प्रबन्धक, गोरखपुर

## एक नजर

### इंडियन बैंक की शाखा का निरीक्षण शुरू

**रुपईडीह, गोंडा :** इंडियन बैंक की शाखा आर्यनगर का लखनऊ की निरीक्षण शाखा से आए निरीक्षक के एन चौधरी ने निरीक्षण का कार्य शुरू कर दिया है। शाखा प्रबंधक वीरेंद्र मिश्र ने बताया कि आगामी एक सप्ताह तक चलने वाले इस निरीक्षण के तहत निरीक्षक द्वारा बैंक द्वारा चलाई जा रही सभी ऋण व जमा योजना के तहत चयनित पात्रों की पत्रावलियों का निरीक्षण किया जाएगा।

### तीन माह से नहीं मिली मजदूरी, आक्रोश

**रुपईडीह, गोंडा :** ब्लॉक की ग्राम पंचायत बिछूड़ी में मनरेगा के तहत नव निर्मित अन्नपूर्णा भवन के निर्माण में कार्य कर चुके श्रमिकों को तीन माह से मजदूरी नहीं मिली है। इससे वह सभी आर्थिक तंगी के चलते परेशान हैं। ग्राम प्रधान अनिल कुमार पांडेय ने बताया कि सभी श्रमिकों को मजदूरी का भुगतान कराये जाने की मांग खंड विकास अधिकारी से की गई है।

### पंचायत भवन का निर्माण कार्य हुआ ठप

**रुपईडीह, गोंडा :** मनरेगा के तहत ब्लॉक की ग्राम पंचायत भरिया लबेदपुर में तीन माह से निर्मित हो रहे पंचायत भवन का निर्माण कार्य ठप है। पंचायत सचिव गरिमा यादव ने बताया कि निर्माण कार्य ठप होने की स्थिति से खंड विकास अधिकारी को अवगत करा दिया गया है। बताया कि निर्माण कार्य शीघ्र ही शुरु कराए जाने के लिए पहल की जा रही है।

### मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

**रुपईडीह, गोंडा :** पांच साल पहले मारपीट घटना में न्यायालय से वांछित चल रहे कौड़िया के अशोकवापुर कोटिया मदारा गांव निवासी निरहू व हरिद्वार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों को न्यायालय रवाना कर दिया गया है।

# मालखाने में सड़ रही पालिकाध्यक्ष की बंदूक, 32 आंखें भी बंद

## कैश वैन नहीं आती, दुपहिया वाहन से नकदी लेकर लेकर जाते हैं कर्मचारी, सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम सिफर, सीसीटीवी भी खराब

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचारः** सरकारी दफ्तरों में कर्मचारियों के साथ आए दिन हो रही मारपीट की घटना से पालिका प्रशासन सबक नहीं ले रहा है। सुरक्षा के सारे इंतजामात यहां कोमा में हैं। सभी सीसीटीवी कैमरे खराब हैं जिससे सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठ रहे हैं।


नगरपालिका के हर कक्ष में खराब पड़े सीसीटीवी कैमरे। अमृत विचार


महीनों से बंद पड़ी है बायोमीट्रिक मशीन।


नगरपालिका की चेयरपर्सन उजमा राशिद। अमृत विचार

कर्मचारियों की ससमय उपस्थिति बताने वाली बायोमेट्रिक मशीन भी काफी समय से खराब है। यहां रोजाना तीन से दस लाख जमा होने वाले कैश को कर्मचारी कभी साइकिल और कभी मोटर साइकिल से चार किलोमीटर दूर बैंक में जमा कराने जाते हैं। ठेका और नीलामी के दिन यहां के संवेदनशील कोषागार कक्ष मे सैकड़ों लोगों का जमावड़ा हो जाता है। हाल ही में लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता कार्यालय में तैनात लिपिक को एक बड़े निर्माण ठेके मामले में कुछ ठेकेदारों ने जमकर पीट दिया था। बाद में विभाग के सभी कैमरा बंद बताए गए और पुलिस हाथ मलती रह गई। इसके तीसरे दिन अम्बेडकर चौराहा स्थित बिजली दफ्तर मे भी कुछ लोगों ने कर्मचारी से मारपीट की थी। सारी घटना कैमरे में कैद हुई और कार्रवाई चल रही है।

ऐसी ही स्थितियों में सुरक्षा के दृष्टिगत पालिका मे सीसीटीवी कैमरा लगाए गए थे। इतना ही नहीं प्रशासन की ओर से पालिकाध्यक्ष के नाम डबल बैरल बंदूक कई दशकों पहले से अलॉट है। लेकिन अब यह बंदूक कहीं मालखाने में सड़ रही है जिसकी जानकारी खुद पालिकाध्यक्ष को नहीं है। इतना ही नहीं पालिका के विभिन्न अनुभागों मे सुरक्षात्मक नजर रखने के लिए लगाए गए 32 सीसीटीवी कैमरे मे कहीं टूटे, कहीं खराब तो कहीं गायब हैं। यहां कर्मचारियों की बायोमेट्रिक हाजिरी के लिए लगी मशीन भी खराब हो चुकी है जिसका महीनों से कोई पुरसाहाल नहीं है।

### सभासदों ने जताई चिंता, सुरक्षा व्यवस्था की मांग

जिला सभासद संघ के अध्यक्ष और महाराजगंज वार्ड से सभासद शाहिद अली कुरैशी ने बताया कि कर्मचारियों की सुरक्षा के दृष्टिगत सुरक्षा के इंतजाम होने आवश्यक हैं, पब्लिक डीलिंग के पटल हों या बैठक का सभागार, हर जगह कैमरा की नजर जरूरी है ताकि शरारती तत्वों की हिम्मत न बढ़े। राधाकुंड वार्ड के सभासद और अधिवक्ता अलंकार सिंह ने हाल ही मे लोक निर्माण विभाग और बिजली दफ्तर में कर्मचारी के साथ हुई मारपीट की घटना के बाद इसी को लेकर अध्यक्ष व ईओ से मुलाकात की थी और सीसीटीवी कैमरे दुरुस्त कराने की मांग की थी।

### बंदूक को लेकर अनजान पालिकाध्यक्ष

लगातार दूसरी बार चुनकर आई नगर पालिका परिषद गोंडा की चेयरपर्सन उज्मा राशिद इस तथ्य से अनजान हैं कि उनके पदनाम से पालिका में कोई बंदूक भी है। उनके पति चेयरमैन प्रतिनिधि डॉ राशिद इकबाल ने बताया कि अधिशासी अधिकारी से नगरपालिका दफ्तर में खराब पड़े सीसीटीवी कैमरों और बंद बायो मेट्रिक मशीन की जानकारी ली जाएगी। बोले कि नगरपालिका मे सुरक्षा इंतजामों पर फोकस किया जा रहा है। उधर ईओ संजय मिश्रा ने इस विषय पर जानकारी नहीं होने की बात कही है। बोले जिम्मेदार पटल से जानकारी मांगी गई है।

# ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा, बालक की गई जान

## परसपुर थाना क्षेत्र के डेहरास चौराहे के समीप हुआ हादसा, दंपति घायल, जांच में जुटी पुलिस

परसपुर, गोंडा

**अमृत विचारः** परसपुर थाना क्षेत्र के डेहरास चौराहे के समीप बुधवार को एक बेकाबू ट्रक ने बाइक सवार को रौंद डाला। इस हादसे में बाइक पर बैठे 12 वर्षीय बच्चे की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक सवार दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है। पुलिस घटना की जांच में जुटी है।


हादसे के बाद परसपुर थाने के बाहर खड़ा ट्रक। अमृत विचार

उमरी बेगमगंज थाना क्षेत्र के सोनौली मोहम्मदपुर निवासी मोनू सिंह अपनी पत्नी व बेटे दिव्यांश (12) के साथ बैसनपुरवा मलांव स्थित अपने साढू के घर जा रहे थे। तीनों एक ही बाइक पर सवार थे। वह परसपुर थाना क्षेत्र के डेहरास कटहा घाट मार्ग पर गजराज पुरवा गांव के सामने पहुंचे थे कि विपरीत दिशा से आ रहे एक बेकाबू ट्रक ने उनकी बाइक में सामने से ठोकर मार दी और उन्हे रौंदता हुआ निकल गया। इस दर्दनाक हादसे में 12 वर्षीय दिव्यांश की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि मोनू सिंह व उनकी पत्नी बिट्टू सिंह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पहले उन्हें स्थानीय सीएससी और उसके बाद जिला अस्पताल पहुंचाया। घायल दंपति को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। पुलिस नंबर तक दिव्यांश के शोक का पंचनामा भरकर उसे पीएम के लिए भेजा है।

**अश्लील फोटो वायरल करने वाले तीन पर केसः खरगूपुर, गोंडाः** खरगूपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली एक युवती की अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने और उसकी शादी तोड़ने के मामले में आरोपी युवक के खिलाफ खरगूपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। इस मामले में युवक के माता-पिता को भी आरोपी बनाया गया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### युवक की करंट से मौत

**उमरी बेगमगंज, गोंडा :** ग्राम ऐली परसौली नई बस्ती निवासी खुद्दी पुत्र रामधन 38 वर्ष की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई मंगलवार की रात मृतक खेत में छुट्टा जानवर भगाने गया था इसी दौरान बिजली का करंट लगने से उसकी मौके पर मौत हो गई भाई की सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेज दिया है इस बाबा थानाध्यक्ष उमरी बेगमगंज संजीव वर्मा ने बताया कि शव को पीएम के लिए भेजा गया है कार्यवाही की जा रही है

# लोक अदालत में पांच सौ मुकदमों में कार्रवाई शुरू

तरबगंज, गोंडा

**अमृत विचारः** बुधवार को तहसील मुख्यालय पर सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे के मुकदमे के निस्तारण के लिए लोक अदालत का आयोजन किया गया। बताते चलें कि तरबगंज तहसील में सरकारी जमीनों पर कब्जे के हजारों मुकदमे लंबित है जिन पर कार्रवाई नहीं हो पा रही है। डेट के फेर में सरकारी संपत्ति पर दबंगों का कब्जा है।

लोक अदालत के दौरान 500 से अधिक मुकदमों में कार्रवाई की शुरुआत हो गई है। एसडीएम भरत भार्गव और और तहसीलदार केशव प्रसाद ने मुकदमों की सुनवाई की। इस मौके पर भारी संख्या में वादकारियों के ना आने पर अधिवक्ताओं ने दूसरी तिथि नियत करने की मांग की ताकि अगली तिथि पर उसकी सुनवाई करवाई जा सके।

इस पर तहसीलदार केशव प्रसाद ने हाईकोर्ट से निर्देशित प्रकरणों की बृहस्पतिवार को सुनवाई करने और आपत्ति दाखिल करने वाले प्रकरणों में अन्य तिथि नियत करने के निर्देश दिए। गैर हाजिर अवैध कब्जा धारकों के विरुद्ध मुकदमों को आदेश के लिए सुरक्षित कर लिया गया है। सुनवाई के दौरान सुरेंद्र सिंह समेत भारी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# भारत और नेपाल क्रॉस बॉर्डर बस सेवा आज से


**गोंडा कार्यालयः**देवी पाटन मंडल क्षेत्र से नेपाल जाने वाले यात्रियों की राह रोडवेज ने असान कर दी है। जो राह निर्माणाधीन ब्रॉड गेज रेलवे ट्रैक के चलते डेढ़ साल के लिए अवरुद्ध हो चुका है, आने वाले दिनों मे यात्रियों की मुश्किलें रोडवेज की इस कदम से दूर हो जाएंगी। देवी पाटन क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक अंकुर विकास ने बताया कि गुरुवार सुबह एक भव्य कार्यक्रम के दौरान इसका शुभारंभ कर दिया जाएगा।

रुपईडीह से फ़िलहाल जिन 15 रूटों के लिए विभागीय परमिट दी गई है उनमे से दो दो बसें गोंडा और बलरामपुर डिपो से भी हैं। गोंडा डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक कपिल देव ने बताया कि गोंडा डिपो की दो बसें, चार चालकों और चार परिचालकों को रुपईडीह के लिए रिलीव किया जा चुका है। इसी प्रकार बलरामपुर डिपो की दो बसें, आठ चालकों और चार परिचालकों समेत रिलीव किए जा चुके हैं। आरएम अंकुर विकास के अनुसार यात्रियों की सुविधा के दृष्टिगत देवीपाटन क्षेत्र के अधीन भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर सीमा स्थित रुपईडीह डिपो की बसों का संचालन नेपालगंज स्थित डिपो के लिए आवागमन गुरुवार से शुरू हो जाएगा। बताया कि फिलहाल जिन 15 रूटों के लिए विभागीय परमिट दी गई है।

# ढाबे पर हो रहा था घरेलू गैस का उपयोग, केस

परसपुर, गोंडा

**अमृत विचारः** ढाबे पर घरेलू गैस का उपयोग हो रहा था। पूर्ति विभाग की टीम ने छापेमारी की तो चार सिलेंडर बरामद हुए। जिलाधिकारी के अनुमोदन के बाद पूर्ति निरीक्षक ने आरोपी होटल संचालक के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया है।


परसपुर में छापेमारी के दौरान बरामद घरेलू सिलेंडर। अमृत विचार

जिले में होटल संचालकों द्वारा कमर्शियल गैस की जगह पर घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग किया जा रहा है। जिसकी शिकायत आपूर्ति विभाग में हो रही है। जिला पूर्ति अधिकारी ने शिकायत पर टीम गठित कर आदेश दिया था। कर्नलगंज के क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी रामशरण की अगुवाई में पूर्ति निरीक्षक महेश प्रसाद तथा सुनील दिवाकर ने परसपुर थाना क्षेत्र के परसपुर बेलसर रोड स्थित पुजारी ढाबा पर छापेमारी की तो मौके पर दो घरेलू गैस सिलेंडर तथा दो खाली सिलेंडर मिले। टीम ने अपनी जांच रिपोर्ट जिलाधिकारी नेहा शर्मा को दी। जिलाधिकारी ने पूर्ति विभाग को आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत केस दर्ज करने को कहा। स्थानीय पूर्ति निरीक्षक महेश प्रसाद ने परसपुर थाने में ढाबा संचालक सचिन सिंह निवासी राजा टोला परसपुर के खिलाफ बिना अग्निशमन उपकरण के घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग प्रतिष्ठान पर करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। तबरीर के आधार पर परसपुर पुलिस ने आरोपी होटल संचालक के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है। जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडे ने बताया कि होटल पर घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग नहीं किया जा सकता। होटल पर कमर्शियल गैस का उपयोग किया जा रहा था। शिकायत पर छापेमारी हुई थी। चार सिलेंडर मौके से पाया गया है। जिलाधिकारी से अनुमोदन के बाद दुकानदार के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत केस दर्ज करने के लिए तहरीर दी गई है। वही परसपुर थाना अध्यक्ष शेषमणि पांडे ने बताया कि पूर्ति निरीक्षक की तहरीर पर ढाबा संचालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## सार-संक्षेप

### रामकुमार तिवारी अध्यक्ष, शिव सेवक तिवारी मुख्य संरक्षक


संगठन के चुनाव में नवागत पदाधिकारियों के साथ नवनिर्वाचित अध्यक्ष। अमृत विचार

**बेलसर, गोंडा :** सभासद एसोसिएशन संगठन का चुनाव बेलसर ब्लॉक सभागार में संपन्न हुआ जिसमे राम कुमार तिवारी को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। बुधवार को चुनाव अधिकारी राजीव कुमार पांडेय की देखरेख में सभासद एसोसिएशन संगठन का चुनाव ब्लॉक सभागार में आयोजित किया गया। चुनाव में सर्वसम्मति से रामकुमार तिवारी को अध्यक्ष, मुख्य संरक्षक शिव सेवक तिवारी, उपाध्यक्ष अमित तिवारी, नकछेद कनोजिया, पवन कौशल, विजय प्रताप सिंह, सचिव अमर पाल सिंह कोषाध्यक्ष घनश्याम, मंत्री उमेश्वर प्रताप सिंह, मनने, राजेश कुमार सिंह निर्वाचित किए गए।

### 13 आंगनबाड़ी केंद्रों पर मिलेगा पका हुआ भोजन

**रुपईडीह, गोंडा :** ब्लॉक के विभिन्न गांव में संचालित 13 आंगनबाड़ी केंद्रो पर नामांकित बच्चों को पका पकाया भोजन वितरित किए जाने के लिए कार्रवाई शुरू कर दी गई है। ब्लॉक के एडीओ आईएसबी आजम खान ने बताया कि शासन द्वारा ब्लॉक में पायलट परियोजना के रूप में भैरमपुर, सरौना, गौसिहा, भटपी, तेंदुआ चौखड़िया, विशुनापुर बेलभरिया, छिटनापुर तथा पेड़ारे गड़वा को मिलाकर 13 केंद्रो को चिन्हित किया गया है। बताया केंद्रो पर बच्चों को पका पकाया भोजन वितरित किए जाने के लिए ग्राम पंचायत निधि से बरतन खरीदारी किए जाने के लिए पंचायत सखियों को निर्देश दिया गया है।

### श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का किया वर्णन



**करनैलगंज, गोंडा :** क्षेत्र के ग्राम पहाड़ापुर में चल रहे श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ में अयोध्या से आए कथावाचक पंडित वीरेंद्र गोपाल महाराज ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने पूतना, तृणावर्त, सकटासुर और अघासुर, बकासुर आदि दैत्यों के उद्धार की कथा कही। इसके साथ भगवान के माखन चोरी की लीलाओं का वर्णन करते हुए भगवान कृष्ण के जीवन चरित्र को बताया। भगवान इंद्र का मान मर्दन के लिए गोवर्धन धारण लीला के साथ भागवत पुराण में भगवान कृष्ण चरित्र आदि की कथा प्रस्तुत की गई। कथा के दौरान छोटे-छोटे नन्हे मुन्ने बच्चों को भगवान कृष्ण उनके बाल सखा के रूप में सजाया गया। इस अवसर पर श्रीनाथ रस्तोगी, शिवम गुप्ता, प्रदीप सोनी, रवि श्रीवास्तव, अजय मौर्या, मनोज शुक्ला, कृष्ण रस्तोगी, डॉक्टर धनेश गोस्वामी, ज्वाला प्रसाद, राम तीरथ, शुभम मौजूद रहे।

### पॉवर एंजिल सशक्तीकरण प्रशिक्षण का समापन

**परसपुर, गोंडा :** ब्लॉक संसाधन केंद्र परसपुर पर चल रहे पॉवर एंजिल् सशक्तिकरण प्रशिक्षण का समापन प्रमाण पत्र वितरण के साथ हुआ| तीसरे और अंतिम दिवस संदर्भदाता दुर्गा प्रसाद गुप्ता द्वारा मानसिक स्वास्थ्य, आपातकालीन नंबर 1098, जलवायु , परिवर्तन, संतुलित आहार और एनिमिया के बारे मे चर्चा करते हुए बताया कि हमें किशोर किशोरियों को गतिविधियों के माध्यम से इन विषयों पर जागरूक करना होगा तथा उन्हे प्रेरित करना होगा कि सीखे गए सकारात्मक व्यवहार को अपने परिवार और समाज तक ले जाएं तथा उन्हे भी जागरूक करें संदर्भदाता पंकज चौधरी ने पावर एंजिल् और मीना मंच के सदस्यों के लिए विकसित की गयी एक्टिविटी बुक 'प्रगति के पंख' के विद्यालयों में संचालन संबंधी दिशा निर्देशों के बारे मे प्रतिभागियों को बताया| कार्यशाला मे रंजना, रजनी, प्रिंस, पूनम, सपना, लीलावती, प्रियंका, आरती, प्रज्ञा, नमिता, पंकज, अजय, रामरंग आदि ने मीना मंच सुगमकर्ता के रूप में ट्रेनिंग ली।

### नमो नमो क्रांति फाउंडेशन ने चलाया सदस्यता अभियान


सदस्यता अभियान को लेकर संपर्क करते नमो-नमो फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष।

**करनैलगंज, गोंडा :** नमो-नमो क्रांति फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष की अगुवाई में सदस्यता अभियान चलाया गया। करनैलगंज के पिपरी ब्रह्मचारी बाबा स्थान के पास आयोजित कार्यक्रम में संजय पांडेय को अवध क्षेत्र का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। उन्हें प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा एक दर्जन नए सदस्यों को नई जिम्मेदारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष दीपक तिवारी, प्रदेश मंत्री राजेंद्र त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष सविता मिश्रा, जिला सलाहकार एडवोकेट मोहित मिश्रा, संजय श्रीवास्तव सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# भीमसेन को पीएचडी की उपाधि

**मनकापुर, गोंडाः** इंसान में कुछ कर गुजरने का जज्बा हो तो मंजिल कदम चूम ही लेती है। करीब तीस साल से घर छोड़कर पिता के साथ रहकर सीमित संसाधनो के सहारे पीएचडी की उपाधि हासिल किया है।

कस्बे के मोहल्ला शास्त्री नगर में स्थित श्री गांधी आश्रम में पिछले तीस साल से मामूली नौकरी करने वाले मेही लाल यादव जो मूलतः जनपद देवारिया के तहसील सलेमपुर क्षेत्र के ग्राम परसिया खाप के रहने वाले मेही लाल के तीन पुत्रो में सबसे छोटे पुत्र भीम सेन यादव इलाहाबाद विश्व विद्यालय के प्रोफेसर नरेश सिसौदिया मोती लाल नेहरु राष्ट्रीय प्रोऔद्योगिक के निर्देशन में भौतिकी विज्ञान से पीएचडी किया और वर्तमान में लखनऊ भू-गर्भ जल विभाग में जल वैज्ञानिक के पद पर तीन साल से कार्य करते हुए शोध कर रहे है।


अपने गुरु प्रो . नरेश सिसोदिया के साथ उपाधि लेते भीमसेन। अमृत विचार

भीम सेन के पिता श्रीगांधी आश्रम में नौकरी करते है और माता दौपदी यादव गृहणी,बड़ा भाई शिव कुमार यादव जनपद बस्ती में पुलिस आरक्षी के पद पर है और भाई सतीश चंद यादव नंदनी नगर महा विद्यालय में लाईबेरियन के पद पर कार्यरत है।

भीम सेन यादव की प्राथमिक पढाई कस्बें के मोहल्ला राजेन्द्र नगर में पंचायती विद्या मंदिर से किया। कक्षा छह से बारह तक पढाई जवाहर नवोदय विद्यालय से करने के बाद.आगे की पढाई के लिए इलाहाबाद विश्वविद्यालय में बीसीएम,एमएससी कर वही से डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की।भीम सेन यादव ने दूरभाष पर कहा इस उपलब्धि का श्रेय वे अपने माता पिता व गुरुजनों को देते हुए बताया कि नियमित आठ से 10 घंटे पढ़ाई करता हूं उन्होंने कहा कि इच्छा शक्ति,मेहनत व लगन रहे तो इंसान हर लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है।

# बकाया रुपये मांगने पर दी गई धमकी

**खरगूपुर, गोंडाः** ग्राम रामनगर झिन्ना के मायाराम ने डीआईजी को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि ग्राम संझवल के अशोक कुमार ने पारिवारिक संबंध के चलते उसके पिता रक्षाराम को बहला फुसला कर 17 जून को इंडियन बैंक की जानकीनगर शाखा से दो लाख रुपये अपने खाते में ट्रांसफर करा लिया था। इसके बाद उसके पिता का निधन हो गया। पत्र में कहा गया है कि एक लाख दस हजार रुपये देने के बाद अशोक कुमार शेष रुपए मांगने पर टाल मटोल कर रहा है। रुपए वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि इस संबंध में जांच की गई। आरोप निराधार है।

# मांगों के समर्थन में उतरे बार काउंसिल के सदस्य

मनकापुर, गोंडा

**अमृत विचारः** अधिवक्ताओं के क्रमिक अनशन के 14वें दिन उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के सदस्य जय नरायन पांडेय ने अनशनकारी अधिवक्ताओं से मिलकर उपजिलाधिकारी के स्थानांतरण के लिए समर्थन किया।

बार एसोसिएशन मनकापुर द्वारा एसडीएम मनकापुर राजीव मोहन सक्सेना के स्थानान्तरण की मांग तहसील,जिला व मंडल से आगे प्रदेश स्तर पर पहुंच गई है। अध्यक्ष बार एसोसिएशन मनकापुर श्याम लाल शुक्ल ने बताया कि हमारे जनहित की मांग को उ प्रदेश बार काउंसिल के सदस्य/पूर्व उपाध्यक्ष जय नारायण पांडेय ने समर्थन देते हुए उपमुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश से मनकापुर अधिवक्ताओं का प्रतिनिधिमंडल मिलकर अपनी समस्याओं का समाधान चाहता है उपमुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश बृजेश पाठक के कार्यालय से शीघ्र प्रतिनिधिमंडल से वार्ता का समय सुनिश्चित करके सूचना दी जायेगी।

अनशन स्थल पर अनिल कुमार तिवारी, अनिल कुमार दुबे, विकास दर द्विवेदी, गोमती प्रसाद पाठक, उमेश शुक्ला, श्रवण कुमार शुक्ल व सैकड़ों अधिवक्ताओं ने प्रदेश बार कौंसिल सदस्य के समक्ष समस्याओं को रखा।

# मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए भेजा अयोध्या

**करनैलगंज, गोंडाः** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करनैलगंज में बुधवार को जिला अंधता निवारण समिति गोंडा के तत्वावधान में नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों के नेत्र संबंधी बीमारियों का जांच व इलाज किया गया। नाखून, नासूर, भेंगापन, मोतियाबिंद, निकट दृष्टदोष, दूर दृष्टि दोष आदि बीमारियों की जांच व दवाइयां तथा चश्में जांच किया गया। ऑपरेशन योग्य पाए गए मोतियाबिंद मरीज बेचन, जावित्री, देवी, प्रीति देवी, बाबू चंद, सूरज देवी, अरविंद कुमार, बैजनाथ, बुधना देवी, कृष्णा देवी, शीला सिंह, सूर्य प्रताप, माता प्रसाद, विद्यावती, केशव राम, दिनेश, हंसराम, जगदेव आदि मरीजों को मोतियाबिंद योग्य पाया गया। जिन्हें निशुल्क लैंस प्रत्यारोपण विधि द्वारा ऑपरेशन के लिए अयोध्या नेत्र चिकित्सालय के लिए भेजा गया।

यह जानकारी नेत्र परीक्षण अधिकारी अवधेश गोस्वामी ने देते हुए बताया कि प्रत्येक बुधवार को को नेत्र शिविर का कार्यक्रम आयोजित होता रहेगा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ अनुज ने बताया कि इस वर्ष लगातार प्रत्येक बुधवार को निशुल्क लैंस प्रत्यारोपण विधि द्वारा मोतियाबिंद का ऑपरेशन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर किया जा रहा है।

# बटुक ब्राह्मणों का हुआ उपनयन संस्कार

## भीखमपुरवा के पंडित मदन मोहन मालवीय गुरुकुल वेद पाठशाला में आयोजन

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचारः** इटियाथोक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत अहिरौलिया के भीखम पुरवा गांव में बुधवार को पंडित मदन मदन मोहन मालवीय गुरूकुल वेद पाठशाला में बटुक ब्राम्हणों का उपनयन संस्कार (जनेऊ) कराया गया। उपनयन संस्कार के बाद अब विद्यार्थी वेद की शिक्षा ग्रहण करेंगे।


गुरुकुल वेद पाठशाला में उपनयन संस्कार कराते विद्यार्थी। अमृत विचार

इटियाथोक के भीखमपुरवा गांव स्थित पंडित मदन मदन मोहन मालवीय गुरूकुल वेद पाठशाला में बच्चों को निशुल्क शिक्षा दी जाती है। बच्चों को पढाई से साथ साथ यहां रहने और खाने का भी इंतजाम है। गुरुकुल में उत्तर प्रदेश, बिहार सहित कई राज्यों के विद्यार्थी पढ़ रहे है।

गुरुकुल के आचार्य शिवप्रसाद तिवारी ने बताया कि सनातन पद्धति को जीवंत रखने के लिए निशुल्क गुरुकुल का संचालन कराया जा रहा है। इस समय आश्रम में 30 से अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। इन सभी छात्रों को आश्रम में रहते हुए छह माह से अधिक का समय हो गया है। इनमें से 15 विद्यार्थियों का बुधवार को उपनयन संस्कार (जनेऊ)कराया गया। आचार्य ने बताया कि शास्त्रों के अनुसार अब यह सभी विद्यार्थी वेद पढ़ना प्रारम्भ कर सकेंगे।

इस दौरान छात्रों के माता-पिता भी उपस्थित रहे। उपनयन संस्कार के बाद आश्रम में विशाल भंडारा आयोजित हुआ। भंडारे में गुरुकुल के विद्यार्थियों के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए और प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान राजू तिवारी, शिव मोहन तिवारी, राम कुमार तिवारी, पवन कुमार तिवारी, विनोद कुमार, किशन लाल, राकेश आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### ब्लॉक संसाधन केंद्र पर प्रशिक्षण आज से

**रुपईडीह, गोंडा :** सेल्फ स्टीम कार्यक्रम के तहत ब्लॉक के 73 विद्यालयों में पावर एंजेल के सशक्तिकरण के लिए कल 22 फरवरी से तीन दिवसीय सुगमकर्ताओं का खंड स्तरीय प्रशिक्षण ब्लॉक संसाधन केंद्र पर शुरू होगा। ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार सिंह ने बताया कि इस प्रशिक्षण के लिए दुर्गा प्रसाद गुप्त व रामायण प्रसाद मिश्र को प्रशिक्षक नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में सहयोग दिए जाने के लिए ब्लॉक के एआरपी चंद्रशेखर तिवारी को निर्देश दिया गया है तथा प्रत्येक विद्यालयों के एक-एक शिक्षकों को प्रशिक्षण में शामिल किया जाएगा।

### बाल श्रम को लेकर तीन लोगों को दी गई नोटिस

**गोंडा कार्यालय :** जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में चौक बाजार, गुड्डू मल चौराहा, स्टेशन रोड आदि बाजारो में साप्ताहिक बंदी का निरीक्षण श्रम प्रवर्तन अधिकारी योगेश दीक्षित और उनकी टीम द्वारा किया गया। साप्ताहिक बंदी का पालन न करने वाले व्यापारियों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही जिलाधिकारी की अनुमति के बाद की जाएगी। चौक बाजार में होटलों में किशोरों द्वारा कार्य करते हुए पाए जाने पर तीन सेवायोजकों को बाल श्रम उन्मूलन अधिनियम के तहत नोटिस दी।

### बभनान मार्ग पर सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**बभनान, गोंडा :** मसकनवा बभनान मार्ग पर परसा तिवारी के पास चार पहिया वाहनों की आमने सामने की टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लें जाया गया। बुधवार को मसकनवा बभनान मार्ग पर परसा तिवारी के पास चार पहिया वाहनों की टक्कर में शत्रुहन पुत्र बंशराज यादव 25 वर्ष निवासी श्रृंगीनारी बैजलपुर थाना परशुराम पुर जिला बस्ती घायल हो गए। उपचार के बाद गोंडा रेफर कर दिया गया।युवक किसी काम से परसा तिवारी बाजार आया था।

### भागवत कथा के प्रभाव से परीक्षित को मिला था मोक्ष

**नवाबगंज, गोंडा :** महंगूपुर गांव में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिन कथा व्यास पं रामकुमार शास्त्री ने श्रीकृष्ण सुदामा की मित्रता की कथा सुनाई और परीक्षित मोक्ष प्राप्ति के साथ कथा सम्पन्न हुआ। पावन नगरी अयोध्या धाम से पधारे कथावाचक पं रामकुमार शास्त्री ने श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता को विश्व में अनुकरणीय है। तथा उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा जैसी मित्रता विश्व में सबसे विश्वसनीय है।आज के युग में लोभ स्वार्थ के वशीभूत मित्रता का बोलबाला है। आज के समय में सम्पन्न मित्र निर्धन को हेय दृष्टि से देखता है। कथा व्यास जी ने भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता का भजन के माध्यम से श्रोताओं को उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा "अरे द्वारपालों कन्हैया से कह दो दर पे सुदामा गरीब आ गया है।

# 143 केंद्रों पर बोर्ड परीक्षा आज से, तैयारियां पूरी

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है। परीक्षाएं बृहस्पतिवार से प्रारंभ होगी। परीक्षा को लेकर 143 स्कूलों को केंद्र बनाया गया है। इस वर्ष की परीक्षा में कुल 92 हजार परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। सभी परीक्षा केंद्रों को सीसीटीवी कैमरे से लैस किया गया है और परीक्षा के निगरानी के लिए प्रत्येक केंद्र पर केंद्र व्यवस्थापक अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक व स्टैटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। जिले को चार जोन और 20 सेक्टर में बांटा गया है। प्रत्येक जोन और सेक्टर में भी मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गयी है जो लगातार भ्रमणशील रहकर परीक्षा केंद्रों की निगरानी करेंगे। इसके अतिरिक्त सचल दस्ता भी लगातार भ्रमण कर परीक्षा का जायजा लेगा। डीएम नेहा शर्मा व सीडीओ एम अरुन्नमौलि ने जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार समेत अन्य अफसरों के साथ बैठक कर समीक्षा की।

**फैक्ट फाइल**

| | |
|---|---|
| कुल परीक्षार्थी | 92072 |
| हाईस्कूल | 51477 |
| इंटरमीडिएट | 40595 |
| परीक्षा केंद्र | 143 |
| सेक्टर | 20 |
| जोन | 04 |



गोंडा कलेक्ट्रेट सभागार में बोर्ड परीक्षा को लेकर बैठक करतीं जिलाधिकारी नेहा शर्मा। अमृत विचार

**बोर्ड परीक्षा में शामिल हो रहे परीक्षार्थियों का विवरण**

| | | | |
|---|---|---|---|
| हाईस्कूल | 51477 | इंटरमीडिएट | 40595 |
| बालक | 27194 | बालक | 21995 |
| बालिका | 24283 | बालिका | 18600 |

# भाजपा 400 सीट जीतेगी



कैसरगंज सांसद बृजभूषण शरण सिंह का स्वागत करते लोग। अमृत विचार

**बभनजोत, गोंडा:** भाजपा चार सौ से अधिक सीटों पर जीत दर्ज करेगी। उक्त बातें कैसरगंज सांसद बृजभूषण सिंह ने कही। कैसरगंज सांसद क्षेत्र के पूर्व विधायक रहे अवध नारायण सिंह के सुपुत्री व जिला पंचायत सदस्य बिंदेश्वरी प्रताप सिंह के यहां वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे । उन्होने कहा की स्वामी प्रसाद मौर्य व राहुल गांधी भाजपा के स्टार प्रचारक के रूप में कार्य कर रहे है। स्वामी प्रसाद मौर्य के विवादित बयान पर उन्होंने कहा कि सनातन धर्म सबसे पुराना है और रहेगा । उनके बयान से इसमें कोई फर्क नहीं होगा। कैसरगंज सांसद ने कहा कि भाजपा लगातार सर्व समाज के लिए कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी के अगुवाई में विकास का नया आयाम स्थापित हो रहा है।

# बारिश और तेज हवा से गेहूं सरसों की फसल जमींदोज

## पोल टूटने से कई इलाकों की बिजली गुल, किसानों की बढ़ी परेशानी

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** मंगलवार की देर रात बिगड़े मौसम के मिजाज ने फसलों को जबरदस्त नुकसान पहुंचाया है। तेज हवा और बारिश से गेंहू व सरसो की फसलें जमीदोंज हो गयी है। जिले के कई इलाकों में ओले भी गिरने की सूचना है। इस बदले मौसम ने किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। वहीं आंधी के चलते कई बिजली आपूर्ति ध्वस्त हो गई है और कई इलाकों की बिजली गुल हो गयी है। परसपुर क्षेत्र में दर्जनों बिजली के खंभे टूटकर गिर गए हैं। बुधवार को बिजली कर्मी व्यवस्था को ठीक कर विद्युत व्यवस्था बहाल करने में जुटे रहे।

मंगलवार की देर रात मौसम का मिजाज एक बार फिर से बदल गया रात करीब 11 बजे से तेज आंधी के साथ बारिश होनी शुरू हो गई। बारिश के साथ हवा चलने से तापमान में गिरावट हुई और ठंड में इजाफा हो गया। हवा और बारिश से गेहूं और सरसों की फसल गिर गई। परसपुर कर्नलगंज में तरबगंज क्षेत्र में गेहूं की फसलों को नुकसान पहुंचा है। वहीं तेज हवा के कारण कई इलाकों में बिजली के पोल टूट कर गिर गए और बिजली व्यवस्था ठप हो गई। तेज आंधी के साथ हुई बरसात से परसपुर के उपकेंद्र शुक्लगंज से हो रही क्षेत्र की आपूर्ति ठप हो गई।अवर अभियंता आमोद कुमार सिंह ने बताया की डेहरास फीडर के पंडितपुरवा की एलटी लाइन के चार पोल टूट गए है। जबकि मंगुरा फीडर के डीडीसियाखुर्द के पास एचटी लाइन के चार पोल टूटे है। बेलसर टाउन फीडर के दो पोल एचटी लाइन जबकि एक पोल एलटी लाइन का टूटा है। उमरी फीडर पर भी लोकल फाल्ट आ गया है। बताया फाल्ट खोजने का कार्य चल रहा है । जहां पोल बदलना है वहां आपूर्ति बहाल करने में टाइम लगेगा। अन्य क्षेत्रों में आपूर्ति बहाल किया जा रही है।



बारिश और हवा के चलते खेतों में गिरी पड़ी गेंहू की फसल। अमृत विचार

बेलसर गोंडा मार्ग पर जगदम्बा महाविद्यालय के पास सड़क पर पेड़ गिरने से काफी देर तक यातायात बाधित रहा। ब्लॉक परिसर में भी बीडीओ आवास के सामने पेड़ टूटकर गिर गया। करनैलगंज इलाके में भी तूफान व बारिश ने जबरदस्त नुकसान पहुंचाया है। गेहूं सहित अन्य तिलहनी फसलें गिरकर जमीदोंज हो गयी हैं। वहीं, ग्रामीण क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति भी ठप हो गयी है। बिजली गुल होने से ग्रामीण क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ता परेशान हैं। बिजली कटे 15 घंटे से ऊपर हो गए हैं जिससे घरों के इनवर्टर भी डिस्चार्ज हो गए हैं। विद्युत से चलने वाले उपकरण बंद पड़े हैं। मोटर न चलने से लोगों के सामने पानी की किल्लत खड़ी हो गई है।

करनैलगंज एसडीओ नर्सिंग नारायन भारतीय ने बताया कि आंधी में तारों पर पेंड़ों की टहनी गिरने से समस्या आई है। कर्मियों को लगाया गया है। शीघ्र ही विद्युत आपूर्ति बहाल की जाएगी। वहीं बुधवार को भी आसमान में बादल छाए रहे। मौसम विभाग के मुताबिक अभी दो दिन तक मौसम खराब रहने की संभावना है। हालांकि गेंहू की सिंचाई न करने वाले किसानों को इस बारिश से फायदा भी हुआ है।

# पाककला प्रतियोगिता में श्रीमती अव्वल

**गोंडा कार्यालय:** परिषदीय स्कूलों में कार्यरत रसोइयों की कार्य कुशलता को परखने के लिए बुधवार को बेसिक शिक्षा विभाग की तरफ से पाककला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सभी 16 ब्लाकों के रसोइयों ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में वजीरगंज की रसोइयां श्रीमती को पहला स्थान मिला। सीडीओ और बीएसए ने विजेता रसोइयों को प्रशस्ति पत्र व नकद धनराशि देकर सम्मानित किया।

बेसिक शिक्षा विभाग की तरफ से मध्यान्ह भोजन योजना के तहत बुधवार को एक निजी लॉन में रसोइया पाक-कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 16 विकास खण्डों एवं नगरक्षेत्र से कुल 30 रसोइयों ने प्रतिभाग किया।



प्रतियोगिता की विजेता रसोइयां को प्रशस्ति पत्र देतीं सीडीओ एम अरुन्मौलि।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रेमचंद यादव ने भोजन चखकर रसोइयों का हौसला बढ़ाया। रसोइयों की तरफ से कई तरह के व्यंजन बनाए गए। निर्णायक मंडल में शामिल गीता त्रिपाठी, प्रधानाचार्या राजकीय बालिका इण्टर कालेज, सुषमा सिंह, प्रोफेसर गृह विज्ञान सरस्वती देवी नारी ज्ञानस्थली महाविद्यालय व चीफ कुक मेल्टिंग मोमेन्ट रेस्टोरेन्ट ने निर्णायक के रूप में उपस्थित होकर भोजन का स्वाद, पौष्टिक तत्व, भोजन पकाने का तरीका, स्वच्छता, सुरक्षा एवं सभ्य व्यवहार के आधार पर विजेता का फैसला किया। इस प्रतियोगिता में वजीरगंज ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय रमईपुर का रसोइया देवी को पहला स्थान मिला। झंझरी के पूर्व माध्यमिक विद्यालय मोकलपुर की चंद्रकांती दूसरे और छपिया के प्राथमिक विद्यालय खपरी पारा की रसोइयां मीरा अधिकारी तीसरे स्थान पर रहीं। प्रथम विजेता को 3500 रुपये, द्वितीय विजेता को 2500 एवं तृतीय विजेता को 1500 रुपये का पुरस्कार दिया गया। धनराशि उनके बैंक खाते में भेजी गयी। सीडीओ एम अरुन्मौलि व बीएसए प्रेमचंद यादव ने विजेता रसोइयों को नकद पुरस्कार के साथ प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिला समन्वयक एमडीएम गणेश गुप्ता ने बताया कि प्रति भाग करने वाले सभी रसोइयों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में 600 नगद प्रदान किया गया। कार्यक्रम में सुरेश सिंह, वीर विक्रम सिंह, रवि प्रकाश सिंह, हेमंत तिवारी, आनंद प्रताप सिंह, राजेश सिंह, प्रेम शंकर मिश्रा, सुनील कुमार यादव रहे।

### अंग्रेज चले गए लेकिन कांग्रेस को छोड़ गए : धर्मपाल

**करनैलगंज, गोंडा :** बुधवार को नगर के सनराइज गार्डन में भाजपा कैसरगंज लोकसभा के चुनाव के कोर कमेटी की बैठक आयोजित हुई। जिसमें मुख्य अतिथि देवीपाटन मंडल के कलस्टर प्रभारी व कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह रहे। उन्होंने पार्टी के पदाधिकारियों एंव कार्यकर्ताओं से चुनाव को लेकर तैयारियों पर चर्चा की। मंत्री ने पत्रकार वार्ता में कहा कि भाजपा इस बार लोकसभा चुनाव रिकार्ड मतों से जीतेगी। जिसमें युवा वर्ग का साथ अधिक मिल रहा है। भारत देश राम का है, यहां का युवा राम से प्रभावित हैं। राम ही आधार है राम ही आस्था हैं, राम व्यवस्था हैं। उन्होंने कहा कि राम मंदिर मुद्दे पर कांग्रेस ने 70 वर्षों से केवल तारीख पर तारीख दिया। मगर कुछ भी नहीं कर पाए। यह भाजपा की सरकार तारीख नहीं देती बल्कि काम पर विश्वास करती है। उन्होने कहा कि अंग्रेज चले गए लेकिन कांग्रेस को छोड़ गए।

# पठन-पाठन के साथ संस्कार की शिक्षा भी जरूरी: सूचना आयुक्त

**गोंडा कार्यालय:** मुजेहना के पूर्व माध्यमिक विद्यालय बेसहूपुर में बुधवार को वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि रहे राज्य सूचना आयुक्त सुभाष चंद्र ने कहा कि पठन पाठन के साथ संस्कार की शिक्षा भी जरूरी है। बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उन्होने कहा कि इस स्कूल के बच्चों की प्रतिभा अद्भुत है।

वार्षिकोत्सव समारोह का शुभारंभ राज्य सूचना आयुक्त सुभाष चंद्र ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। शुभारंभ के अवसर पर एसडीएम सदर सुशील कुमार, सहायक शिक्षा निदेशक देवीपाटन मंडल राम सागर पति त्रिपाठी, बीएसए प्रेमचंद यादव, डायट प्राचार्य अतुल तिवारी व खंड शिक्षा अधिकारी मुजेहना हेमलता त्रिपाठी मौजूद रहीं। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष शरद सिंह व विद्यालय के प्रधानाध्यापक बृजेंद्र सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। समारोह में बच्चों ने विभिन्न विषयों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम व नाटक प्रस्तुत कर अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य सूचना आयुक्त सुभाष चंद्र ने कहा कि संस्कार हीन शिक्षा व्यक्ति को अनाथ बनाती है। संस्कार घर से और माता पिता से आता है और इसका विकास समाज व विद्यालय से होता है। उन्होंने अभिभावकों व शिक्षकों से कहा कि जो आप सिखायेंगे वही बच्चे सीखेंगे। संस्कार का बीजारोपण करना है तो व्यवहार दुरुस्त करना होगा। एडी बेसिक राम सागर पति त्रिपाठी ने कहा कि सम्मान पेशे और पद से नहीं,कर्तव्य बोध से मिलता है। बीएसए प्रेमचंद यादव ने विद्यालय परिवेश, बच्चों की प्रतिभा और स्कूल के प्रधानाध्यापक बृजेंद्र सिंह के प्रयास की सराहना की। खंड शिक्षा अधिकारी हेमलता त्रिपाठी ने सभी अतिथियों का आभार जताया। समारोह का संचालन डायट के वरिष्ठ प्रवक्ता रघुनाथ पांडेय ने किया। समारोह में एसआरजी कमलेश पांडेय, परसहवा धुसवा खास को प्रधानाध्यापक पंकज सिंह, धुसवा खास के प्रधान प्रतिनिधि इंद्र मणि त्रिपाठी "पंडित", राज्य पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक राजेश सिंह, सत्य नारायण दूबे, रवि मिश्रा, आशुतोष द्विवेदी, रिजवान, जुग्गीलाल वर्मा समेत बड़ी संख्या में शिक्षक, अभिभावक व बच्चे मौजूद रहे।



कार्यक्रम में बच्चों को पुरस्कार देते बीएसए व मौजूद अन्य लोग। अमृत विचार



वार्षिकोत्सव में कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं। अमृत विचार

### बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

मालवीय नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में विद्या भारती विद्यालय का वार्षिकोत्सव बुधवार को आयोजित हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रदेश निरीक्षक रामजी सिंह, सरदार हरजीत सिंह छाबड़ा एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रश्मि वर्मा जी ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। प्रदेश निरीक्षक राम जी सिंह ने कहा कि विद्या भारतीय संस्कार पूर्ण भारतीय संस्कृति, परम्पराओं और भारत केंद्रित शिक्षा के लिए संकल्पित है। कार्यक्रम का संचालन हर्षिता एवं भूमि द्विवेदी ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जनार्दन सिंह, प्रधानाचार्य डॉ बृजेंद्र कुमार मिश्र, ओम प्रकाश पांडेय, वीरेश्वर चौधरी, डॉ वंदना सारस्वत, अश्वनी शुक्ला, आकाश, डॉ उषा अग्रवाल, उमाशंकर तिवारी, पुष्पा मिश्रा सहित हजारों की संख्या में छात्र-छात्राएं एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### किसान सहफसली व जैविक खेती अपनाएं



किसान मेला एवं जागरूकता कार्यक्रम में शामिल लोग। अमृत विचार

**परसपुर, गोंडा :** कृषि सूचना तंत्र के सुदृढीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत किसान मेला एवं कृषि संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विकास क्षेत्र अन्तर्गत बुधवार को धनौरा गांव में रबी 2023 –24 के लिए विकासखंड स्तरीय किसान मेला एवं कृषक संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ उप कृषि निदेशक प्रेम कुमार ठाकुर द्वारा ग्राम प्रधान निर्माण सिंह, एवं रामचंद्र सिंह रेंजर वन विभाग की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित करके किया गया। उप कृषि निदेशक द्वारा सहफसली खेती, जैविक खेती एवं श्री अन्न पर जोर देने का आवाहन किया गया साथ ही कृषि विज्ञान केंद्र गोपालग्राम के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ चंद्रमणि त्रिपाठी द्वारा समेकित खेती के साथ परंपरागत खेती के बारे चर्चा की गयी। कृषि वैज्ञानिक अंकित तिवारी ने रबी की फसलों में समसामयिक कार्य कलापों के बारे में बताया।

### एनसीईआरटी की पुस्तकों व एक समान पाठ्यक्रम लागू करें



नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते इंकलाब फाउंडेशन के लोग। अमृत विचार

**गोंडा कार्यालय :** सरकारी सरकारी व प्राइवेट स्कूलों में एक समान पाठ्यक्रम लागू किए जाने की मांग को लेकर बुधवार को इंकलाब फाउंडेशन ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। फाउंडेशन के सदस्यों ने स्कूलों में एनसीईआरटी की पुस्तकों को पढ़ाने तथा छोटे बच्चों को होमवर्क से मुक्त रखने की मांग की है। इंकलाब फाउंडेशन के अध्यक्ष अविनाश सिंह ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन में कहा है कि प्रदेश भर में एनसीईआरटी पैटर्न अथवा सम्बद्ध स्कूलों ने शिक्षा का व्यवसायीकरण कर डाला है। कक्षा एक से लेकर पांच तक ढेर सारा होमवर्क और किताबों के बोझ तले बच्चों की मासूमियत खत्म हो गयी है। देश में स्कूली शिक्षा का पाठ्यक्रम बनाने वाली एकमात्र संस्था नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क 2005 के अनुसार कक्षा एक से कक्षा दो तक के बच्चों को कोई होमवर्क नहीं दिया जाना चाहिए तथा इन्हें एनसीईआरटी की किताबें पढ़ानी चाहिए। कक्षा तीन में सप्ताह में केवल दो घंटे का होमवर्क मिलना चाहिए। निजी स्कूल बच्चों पर किताबों और होमवर्क का काफी अधिक बोझ लाद देते हैं।

# देश को विकसित राष्ट्र बनाएगी भाजपा

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी दुनिया का सबसे बड़ा दल है और हम उसके कार्यकर्ता हैं। उक्त बातें बुधवार को कैबिनेट मंत्री एवं देवीपाटन मंडल के क्लस्टर प्रभारी धर्मपाल सिंह सैनी ने कर्नलगंज के एक मैरिज हॉल में आयोजित कैसरगंज लोकसभा के चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक के दौरान कहीं। उन्होंने कहा भाजपा पार्टी सपा बसपा और कांग्रेस की तरह किसी बिरादरी विशेष की पार्टी नहीं है।

देश में 60 वर्षों के कांग्रेस के कालखंड का समापन हो चुका है साथ ही नए अध्याय का प्रारंभ भी हो चुका है। बेहतर स्वास्थ्य, बेहतर शिक्षा, बेहतर सुरक्षा, बेहतर देश का प्रण लेकर हमारी डबल इंजन की सरकार कार्य कर रही है। बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष जिला प्रभारी एमएलसी विजय बहादुर पाठक रहे। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अमरकिशोर कश्यप एवं संचालन जिला महामंत्री आशीष त्रिपाठी ने किया। बैठक में घनश्याम मिश्रा, अवधेश सिंह मंजू, सुभाष त्रिपाठी, अजय कुमार सिंह, संजय कैराती, अकबाल बहादुर तिवारी, गौरव वर्मा, रमाकांत तिवारी, केके श्रीवास्तव, राकेश तिवारी, राघवेंद्र ओझा पट्टू, निशंक त्रिपाठी, अर्जुन प्रसाद तिवारी, जसवंत लाल सोनकर, संजय राव, अविनाश जयसवाल, हरीश शुक्ला राजेश तिवारी आदि मौजूद रहे।



कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

# डीएम ने अधिकारी से मांगा स्पष्टीकरण

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अध्यक्षता में किसान दिवस की बैठक का आयोजन किया गया। किसानों ने कई समस्याओं एवं सुझावों को रखा गया। जिलाधिकारी ने किसानों की समस्याओं के निस्तारण के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि किसानों की सभी समस्याओं का निराकरण बिना किसी विलंब के किया जाए।

कृषि विभाग, सिंचाई विभाग व अन्य विभाग के द्वारा किसानों के कल्याण के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। उनके द्वारा किसानों से अपनी फसलों का बीमा कराने, किसान सम्मान निधि योजना से जुड़े खाते की ईकेवाईसी कराने की बात कही गई।

बिना किसी सूचना के बैठक में अनुपस्थित रहने पर जिला उद्यान अधिकारी को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिये गए हैं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी एम. अरुन्मोली, उप निदेशक कृषि प्रेम कुमार ठाकुर, जिला कृषि अधिकारी, एसडीईओ कृषि, एक्सइईएएन सिंचाई विभाग, नहर विभाग, विद्युत विभाग, भूमि संरक्षण अधिकारी, रेशम विभाग, उद्यान विभाग, सहित अन्य अधिकारी व किसान मौजूद रहे।



किसान बंधु की बैठक को संबोधित करतीं जिलाधिकारी नेहा शर्मा। अमृत विचार



# स्मार्ट फोन से तकनीकी का प्रयोग करें छात्र

**मिहींपुरवा, बहराइच**

**अमृत विचार :** सर्वोदय महाविद्यालय में बुधवार को स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि बलहा विधायक सरोज सोनकर रहीं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही स्मार्ट फोन का इस्तेमाल तकनीकी शिक्षा के लिए करें। मिहींपुरवा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत नानपारा लखीमपुर मार्ग पर स्थित सर्वोदय महाविद्यालय के 322 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किए गए ।स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बलहा विधायक सरोज सोनकर रही । कार्यक्रम की अध्यक्षता डीजी शक्ति अधिकारी लल्लन कुमार ने की । इस अवसर पर प्राचार्य संजय कुमार, अमित कुमार, जैनेंद्र कुमार, गंगाराम, नम्रता श्रीवास्तव, ममता समेत सभी अध्यापक व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



स्मार्ट फोन के साथ मौजूद छात्र और विधायक। अमृत विचार

# हेल्पलाइन नम्बर पर करें काल ताकि कोई बालिका न बने वधू

**जरवल, बहराइच**

**अमृत विचार :** बाल विवाह लड़का व लड़की दोनों पर असर डालता है, लेकिन इसका प्रभाव लड़कियों पर अधिक पड़ता है। जिन लड़कियों की शादी कम उम्र में हो जाती है उनके स्कूल से निकल जाने की संभावना बढ़ जाती है। अधूरी शिक्षा और कौशल ज्ञान न होने के कारण उनके पास अपने परिवार की गरीबी दूर करने और नौकरियाँ पाने की क्षमता भी कम हो जाती है। इसके अलावा कम उम्र में शादी करने से जीवन काल में बच्चों की संख्या भी ज्यादा होती है।

यह बातें जरवल ब्लॉक सभागार में आयोजित बाल विवाह के विरुद्ध अभियान पर अभिमुखीकरण कार्यक्रम में अपर विकास अधिकारी राजेश सिंह ने कही। स्वास्थ्य विभाग, पंचायती राज विभाग व उम्मीद परियोजना के संयुक्त प्रयास से आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम प्रधानों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा बाल विवाह एक कलंक है इसके विरुद्ध आवाज घर-घर तक पहुंचाने में सभी ग्राम प्रधान अपनी भूमिका निभाएँ। उपस्थित ग्राम प्रधानों ने बताया उन्होंने अपने गाँव में बाल विवाह से सम्बन्धित दीवार लेखन कराना शुरू कर दिया है। इस मौके पर बाल विवाह के विरुद्ध अभियान के लिए शपथ लिया गया और इससे सम्बन्धित पाँच पोस्टर का अनावरण भी किया गया। मोबियस फाउंडेशन के राज्य प्रतिनिधि प्रभात कुमार ने कहा मोबियस फाउंडेशन के सहयोग से पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया तथा सेव अ मदर जरवल ब्लॉक में उम्मीद परियोजना चला रही है। जिसका उददेश्य जनसमुदाय में बाल विवाह की रोकथाम व परिवार नियोजन संबंधी जागरूकता एवं स्वीकार्यता को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया प्रत्येक राजस्व गाँव में ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समिति (वीएचएसएनसी) के माध्यम से गाँव स्तर पर दीवार लेखन व जन-जागरूकता कार्यक्रम करने के प्रयास किए जा रहे हैं । इसके अलावा ग्राम प्रधानों के सहयोग से समुदाय के साथ बैठक, सेल्फी, वीडियों संदेश आदि के माध्यम से जन जागरूकता कार्य किया जाना है। इस मौके पर आजीविका मिशन से जितेन्द्र सिंह, शैलेन्द्र यादव, पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ़ इण्डिया से बलबीर सिंह, अभिषेक पाठक व सेव अ मदर से बिंदु और अवधेश के अलावा ग्राम विकास अधिकारी मौजूद रहे।




जरवल में आयोजित शिविर को संबोधित करते अधिकारी। अमृत विचार

## एक नजर

### युवक पर किया प्राणघातक हमला

**बहराइच :** रामगांव थाना क्षेत्र के ग्राम धर्मनपुर के मजरा रैकवारन पुरवा में घर से बुलाकर दो अज्ञात हमलावरों ने युवक की गर्दन काटकर जान लेने की कोशिश की। पुलिस ने दो अज्ञातों के विरुद्ध जानलेवा हमले की धारा में केस दर्ज किया है। इस हमले में युवक की आवाज भी चली गई। तीन दिन पूर्व भगौती सिंह का पुत्र सुधीर सिंह (30) गांव में ही बुधराम धोबी के घर से तिलकोत्सव भोज खाकर घर लौटा। कुछ देर बाद मोबाइल पर कॉल आयी और युवक अपने घर से निकल गया। रात करीब 10 बजे खून से लथपथ युवक गर्दन पकड़े घर पहुंचा तो परिवार के लोगों में कोहराम मच गया। घायल को आनन फानन उपचार हेतु मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। गर्दन कटने पर आवाज चली जाने से इशारों में युवक ने दो हमलावरों के होने की जानकारी दी। घायल युवक की मां उर्मिला सिंह की तहरीर पर पुलिस ने दो अज्ञातों के विरुद्ध जानलेवा हमले की धारा में केस दर्ज किया।

# एप्पल बेर की अच्छी उपज के लिए डीएम ने किया सम्मानित

## प्रगतिशील किसान को दिया प्रशस्ति पत्र और शील्ड

**जरवल, बहराइच**

**अमृत विचार :** जरवल नगर पंचायत निवासी प्रगति शील किसान को बुधवार को जिलाधिकारी ने सम्मानित किया। साथ ही जिले के अन्य किसानों को सीख लेने के लिए प्रेरित किया। राजभवन में यूपी की गवर्नर एवं मुख्यमंत्री द्वारा जरवल के प्रगतिशील किसान को टिश्यू कल्चर केला, एप्पल् बेर की अच्छी पैदावार के लिए अंगवस्त्र व प्रसस्ति पत्र देकर सम्मानित किया था। बुधवार को किसान दिवस के अवसर पर जरवल के प्रगतिशील किसान को जिला अधिकारी ने प्रसस्ति पत्र व अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। जरवल के प्रगतिशील किसान गुलाम मोहम्मद को जिलाधिकारी मोनिका रानी ने किसान दिवस के अवसर पर टिशु कल्चर केला, एप्पल बेर ,ताइवान तरबूज आदि कई फसलों के लिए अंगवस्त्र व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जिले के मौजूद तमाम किसानो ने गुलाम को बधाईया भी दी। डीएम ने कहा कि अन्य किसान भी सीख लेकर आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाएं। इस दौरान उप कृषि निदेशक टीपी शाही, किसान मोहम्मद फरीद, फैसल, शमीर, खालिद, कृष्ण कुमार, सहित जरवल के काफी किसानो ने बधाई दी।




जिला मुख्यालय पर किसान को सम्मानित करतीं जिला कलक्टर।

## जागरूकता वाहन को किया रवाना

**जरवलरोड, बहराइच :** सीएचसी परिसर से परिवार नियोजन जागरुकता वाहन "सारथी" को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया है। परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता के लिए बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्तफाबाद से सारथी वाहनों को सीएचसी अधीक्षक डा कुंवर रितेश सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सीएचसी अधीक्षक ने बताया कि इन वाहनों के माध्यम से दस दिवस तक ब्लॉक के समस्त नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में जनमानस को परिवार नियोजन कार्यक्रम के प्रति जागरूक किया जाएगा। जागरूकता वाहन "सारथी" के माध्यम से माइकिंग के द्वारा पुरुष व महिला नसबंदी, छोटे परिवार का सन्देश देने और दो बच्चों के जन्म में तीन साल का अन्तर रखने का सन्देश दिया जाएगा। साथ ही इच्छुक दम्पत्ति को सारथी वाहन परिवार नियोजन किट भी वितरित करेगा। इस दौरान डा रवि, डा विनोद, डा ध्वज, डा अविनाश, कल्पना शाहू, चीफ फार्मासिस्ट इमरान, महेंद्र चौधरी वार्ड बॉय रूमान अहमद, ब्लॉक अकाउंट मैनेजर शिव कुमार, काउंसलर रवींद्र चौधरी, आयुष्मान मित्र सफील अहमद, लिपिक शिव शर्मा, राकेश समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# 25 से 27 फरवरी तक होगा बहराइच महोत्सव

**बहराइच**

**अमृत विचार:** कृषि प्रधान जनपद बहराइच घने वनों, कल-कल, छल-छल करती अथाह जलराशि से पूरित नदियों, सुन्दर मनोहारी वन्य जीवों, पशु पक्षियों के कलरव से गुंजित भू-भाग पर फैले कृषि प्रधान जनपद बहराइच की सांस्कृतिक, सामाजिक एवं पौराणिक महत्व को सहेजने तथा आमजन से साक्षात्कार कराये जाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन तथा जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद बहराइच के संयुक्त तत्वावधान में 25 से 27 फरवरी तक 03 दिवसीय बहराइच महोत्सव का आयोजन गेंदघर के मैदान में प्रस्तावित है।

जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि रविवार 25 फरवरी को सांय चार गेंदघर मैदान में अतिथिगण द्वारा दीप प्रज्ज्वलन, वंदना गीत एवं गणेश वन्दना के बीच दीप प्रज्ज्वलन कर महोत्सव का शुभारम्भ किया जायेगा। इसके उपरान्त अतिथिगण द्वारा विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी का दृश्यावलोकन एवं मेला परिसर का भ्रमण किया जायेगा। सांय पांच बजे दिव्यांगजनों द्वारा राम आयेंगे नृत्य की प्रस्तुति, मैट्रो एकेडमी द्वारा हनुमान चालिसा समूह नृत्य एवं सुश्री उर्मिला पाण्डेय एण्ड पार्टी द्वारा गंगा अवतरण प्रस्तुत किया जायेगा। सांय छह बजे मसान की होली, सात बजे निधि तिवारी द्वारा रामायण नृत्य नाटिका तथा रात्रि 08 बजे से स्वाति मिश्रा द्वारा भजन संध्या की प्रस्तुति की जायेगी। महोत्सव के दूसरे दिन 26 फरवरी को गेंदघर मैदान में पूर्वान्ह 11 बजे से स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न योजनाओं विषयक गोष्ठी/कार्याशाला तथा स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले कार्मिकों/व्यक्तियों को सम्मानित किया जायेगा। अपरान्ह 01:00 बजे से मेंहदी प्रतियोगिता, स्कूली बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा नुक्कड नाटक का मंचन, अपरान्ह 03:00 बजे से थारू जनजाति का कार्यक्रम, अपरान्ह 04:00 बजे से सरिता यादव द्वारा कत्थक नृत्य, अपरान्ह 05:00 बजे से जसवीर सिंह द्वारा बाबरा बैण्ड, सांय 06:00 बजे से सुश्री लया सक्सेना द्वारा फूलों की होली, सांय 07:00 बजे से गोपाल तिवारी द्वारा बॉलीवुड गायन प्रस्तुत किया जायेगा। जबकि रात्रि 08:00 बजे आयोजित होने वाली काव्य संध्या में देश के नामचीन कवियों पद्मश्री सुनील जोगी, अरूण जैमनी, प्रताप फौजदार, शम्भू शिखर, स्वयं श्रीवास्तव, मर्णिका दूबे, विकास बौखल एवं गजेन्द्र प्रियांशु सहित अन्य कवियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। समारोह के अन्तिम दिन 27 फरवरी को पूर्वान्ह 11 बजे से पोस्टर प्रतियोगिता, अपरान्ह दो बजे से बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं का प्रस्तुतिकरण किया जायेगा तथा जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले समाज सेवियों को सम्मानित किया जायेगा।



डीएम मोनिका रानी।

# भिनगा में भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव

**श्रावस्ती**

**अमृत विचार :** संस्कृति एवं पर्यटन विभाग उत्तर प्रदेश एवं स्थानीय जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित भारत नेपाल मैत्री महोत्सव कार्यक्रम का जनपद के जूनियर हाईस्कूल भिनगा के प्रांगण में भव्य आयोजन किया गया। जिसका सदस्य विधान परिषद पद्मसेन चैधरी, विधायक रामफेरन पाण्डेय, जिलाध्यक्ष उदय प्रकाश त्रिपाठी, जिलाधिकारी कृतिका शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने द्वीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया।

इस दौरान कार्यक्रम में भारतीय एवं नेपाली कलाकारों द्वारा अपनी अपनी प्रस्तुतियां दी गई। इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर प्रदर्शनी लगाकर दोनों देशों की सभ्यता व संस्कृति से जुड़े धरोहरों, ऐतिहासिक व धार्मिक भवनों व खाद्य पदार्थों का प्रदर्शन किया गया। जिसका सदस्य विधान परिषद, विधायक, जिलाध्यक्ष, जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने अवलोकन भी किया। इस अवसर पर सदस्य विधान परिषद ने कहा कि भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव मित्रता की मिशाल कायम कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में श्रावस्ती सहित अन्य जिलों में यह महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। जिससे भारत और नेपाल के बीच संबंध और भी मजबूत होंगे। साथ ही दोनों देशों की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। विधायक राम फेरन पान्डेय ने कहा कि भारत नेपाल मैत्री महोत्सव दोनों देशों के संबंध को अद्वितीय बनायेगा। उन्होने कहा कि दूसरे देशों की तरह हमारे आपसी संबंध भौगोलिक और राजनीतिक कारणों से निर्धारित नहीं होते हैं। हमारे संबंधों का आधार सदियों पुराने सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक आधार पर टिका हुआ है। इस महोत्सव का मकसद भारत और नेपाल के बीच सदियों पुराने सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक सेतु को मजबूत करना है।



# एसएसबी की चेक पोस्ट सुईया में मैत्री महोत्सव का आयोजन

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** निरुपेश कुमार, उप कमान्डेंट (प्रचालन) 62वीं वाहिनी स.सी.ब., भिनगा, सोनू कुमार, उप कमान्डेंट, दीवान सिंह कार्की, सहायक कमान्डेंट, डॉ. राजेश कुमार अहिरवार, सहायक निदेशक, संस्कृति निदेशालय, प्रभारी निरीक्षक भानू प्रताप सिंह थाना सिरसिया एवं नेपाल ए पी एफ के निरीक्षक छबि लाल कुँवर, उप-निरीक्षक राजेश कार्की की उपस्थिति में 62वीं वाहिनी एस.एस.बी. की सीमा चेक पोस्ट सुईया में भारत- नेपाल मैत्री महोत्सव मनाया गया । इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के भारत-नेपाल सीमावर्ती जनपदों में युवा पीढ़ी एवं विद्यार्थीयों के बीच प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने एवं देश प्रेम की भावना प्रवाहित करना है | यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश के भारत-नेपाल सीमावर्ती जिलों में 9 फरवरी 2024 को जनपद सिद्धार्थनगर से प्रारम्भ होकर 29 फरवरी 2024 को पिलीभीत में समाप्त किया जायेगा इस अवसर पर 'ए' समवाय सुईया कम्पनी कमांडर दीवान सिंह कार्की, सहायक कमान्डेंट, के साथ अन्य जवान और लार्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल ताल भगौड़ा के अध्यापक, छात्र, एन.सी.सी. और भारी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे ।



## वर्ग पहेली-350

**बाएं से दाएं**

3.1. भवन, इमारत आदि बनाने से पहले उसकी नींव में पहला पत्थर, ईंट इत्यादि रखे जाने की क्रिया, शिलान्यास 2. शिला की स्थापना 3. आरंभ, संस्थापना।

4.1. सभा 2. बैठने का कमरा 3. चौपाल 4. अधिवेशन 5. उठने और बैठने की कसरत, उठक-बैठक।

6. टोंटीदार लोटा, गड़ुआ।

7.1. देवता आदि के सामने रखा जाने वाला खाद्य पदार्थ, नैवेद्य 2. उपयोग में लाना, भोगने का भाव, उपभोग 3. संभोग, मैथुन 4. लाभ 5. सुख-दुख आदि का अनुभव करते हुए उन्हें अपने मन और शरीर पर सहन या प्राप्त करना 6. संपति 7. शासन 8. भोज, दावत।


8.1. चूसने की क्रिया या भाव 2. बच्चों को दूध पिलाने की शीशी 3. वह खिलौना जिसे बच्चे मुंह में लेकर चूसते हैं।

**ऊपर से नीचे**

1. जंग (युद्ध) आरंभ करने की घोषणा।

2. वह पुस्तक जिसकी जिल्द मोटे कागज़ या कार्ड बोर्ड की हो।

5. शनि की पत्नी का नाम।, लड़ने वाली, झगड़ालू।




### वर्ग पहेली - 349 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 बें | च | | 2 घ | | |
| | | 3 तु | ड़ | वा | 4 ना |
| 5 छ | ठी | | घ | | ली |
| ल | | | ड़ा | | क |
| 6 का | रा | गृ | ह | | |
| री | | | 7 ट | कु | ली |
| | 8 ज | ड़ी | | | |

# वारंटी को जेल

**पयागपुर, बहराइच :** मैं आपको थाना क्षेत्र के राजापुर कला ग्राम पंचायत के मजरा रविंद्र नगर कॉलोनी निवासी बिंद्रा पुत्र रामदेव के विरुद्ध धमकी देने और मारपीट करने का केस दर्ज है। प्रभारी निरीक्षक कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि उप निरीक्षक राज्यों कुमार मिश्रा और सूरज चौधरी की टीम ने बुधवार को बिंद्रा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** जिलाधिकारी कृतिका शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 'किसान दिवस' एवं कृषक उत्पादक संगठन (एफ.पी.ओ./जनपद स्तरीय मॉनीटरिंग समिति (डी.एम.सी.) की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने किसानों की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होने कहा कि किसानों की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे उन्हें बार-बार कार्यालय का चक्कर न लगाना पड़े। इसके अलावा बैठक में मिलेट्स के उत्पादन, बीज वितरण, उर्वरक व अन्य कृषि निवेशों की उपलब्धता एवं गुणवत्ता नियंत्रण की प्रगति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि जिन कृषकों की फसल बरसात के दौरान नदी में समाहित हो गई थी, उनका आकलन कराकर क्षतिपूर्ति किया जाना सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कृषक उत्पादक संगठन एफ.पी.ओ. को बहुआयामी बनाने के उद्देश्य से केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार के द्वारा अवस्थापना निधि योजनान्तर्गत विभिन्न प्रकार के कृषि प्रसंकरण यूनिट स्थापित करने हेतु कृषकों को एक करोड़ रु तक के ऋण पर 06 प्रतिशत का अनुदान उपलब्ध कराया जाता है तथा लघु एवं सीमान्त कृषकों के द्वारा 05 लाख से कम लागत की यूनिट जैसे- मिलेट्स प्रोसेसिंग यूनिट, मल्टीग्रेन आटा, स्मॉल दाल मिल एवं स्मॉल ऑयल एक्टेशन यूनिट स्थापित करने हेतु वितरित ऋण के प्रभावी ब्याज पर 04 प्रतिशत अनुदान कृषक उत्पादक संगठन नीति 2020 के तहत कृषकों को उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होने समस्त एफ.पी.ओ. के अध्यक्ष व सचिव को निर्देशित किया कि एफ.पी.ओ. में शेयर होल्डर्स एवं सदस्यों की संख्या मानक के अनुरूप अवश्य रखा जाए तथा एफ.पी.ओ. के क्रिया-कलापों से समय-समय पर अवगत कराते रहे।

# वाहन की ठोकर से हिरन की हुई मौत

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** इकौना के नवीन मार्डन थाना क्षेत्र में सड़क हादसे के दौरान एक हिरन की मौत हो गई है। बहराइच- बलरामपुर मार्ग पर पेटहारिया के पास बुधवार सुबह लगभग 8 बजे जंगल से निकलकर एक हिरन बाहर आ गया। अचानक सड़क पर हिरन को देखकर वाहन चालक वाहन पर काबू नही रख सका जिससे हिरन तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आ गया। वाहन के ठोकर से हिरन की मौके पर ही मौत हो गई है।

## सुडोकू-67

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | | 8 | | | 1 | |
| 5 | | | 1 | | 6 | | 4 | |
| 9 | | | | | 7 | | | 2 |
| | | 8 | 3 | | | | | 6 |
| | | 2 | | | | 9 | | |
| 4 | | | 6 | | 5 | 7 | | |
| | | | 9 | | 2 | | | 5 |
| | 7 | | | | | | | 3 |
| | 6 | | | 1 | | 2 | | |

### सुडोकू - 66 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 1 | 9 | 8 | 3 | 7 | 2 | 4 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 5 | 7 | 3 | 1 | 9 |
| 9 | 7 | 3 | 4 | 1 | 2 | 5 | 6 | 8 |
| 1 | 9 | 5 | 3 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 |
| 3 | 4 | 2 | 7 | 9 | 6 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 8 | 7 | 5 | 4 | 1 | 9 | 3 | 2 |
| 2 | 1 | 9 | 8 | 3 | 5 | 4 | 7 | 6 |
| 7 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 1 | 8 | 5 |
| 8 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 | 2 | 9 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 22 फरवरी, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 13.21 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- दक्षिण। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुष्य 16.43 तक तत्पश्चात आश्लेषा।

**मेष** — आज अफवाहों के आधार पर राय न बनाएं। करियर में उतार-चढ़ाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। लोग आपकी बातों का विरोध करेंगे। कारोबार में बदलाव का विचार कर सकते हैं। सोच-विचार कर के ही कोई निर्णय लें।

**वृष** — आज अपनी व्यवहार-कुशलता से अटके हुए कार्य निपटा लेंगे। पदोन्नति मिलने के योग बन रहे हैं। नए प्रेम प्रसंग पल्लवित हो सकते हैं। कारोबार में उतार-चढ़ाव होने की सम्भावना है। घर के माहौल से काफी प्रसन्न रहेंगे।

**मिथुन** — आज घर में किसी निर्माण कार्य की रूपरेखा बन सकती है। महत्वपूर्ण कार्यों से पहले माता-पिता की सलाह अवश्य लें। आर्थिक दृष्टिकोण से दिन शुभ रहने वाला है। परिवार का माहौल अच्छा और सन्तोषजनक रहेगा।

**कर्क** — आज परिवार के लोगों के मध्य सद्भाव बढ़ेगा। जीवनसाथी के रवैये से काफी प्रसन्न रहेंगे। मनोरंजन में काफी रुचि लेंगे। काफी ऊर्जावान रहने वाले हैं। रुके हुए कार्य सहजता से पूरे होंगे। जॉब में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**सिंह** — आज संपत्ति से जुड़े विवाद उपज सकते हैं। आंखों में जलन की शिकायत हो सकती है। रोजगार को लेकर कुछ परेशान रहेंगे। व्यापार में बड़ा निवेश करने से बचें। बीमारियों में धन खर्च होगा। यात्रा सफल रहेगी।

**कन्या** — आज शारीरिक रूप से काफी सक्रिय रहेंगे। आपकी आय बढ़ने के योग बन रहे हैं। परिवार का माहौल काफी अच्छा रहेगा। उच्चाधिकारी से आपकी काफी प्रशंसा होगी। विद्यार्थी वर्ग के लिए समय बहुत ही अच्छा है।

**तुला** — आज नौकरी और व्यवसाय में अच्छे नतीजे मिलेंगे। शासन-प्रशासन से जुड़े लोगों की प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी। यात्रा सुगम और बाधारहित रहेगी। शुभ समाचार मिलने से मन प्रसन्न रहेगा।

**वृश्चिक** — आज भाग्य आपका साथ देगा। नौकरी में आपका प्रभाव बढ़ेगा। धार्मिक विचारों से प्रभावित रहेंगे। बुजुर्गों के आशीर्वाद से अभिभूत रहेंगे। काम को लेकर भागदौड़ रहेगी। पुराने प्रयास लाभ देंगे। व्यस्तता पूर्ण दिन बीतेगा।

**धनु** — आज रिसर्च क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन काफी शानदार रहने वाला है। दूसरों के कार्यों में हस्तक्षेप न करें। मन में बेवजह की चिंता हो सकती है। कुसंगति से दूर रहें वरना आपको हानि हो सकती है। वाहन चलाने में सावधानी रखें।

**मकर** — आज आपको समाज में काफी सम्मान मिलेगा। मानसिक तनाव कम होगा। आपकी दिनचर्या अनुशासित रहेगी। जीवनसाथी से गिले-शिकवे को दूर करने के लिए दिन अनुकूल है। व्यापार को लेकर कुछ विशेष योजना बना सकते हैं।

**कुंभ** — आज काम पर आपका ध्यान बढ़ेगा। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी। कार्यक्षेत्र में कड़ी मेहनत करने की प्रेरणा मिलेगी। आपकी स्थिति काफी मजबूत रहेगी। पुराने रोग समाप्त होंगे। व्यापार में लाभ का प्रबल योग है।

**मीन** — आज जल्दबाजी करने से काम बिगड़ सकता है। बिजनेस पार्टनर्स से साथ संबंध प्रगाढ़ होंगे। प्रेमी जन के प्रति आकर्षित रहेंगे। संतान की उन्नति होने से प्रफुल्लित रहेंगे। वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा। संपर्क लाभकारी साबित होंगे।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
परदेसी बाबू — सुबह : 10.00
सीता और गीता — रात : 07.00

SONY MAX
बेफ्रिकरे — सुबह : 09.00
स्ट्रीट डांसर थ्री डी — रात : 07.00

SONY PIX
इट — सुबह : 11.29
स्पाइडर मैन-2 — रात : 08.45

ZEE CINEMA
एक : द पावर ऑफ वन — सुबह : 10.30
टॉयलेट - एक प्रेम कथा — रात : 07.30

colors CINEPLEX
खूबसूरत — दोपहर : 12.09
मद्रास कैफे — रात : 10.28

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात-07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक आदमी पुलिस स्टेशन आया और बोला- मुझे अर्रेस्ट कर लो, मैंने अपनी पत्नी के सर पर डंडा मारा है।
पुलिस- क्या वो मर गई?
आदमी-जी नहीं वो तो बच गई, अब मेरी खैर नहीं।

संता-ये लड़की बहुत सुंदर है।
बंता-मैं तो इसका नाम भी जानता हूं
संता- क्या नाम है? मैं उसे फेसबुक पर खोजूंगा।
बंता-यह बैंक मैं काम करती है इसके काउंटर पर इसका नाम अकाउंटेंट लिखा है।

## एक नजर

### छज्जे के नीचे दबकर किशोरी की मौत

**नानपारा, बहराइच :** जिले के केशवापुर गांव निवासी एक किशोरी की छज्जा के नीचे दबकर मौत हो गई। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली नानपारा अंतर्गत केशवापुर गांव निवासी मीनाक्षी यादव (14) पुत्री चिरकू प्रसाद यादव घर के सामने बुधवार सुबह बैठी थी। तभी दूध लेकर जा रहा पिक अप वाहन पड़ोस के मकान में दीवार से रफ्तार में लड़ गया। जिससे मकान का छज्जा किशोरी के ऊपर गिर गया। मलबे के नीचे दबकर किशोरी की मौके पर ही मौत हो गई। इससे परिवार में कोहराम मच गया। हादसे की जानकारी पुलिस को दी गई। प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश कुमार राय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया जायेगा।

# मुरादाबाद की टीम ने 149 रनों से जीता मैच

**बहराइच, अमृत विचार:** शहर के इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रहे अंडर-19 देवीपाटन चैलेंज कप राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट के सातवें दिन डीएसए मुरादाबाद एवं डीसीए सुल्तानपुर के बीच मुकाबला खेला गया। टॉस जीतकर मुरादाबाद के कप्तान ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। 33 ओवर में मुरादाबाद की टीम ने आल आउट होकर 282 रनों का बड़ा स्कोर बनाया। मुरादाबाद की तरफ से हर्षित विश्नोई ने 67 गेंदों में 104 रन एवं अमन ने 47 रनों की पारी खेली। सुल्तानपुर की तरफ से विमर्श ने 4 विकेट एवं अद्वैत ने 3 विकेट लिए। 283 रनों के स्कोर का पीछा करते हुए सुल्तानपुर की पूरी टीम 33 ओवरों में 133 रनों पर आल आउट हो गई। सुल्तानपुर की तरफ से आफताब ने 47 एवं अश्मित ने 35 रनों का योगदान दिया। मुरादाबाद ने 149 रनों से यह मुकाबला जीत लिया। मुरादाबाद की तरफ से आकाश ने 03 तुषार एवं हर्षित ने 2-2 विकेट लिया। मैन ऑफ द मैच हर्षित विश्नोई को चुना गया। बुधवार के मैच की अंपायरिंग मनीष बंसल एवं नीरज शुक्ला ने की। आशुतोष बाजपेई स्कोरर के भूमिका में रहे। आंखों देखा हाल गोविंद चौहान ने सुनाया। इस अवसर पर इशरत महमूद खान, चांद क्रिकेटर, डीसीए अध्यक्ष अमित ठाकुर, अटल सिंह, आयुष चित्रांश अभिषेक शुक्ला, मनीष सिंह, कुशमेंन्द्र सिंह एवं अन्य क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे।

# किसान नेताओं ने डीएम कार्यालय में दिया धरना



कलेक्ट्रेट में जाने के लिए पुलिस से जद्दोजहद करते किसान। अमृत विचार



कार्यालय के सामने डीएम को ज्ञापन देते पदाधिकारी। अमृत विचार

संवाददाता,बहराइच

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने बुधवार को किसानों के साथ ट्रैक्टर ट्रॉली मार्च निकाला। सभी एमएसपी लागू करने की मांग को लेकर ट्रैक्टर और ट्राली लेकर डीएम कार्यालय के सामने पहुंच गए। डीएम को राष्ट्रपति का संबोधित ज्ञापन सौंपा गया।

भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष चौधरी राम कुमार वर्मा की अगुवाई में बुधवार को किसानों ने ट्रैक्टर ट्रॉली से प्रदर्शन मार्च निकाला। सभी गांवों से दर्जन भर ट्रैक्टर ट्रॉली से कैलेक्ट्रेट पहुंचे। इसके बाद सभी ट्रैक्टर से ही कलेक्ट्रेट के अंदर डीएम कार्यालय के सामने पहुंच गए। यहां पर सभी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को संबोधित ज्ञापन डीएम मोनिका रानी को सौंपा। जिसमें एमएसपी लागू करने, किसान आयोग का गठन करने, स्वमनीथन आयोग की रिपोर्ट के आधार पर फसल मूल्य तय करने, भूमि अधिग्रहण विधेयक 2013 लागू करने, लखीमपुर खीरी कांड के दोषियों को सजा देने समेत सात सूत्रीय मांग पत्र शामिल रहे। इस दौरान नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ज्योति चौरसिया, कोतवाली नगर और देहात पुलिस के साथ काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।

### और ट्रैक्टर लेकर घुस गए अंदर

किसानों के प्रदर्शन को देखते हुए भारी संख्या में कलेक्ट्रेट गेट पर पुलिस तैनात रही। इसके बाद भी किसान अंदर जाने की जिद पर अड़ गए। इसके बाद सभी ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर डीएम कार्यालय के सामने पहुंच गए। पुलिस भी आजादी का हवाला देकर असहाय दिखी।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आकर बालक की मौत

**रामगांव, बहराइच, अमृत विचार :** जिले के खसहा मोहम्मदपुर गांव निवासी एक चार वर्षीय बालक खेलते समय सड़क पार करने लगा। तभी वह ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आ गया। जिला अस्पताल ले जाते समय बालक की मौत हो गई। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे का केस दर्ज कर दुर्घटना ग्रस्त वाहन को कब्जे में ले लिया है। रामगांव थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत खसहा मोहम्मदपुर ग्राम पंचायत के मजरा टेपरा निवासी साजिद (4) पुत्र शुभान मंगलवार शाम को खेल रहा था। इसके बाद वह अकेले सड़क पार करने लगा। तभी सामने से आ रही ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आकर कुचल कर घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से घायल बालक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन इलाज शुरू होने से पहले ही उसकी मौत हो गई। इस पर परिवार के लोग रोने लगे। प्रभारी निरीक्षक शशि कुमार राणा ने बताया हादसे का केस दर्ज किया गया है। चालक को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

# भैरव दास कुट्टी मंदिर के पुजारी की निर्मम हत्या

## एएसपी ग्रामीण ने फोरेंसिक टीम के साथ लिया जायजा, पुलिस ने शुरू की जांच

राजीचौराहा, बहराइच

**अमृत विचार :** जनपद के मकरंदपुर गांव में स्थित भैरव दास कुट्टी मंदिर के पुजारी की अज्ञात लोगों ने हाथ बांधकर निर्मम हत्या कर दी। बुधवार शाम को खेत गए एक ग्रामीण ने शव देखा तो पूरे गांव में हड़कंप मच गया। पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। एएसपी ग्रामीण ने फोरेंसिक टीम के साथ गांव पहुंच कर निरीक्षण किया है।



पुजारी की हत्या के बाद जांच करते एएसपी ग्रामीण। अमृत विचार

रामगांव थाना क्षेत्र के रेहुआ मंसूर गांव निवासी काशीराम आर्य (70) खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम मकरंदपुर में स्थित भैरव दास कुट्टी मंदिर में पुजारी थे। वह लगभग छह वर्ष से मंदिर में रहकर पूजा पाठ करते थे। मंदिर में ही निवास करते थे। बुधवार शाम को गांव निवासी राम किशुन पुत्र समयदीन अपने खेत को गए और पानी पीने के लिए भैरव दास कुट्टी चले गए। यहां पर बाबा को बिस्तर पर मृत पड़ा देखा। साथ ही उनका हाथ रस्सी से बांधा मिला। चेहरे से खून निकल रहा था। इस पर उन्होंने गांव के ग्राम प्रधान और अन्य को सूचना दी। काफी संख्या में लोग मंदिर पहुंचे। थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह भी पुलिस टीम के साथ पहुंच गए। थानाध्यक्ष ने एसपी को घटना से अवगत कराया। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी फोरेंसिक टीम के साथ मंदिर पहुंचे। उन्होंने जांच की। पुलिस ने गांव के लोगों के बयान दर्ज किया। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि मौत दो दिन पुरानी लग रही है। जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि मृतक के चचेरी बहू ने तहरीर दी है। केस दर्ज कर जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### चोरी हो गया सामान

मंदिर में रखा साइकिल, नकदी और अन्य सामान चोरी हो गया है। ऐसे में अनुमान लगाया जा रहा है कि लूट के बाद हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया है।

### आवाज न आने पर मंदिर पहुंचा किसान

मकरंदपुर गांव निवासी किसान राम किशुन अपने खेत में मवेशियों को देखने के लिए गया था। छुट्टा मवेशी न होने पर वह पानी पीने के लिए मंदिर गया और बाबा को आवाज लगाई। आवाज न आने पर उसने पास जाकर देखा तो बाबा मृत हालत में पड़े थे। इस पर उसके होश उड़ गए।

# साइबर अपराध से बचने के बताए टिप्स

▸▸ **महिला सशक्तिकरण योजना की भी दी जानकारी दी**

बहराइच

**अमृत विचार:** सरकार द्वारा चलाये जा रहे महिला सशक्तिकरण अभियान के अन्तर्गत बुधवार को दरगाह शरीफ द्वारा संचालित मसऊद गाजी गर्ल्स इण्टर कालेज दरगाह रोड में थाना दरगाह शरीफ के प्रभारी निरीक्षक हरेन्द्र मिश्र अपने समस्त पुलिस आरक्षियों के साथ विद्यालय पहुंचे। उन्होने विद्यालय की छात्राओं का मनोबल बढ़ाते हुए इस योजना के लाभ का विस्तार से वर्णन किया।

थाना प्रभारी मिश्र ने कहा कि किसी व्यक्ति समुदाय या संगठन की आर्थिक राजनीतिक समाजिक शैक्षिक लैगिग या अध्यामिक शक्ति में सुधार को सशक्तिकरण कहा जाता है उन्होने कहा कि यदि किसी भी पीडित महिला की आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए उसे कौशल उन्न्यन प्रशिक्षण कार्यकम से जोड दिया जाये तो वह स्वंय के साथ साथ अपने परिवार का भी भरण पोषण कर सकती है। सम्बोधन के दौरान विद्यालय की शिक्षिकाओं व छात्राओं से कहा कि आज मोबाइल युग है और आजकल बैकिंग अत्यन्त आसान हो गयी है।

पहले पैसा जमा करने व निकालने में अनेको कठिनाईयों का सामना करना पड़ता था और आज आप अपने मोबाइल से किसी को पैसा भेज सकती है और सामान खरीद सकती है। इसमें हमारी आपकी सावधानियाँ अवश्य बढ़ गयी है आज साइबर अपराध बढ़ रहे है इसलिए यह आवश्यक है कि अगर कोई अपरिचित काल आपसे पासवर्ड ओटीपी आदि पूछती है तो कदापि न बतायें अपना पासवर्ड सुरक्षित रखे।

जिससे आप साइबर अपराध से बच सके। छात्रओं को सम्बोधित करते हुए उन्होने कहा कि अगर विद्यालय आने जाने में कोई अंजान व्यक्ति आपका पीछा करता है तो तुरन्त आप अपने घर वालो को, स्कूल के टीचर को और पुलिस 112 व व वूमन पावर नम्बर पर काल करे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्राएं ,महिला सिपाही और विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

# आज से शुरू होगी यूपी बोर्ड की परीक्षाएं

संवाददाता,बहराइच

**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा गुरुवार से जिले में 114 परीक्षा केन्द्र पर शुरू होगी। इन परीक्षा केंद्रों पर 65 हजार से अधिक छात्र और छात्राएं परीक्षा देंगे। जिले में गुरुवार से 09 मार्च तक सम्पन्न होने वाली बोर्ड परीक्षा वर्ष में 21415 बालक व 15989 बालिका कुल 37404 परीक्षार्थी हाईस्कूल तथा 16546 बालक व 11106 बालिका कुल 27652 परीक्षार्थी इण्टरमीडिएट परीक्षा में सम्मिलित होंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र देव ने बताया कि 114 परीक्षा केन्द्रों को तहसीलवार 06 ज़ोन व 24 सेक्टर में विभाजित कर प्रत्येक के लिए ज़ोनल, सेक्टर व स्टैटिक मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। परीक्षा की शुचिता बनाये रखने हेतु प्राचार्य डायट, बीएसए, डीआईओएस तथा 03 राजकीय प्रधानाचार्यों के नेतृत्व में कुल 06 सचल दल का गठन किया गया है। उत्तर पुस्तिकाओं के संकलन के लिए राजकीय बालिका इण्टर कालेज बहराइच को संकलन केन्द्र तथा श्री शिव शंकर इण्टर कालेज नानपारा को उप संकलन केन्द्र बनाया गया है। प्रश्नपत्र वितरण हेतु तहसीलदार सदर को मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। जबकि उत्तर पुस्तिकाओं के वितरण के लिए प्रधानाचार्य राजकीय इण्टर कालेज बहराइच व भग्गड़वा को जिम्मेदारी सौंपी गई है। डीआईओएस ने बताया कि सीट पर प्रवेश पत्र के आधार पर रोल नंबर लगा दिया गया है। देर रात तक पेपर भी उपलब्ध करवा दिया गया है।



बोर्ड परीक्षा के लिए सुरक्षा जांचते अधिकारी। अमृत विचार

### एनबीडब्ल्यू के तीन वारंटियों को जेल

**रूपईडीहा, बहराइच,अमृत विचार :** रुपईडीहा थाना क्षेत्र के तीन अभियुक्तों के विरुद्ध कोर्ट ने एनबीडब्ल्यू का वारंट जारी किया है। पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक महोदय (ग्रामीण), डॉ. पवित्र मोहन त्रिपाठी की अगुवाई में पुलिस ने अभियान चलाया। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि चौकी इंचार्ज बाबागंज रामगोविन्द वर्मा, चौकी इंचार्ज चिकनिया रामसुधार यादव की पुलिस बल द्वारा रहीश अहमद पुत्र इस्माइल निवासी सुजौली को उसके घर से गिरफ्तारी प्रपत्र से अवगत कराते हुए गिरफ्तार किया गया। इसके बाद रामबाबू पुत्र रमेश चन्द्र गुप्ता और प्रहलाद कुमार पुत्र रमेश चन्द्र गुप्ता निवासी पुरानीबाजार कस्बा बाबागंज थाना रूपईडीहा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# आमरण अनशन की अनुमति लेने गए पीड़ित को एडीएम ने रोका

▸▸ **दो दिन में कार्य पूरा कराने का वादा कर पीड़ित को घर भेजा**

मोतीपुर, बहराइच

**अमृत विचार :** मिहींपुरवा नगर पंचायत के वार्ड नंबर 11 निवासी बलराम तिवारी सन 2018 से 1076 की पैरवी करते हुए न्याय की गुहार लगाते चला आ रहा है। लेकिन लगभग 6 वर्ष का समय बीत जाने के बाद भी उसे उचित न्याय नहीं मिल सका। वहीं आमरण अनशन की अनुमति भी एडीएम द्वारा न देकर वापस कर दिया गया है।

मोतीपुर थाना क्षेत्र के नगर पंचायत मिहीपुरवा निवासी बलराम तिवारी पांच सूत्रीय ज्ञापन देने की कलेक्ट्रेट सभागार 19 फरवरी को पहुंचा था।जहां जिलाधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी के सामने शुरू से लेकर अभी तक दिए गए प्रार्थना पत्र काफी देर तक खोज कर निकाले गए।इसके बाद अपर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी मिहींपुरवा को फोन करके दो दिन में मामले का निस्तारण करने का आदेश दिया था। अपर जिलाधिकारी के आदेश के बावजूद प्रार्थी दो दिन सुबह से लेकर शाम तक तहसील में बैठा रहा आज नही कल आईयेगा करते करते दो दिन बीत गए, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई। ऐसे में ग्रामीण पुनः आमरण अनशन पर बैठने की बात कह रहा है।

## सार-संक्षेप

### विद्यालय के कार्यक्रम में छात्रों ने लहराया फिलिस्तीन का झंडा





फिलिस्तीन का झंडा लहराते छात्र।

**बहराइच, अमृत विचार :** जिले के कटिलिया चौराहे पर स्थित सीबीएसई बोर्ड के इंग्लिश मीडियम स्कूल में बच्चों के हाथ में फिलिस्तीन का झंडा और फ्री अल अओसा की मांग के स्लोगन लिखे तख्तियां सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि यह फोटो और वीडियो कब की है। इसकी पुष्टि अमृत विचार अखबार नहीं करता है। रिसिया थाना क्षेत्र के ग्राम ग्राम पंचायत कटिलिया चौराहा के हशमत नगर में सिद्दीकिया इंग्लिश मीडियम स्कूल का संचालन होता है। इस स्कूल में सीबीएसई बोर्ड के तहत कक्षा एक से कक्षा 10 तक की पढ़ाई होती है। इस स्कूल में कुछ दिन पूर्व एक समारोह का आयोजन हुआ था। जिसमें स्कूल प्रबंधन द्वारा बच्चों के हाथ में फिलिस्तीन का झंडा और फ्री अल अओसा के आजादी की मांग का स्लोगन हाथ में लिखे दिखे। यह फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि अमृत विचार पोर्टल इसकी पुष्टि नहीं करता है। इस मामले में प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जानकारी हुई है। जांच की जा रही है। जांच के बाद तथ्य के आधार पर केस दर्ज किया जायेगा। उन्होजे बताया कि फोटो जनवरी माह का है।

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 212 मरीजों का हुआ इलाज



स्वास्थ्य शिविर में इलाज करते चिकित्सक।

**जरवल, बहराइच, अमृत विचार :** जरवल नगर पंचायत लखनऊ बहराइच हाईवे पर निशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर लगाया गया जिसमें 212 मरीज देखे गए सभी मरीजों ने अपनी-अपनी समस्याएं डॉक्टर को बताई इस प्रकार से डॉक्टर ने निशुल्क दवा दी नगर पंचायत जरवल के लखनऊ बहराइच हाईवे पर स्थित पर स्थित जुआरी फॉर्म हब लिमिटेड जरवल द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 212 मरीज देखे गए डॉ एके मिश्रा, डॉक्टर उस्मान आरिफ फिजिशियन, डॉक्टर अनुपम स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा सभी मरीजों का निशुल्क उपचार किया गया। इस मौके पर जॉइंट जी एम भास्कर पांडे, एरिया मैनेजर विवेक वर्मा, स्टोर मैनेजर विवेक राठी ,स्टोर सहायक संदीप मिश्रा सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### तेज आंधी में पेड़ कार पर गिरी, बाल-बाल बचे सवार



लखनऊ बहराइच मार्ग पर रात में गिरा पेड़।

**जरवलरोड, बहराइच, अमृत विचार :** लखनऊ बहराइच मार्ग पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्तफाबाद के निकट मंगलवार रात में आंधी तूफान से लखनऊ से बहराइच जा रही कार पर विशालकाय पेड़ गिरने से कार क्षातिग्रस्त हो गई। वहीं कार में सवार दो लोग हल्का चोटहिल हो गए। सूचना पर पुलिस ने पहुंचकर पेड़ को कटवा कर घंटो बाद रोड से हटवाया। तब जाकर आवागमन बहाल हो सका।

# महिला का फंदे से लटकता मिला शव

बाबागंज, बहराइच

**अमृत विचार:** किंघनरियन पुरवा गांव निवासी एक विवाहिता का शव बुधवार सुबह फंदे से लटका मिला। मायके के लोगों ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

रुपईडीहा थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत किंघनरियनपुरवा निवासी गुलबशन (20) पत्नी शिफू खान का शव बुधवार सुबह घर में फंदे से लटकता मिला। ग्रामीणों के मुताबिक महिला ने पारिवारिक विवाद के बाद फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। ग्राम प्रधान ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने महिला के लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मायके के लोगों ने दया हत्या का आरोप लगाते हुए पति शिफू खान भाई विजय खान, ससुर नेता और सास तौआ के विरुद्ध दहेज हत्या का आरोप लगाया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद केस दर्ज जायेगा। मालूम हो कि विवाहिता के पति गुजरात में रहकर काम करते हैं। इस समय भी वह गुजरात में ही है।

### फाइनल ट्राफी पर कलवारी इलेवन ने किया कब्जा

**बाबागंज, बहराइच, अमृत विचार :** क्षेत्र के कलवारी गांव में स्थित ग्राउंड पर चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का बुधवार को फाइनल मैच खेला गया। जिसमें कलवारी की टीम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया। बैटिंग करने उतरी रूपईडीहा की टीम ने 16 वोवर में 159 रन बनाए। जिसके जवाब में कलवारी इलेवन 16ओवर में ही 160रन बनाकर मैच जीत लिया। मैन आफ द मैच कुलदीप वा मैन ऑफ द सीरीज मनीष आर्य रहे खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि खेल हमेशा आपसी सदभाव से खेलना चाहिए। खेल से शरीर स्वस्थ रहता है। चैयरमैन डा उमाशंकर वैश्य ने कहा कि सरकार खेलों पर अधिक ध्यान दें रही है। पुरस्कार वितरण में एस पी सिंह, दस्तगीर, पियूष सिंह,प्रवीण, अखिलेश श्रीवास्तव, कपिलदेव सिंह, उग्रसेन सिंह सहित तमाम खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# बीच में न छोड़ें टीबी का इलाज गंभीर हो सकती है बीमारी

रिसिया, बहराइच

**अमृत विचार :** टीबी रोग माइकोबैक्टीरियम नामक बैक्टीरिया से होने वाला एक संक्रमण हैं। इस बैक्टीरिया में बहुत ताकत होती है और इसे नष्ट करने में लंबा समय लगता है। टीबी रोग विशेषज्ञ व जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ एमएल वर्मा के अनुसार समान्य तौर पर टीबी इलाज का पूरा कोर्स 6 से 9 महीनों तक चलता है। लेकिन किसी भी कारण से बीच में इलाज छोड़ देने से टीबी के बैक्टीरिया और अधिक ताकतवर हो जाते हैं और इलाज लंबा चलता है। कुछ ऐसा ही 47 वर्षीय गंगा देवी के साथ हुआ।

रिसिया ब्लॉक के नरसिंह डीहा निवासी गंगा देवी को कई हफ्तों से खांसी , बुखार के साथ लगातार वजन कम हो रहा था। सीएचसी रिसिया में बलगम की जांच में टीबी निकली और दो हफ्ते की दवाएं दी गयी। इससे आराम मिला लेकिन पति घर से बाहर थे इसलिए वह दोबारा अकेले अस्पताल नहीं गयी। करीब एक माह बाद अधिक समस्या होने पर गईं तो चिकित्सक ने बताया कि बीच में इलाज बंद करने से इन दवाओं का असर नहीं होगा। इसके लिए दोबारा सुबह का बलगम जाँचना होगा। जब यह बात पति साबित राम पता चली तो उन्हें लगा कि सरकारी अस्पताल में इलाज के नाम पर सिर्फ दौड़ाते रहते हैं। इसलिए उन्होंने मजदूरी से वापस आने पर प्राइवेट चिकित्सक से इलाज कराने का निर्णय लिया।

### गरीबी में बिक गयी जमीन

साबित राम बताते हैं कि प्राइवेट चिकित्सक के यहां महंगे इलाज की वजह से कर्ज इतना बढ़ गया कि एक बीघे जमीन बेचनी पड़ी। पैसों के अभाव में बीच-बीच में इलाज भी बंद रहा और पत्नी की तबीयत पहले ज्यादा खराब होने लगी। इस बीच टीबी चैंपियन अनामिका का फोन आया । सारी बात जानने के बाद उन्होंने पुन: सरकारी अस्पताल में इलाज करने के लिए समझाया और बताया कि यहां मिलने वाली टीबी की दवाएं बहुत कारगर हैं। उन्हें भी टीबी थी और इसी अस्पताल से दवाओं का पूरा कोर्स कर ठीक हो चुकी हैं।

प्रतियोगिता | जिला मुख्यालय पहुंचने पर हुआ स्वागत, मेरठ में आयोजित हुई प्रतियोगिता

# बहराइच के अनुतोष ने कानपुर के अर्जुन को बैडमिंटन में हराया

बहराइच

**अमृत विचार :** मेरठ में आयोजित तीन दिवसीय बेटमिंटन प्रतियोगिता में शहर के मोहल्ला गुलामअली पुरा निवासी अनुतोष कमल ने कानपुर के अर्जुन सिंह दो सेट के मुकाबले में पराजित कर दिया। जिला मुख्यालय पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत हुआ।



विजेता टीम के खिलाड़ी और कोच। अमृत विचार

शहर के मोहल्ला गुलाम अलीपुरा निवासी अनुतोष कमल एक व्यापारी है तथा समाज से जुड़े रहते हैं और सामाजिक कार्यों में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं। इसके अलावा समय निकालकर बैडमिंटन में दिन-रात मेहनत करते हैं। दो दिन पहले बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन जनपद मेरठ में हुआ। जहां पर 16, 17, 18 फरवरी को राज्य स्तरीय मास्टर बैडमिंटन टूर्नामेंट में अनुतोष कमल ने भाग लिया। लगातार तीन दिन चलने वाले मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपने निकटतम प्रतिद्वंदी कानपुर के अर्जुन सिंह को 21-13, 21 -19 से पराजित किया। पिछले वर्ष भी अयोध्या में आयोजित प्रतियोगिता में विजेता रहे थे। बहराइच का नाम रोशन करते रहे हैं।चैंपियनशिप में विजेता बनने पर बहराइच नगर में उनका जोरदार स्वागत किया गया। अनुतोष कमल कहते हैं कि हमारा लक्ष्य है कि अपने जिले का नाम मैं देश व विदेश में फहराना चाहता हूं। इसलिए रात दिन कड़ी मेहनत करता हूं। इसमें उनके पिता शिव प्रकाश सिंह, उनके कोच राना अनिल सिंह और उनके साथी खिलाड़ी मित्रों का अहम योगदान रहा। अनूतोष आगामी 17 मार्च को होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सीधे प्रतिभाग करने पंचकुला हरियाणा जाने का अवसर इस बार मिला है। इनका बेटा भी स्विमिंग खेल में निपुण है और इस समय दिल्ली स्पोर्ट्स कॉलेज में दिल्ली में पढ़ाई और खेल दोनो कर रहा है।

### नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन

**कैसरगंज, बहराइच :** कैसरगंज विधान सभा क्षेत्र के मंडल कैसरगंज में हर घर जाकर नारी शक्ति बंदन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं को जागरूक किया गया। मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा संतोष पांडे एवं महिला मोर्चा जिला मंत्री मीना द्विवेदी रही। कार्यक्रम के प्रारंभ में भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय कैसरगंज में मंडल अध्यक्ष शिव सहाय सिंह एवं महामंत्री शिवानंद सिंह ने गुलदस्ता देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। तत्पश्चात नारी शक्ति बदंन कार्यक्रम के अंतर्गत नगर पंचायत कैसरगंज के बूथ संख्या 201 एवं 203 पर हर घर जाकर नारी शक्ति से मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऐतिहासिक कार्यों को बताया गया। इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष बृजेश सिंह, मंडल मंत्री हीरालाल मौर्य, सोशल मीडिया सहसंयोजक अनिल सोनी अन्ना, आशु सोनी सभासद, केतकी मौर्य, बूथ अध्यक्ष आनंद मौर्य, अंग्रेज विश्वकर्मा एवं नारी शक्ति उपस्थिति रही।

### राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी का जिले में हुआ स्वागत



स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता।

**बहराइच, अमृत विचार :** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के सदस्य बुधवार को जनपद श्रावस्ती में जा रहे थे। लखनऊ बहराइच मार्ग पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। पार्टी के कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव को अलर्ट रखने वाले लोगों को भारतीय जनता पार्टी की तरफ से संबोधित किया। श्रावस्ती पहुंचने से पहले ही बहराइच में राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत का फूल माला व बुकलेट देकर देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मौजूद जिला महामंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा रुस्तम अली, सलीम, पप्पू, नसरुद्दीन, मोहम्मद अहमद , कलीम, समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

### जिला बदर अपराधी गिरफ्तार

**बहराइच :** कोतवाली देहात के मोहल्ला सूफीपुरा निवासी हनुमत सिंह पुत्र राम प्रताप सिंह जिला बदर अपराधी है। जिला बाजार होने के बावजूद व घर पर ही रह रहा था। प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार सुबह उप निरीक्षक अशोक सिंह, उप निरीक्षक भगवान यादव और हेड कांस्टेबल अर्जुन गौड़ की टीम ने जिला पधार अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

लोकयात्रा भयं लज्जा दाक्षिण्यं त्यागशीलता।
पंच यत्र न विद्यन्ते न कुर्यात्तत्र संगतिम् ॥

जिस स्थान पर आजीविका न मिले, लोगों में भय और लज्जा, उदारता तथा दान देने की प्रवृत्ति न हो, ऐसी पांच जगहों को भी मनुष्य को अपने निवास के लिए नहीं चुनना चाहिए।

## संपादकीय

# पाकिस्तान में चुनौतियां

पड़ोसी देश पाकिस्तान की राजनीति में दो पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी दलों ने गठबंधन सरकार बनाने की घोषणा की है। पाकिस्तान में 2024 चुनाव के नतीजे राजनीति में अस्थिरता के साथ आर्थिक परेशानी और आतंकवाद बढ़ाने की ओर इशारा कर रहे थे। परमाणु-सशस्त्र राष्ट्र में सरकार बनाने में देरी चिंता का कारण बन रही थी। क्योंकि पाकिस्तान में धीमी वृद्धि और रिकॉर्ड मुद्रास्फीति, बढ़ती आतंकवादी हिंसा के बीच निर्णय लेने के लिए अधिकार संपन्न के साथ एक स्थिर प्रशासन की आवश्यकता हमेशा रही है। आखिरकार पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के बीच गठन को लेकर जारी बातचीत आखिरकार रंग लाई और दोनों दलों के बीच नई गठबंधन सरकार बनाने को लेकर समझौता हो गया है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के अध्यक्ष शहबाज शरीफ (72) प्रधानमंत्री पद संभालेंगे, वहीं पीपीपी के सह-अध्यक्ष आसिफ जरदारी (68) दूसरी बार देश के राष्ट्रपति बनेंगे। पीएमएल-एन 79 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी है और पीपीपी 54 सीटों के साथ दूसरे स्थान पर है। कहा जा रहा है 8 फरवरी को घोषित चुनाव परिणामों के बाद पाकिस्तान जिस राजनीतिक गतिरोध का सामना कर रहा था, उन पर फिलहाल विराम लगा है।

हालांकि देश में बनने वाली नई सरकार को गंभीर आर्थिक स्थिति का सामना करना पड़ेगा, जिसमें देश का खराब आर्थिक विकास, महंगाई, बेरोजगारी के साथ-साथ एक बड़ी चुनौती है। देश का आंतरिक और बाह्य कर्ज का बोझ है, जो पिछले कुछ वर्षों में काफी बढ़ गया है। पाकिस्तान की सबसे बड़ी आर्थिक चुनौती उसके विदेशी मुद्रा भंडार में आई कमी है। 2023 की शुरुआत में उसका विदेशी मुद्रा भंडार ऐतिहासिक रूप से गिरकर केवल 3.19 अरब डॉलर रह गया था। ये रकम केवल दो सप्ताह के लिए पाकिस्तान के आयात का बिल अदा कर सकने लायक़ थी और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा सुझाए गए न्यूनतम तीन महीने के भंडार के भी नीचे चली गई थी। पाकिस्तान द्वारा लिए गए तमाम क़र्ज़ों में से 73 अरब डॉलर को 2025 तक चुकाने की चुनौती से ये नाजुक हालात और भी बिगड़ गए। पाकिस्तान पर लदे कर्ज के बोझ में से ज्यादातर हिस्सा चीन और सऊदी अरब का है। पिछले 60 वर्षों के दौरान पाकिस्तान, खुद को संकट से उबारने के लिए आईएमएफ से 22 बार मदद की गुहार लगा चुका है। अब देखना होगा कि सरकार किस तरह सबसे बड़ी चुनौती से निपटती है। अभी भी यह स्पष्ट नहीं है कि गठबंधन सरकार, अर्थव्यवस्था को सुधारने के लिए कठिन निर्णय लेने में अन्य सहयोगी दलों का समर्थन जुटा पाएगी या नहीं।

# सबसे बड़ा मुद्दा बन गया राज्य बहाली का दर्जा



प्रदीप मिश्र
वरिष्ठ पत्रकार

जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के बाद राज्य बहाली की सबसे बड़ी मांग 18 वीं लोकसभा में कानून बनाकर पूरे होने की उम्मीद के मद्देनजर लद्दाख के लोगों को अपने हालात साफ तौर पर समझ आ रहे हैं। वे ऐसा केंद्र शासित प्रदेश चाहते थे जिसकी अपनी विधायिका हो और उनकी अपेक्षाओं के अनुरूप कानून बनाए जाएं।

केंद्र शासित जम्मू-कश्मीर में जनप्रतिनिधियों और जनता की जब-तब की जाने वाली राज्य के दर्जे की मांग लद्दाख में भी मुद्दा बन गई है। एक महीने से ज्यादा समय से लेह और कारगिल के लोग खुद को छठी अनुसूची में शामिल करते हुए विशेष दर्जे के की मांग के साथ अपनी विधानसभा, लोकसभा सीटें दो करने और पृथक लोकसेवा आयोग के लिए आंदोलित हैं। लद्दाख अपेक्स बॉडी और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस के प्रतिनिधियों ने 19 फरवरी को दिल्ली में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय से इस बारे में बैठकर बात की। इस बावत दोनों पक्ष कुछ बता नहीं रहे है, लेकिन विचार-विमर्श आगे भी जारी रहना तय हो गया है।

लोकसभा चुनाव से पहले किसी भी मांग पर फैसला होने के आसार नहीं हैं। दोनों केंद्र शासित प्रदेशों में छह लोकसभा सीटें हैं और राज्य बहाली की मांग चुनाव पर असर डालेगी। हालांकि केंद्र में सरकार बनने-बिगड़ने पर इसका प्रभाव नहीं पड़ेगा फिर भी अंतर्राष्ट्रीय राजनीति और कूटनीति अछूती नहीं रहेगी। 2014 से जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव नहीं हुए है, वहीं लद्दाख में विधानसभा खत्म ही कर दी गई है। पांच अगस्त 2019 से पहले जम्मू-कश्मीर स्वायत्तशासी और पूर्ण राज्य था और लद्दाख इसका हिस्सा था।

विपक्ष से जुड़े जनप्रतिनिधियों के लिए केंद्र शासित प्रदेशों को फिर से राज्य बनाने की मांग महज चुनावी मुद्दा नहीं है। संस्कृति की रक्षा के साथ जमीन और रोजगार का हक पूर्ववत (अनुच्छेद-370 समाप्त होने से पहले) रहने की भावना भी इससे जुड़ी है। लद्दाख के लोग नवंबर 2022 में भी अपनी मांगें मनवाने के लिए दिल्ली में धरना-प्रदर्शन कर चुके हैं। गौरतलब है कि लेह के बौद्ध लद्दाख को जम्मू-कश्मीर से अलग कर केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा दिलाने के लिए 30 साल तक आंदोलन कर चुके हैं। वहीं जम्मू-कश्मीर में भाजपा के अलावा अन्य सभी दल राज्य के दर्जा हासिल करने के लिए किसी ने किसी रूप में एकजुटता जताते रहते हैं। जनता के बीच राज्य के मुद्दे पर जद्दोजहद नहीं है। साफ मांग भाजपा के लिए बड़ी चुनावी चुनौती है। जम्मू-कश्मीर के राज्य के दर्जे की बहाली का आश्वासन अनुच्छेद-370 हटाने के तुरंत बाद से लगातार दिया जा रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कहते रहे हैं कि विधानसभा चुनाव के बाद राज्य का दर्जा बहाल कर दिया जाएगा।

> छठी अनुसूची का विषय असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिजोरम के जनजातीय क्षेत्रों का प्रशासन है। इसके तहत भूमि, रोजगार और संस्कृति की रक्षा प्रमुख है। स्वायत्त जिले भी बनाए जा सकते हैं। सांसद नामग्याल ने दिसंबर 2021 में इसकी मांग की थी। लद्दाख में सिक्किम जैसी विधानसभा गठित करने की मांग है।

अनुच्छेद-370 हटाने को जायज ठहराते हुए सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने सितंबर 2024 तक विधानसभा चुनाव कराने का निर्देश दिया है। अनुच्छेद-370 हटाए जाने के थोड़े समय बाद पूर्व प्रशासनिक अधिकारी आरके माथुर के बाद लद्दाख में पूर्व सेनाधिकारी बीडी मिश्र को जिम्मेदारी सौंपना हो या फिर नौकरशाह गिरीश चंद्र मुर्मू के हाथ से कमान लेकर राजनीतिज्ञ मनोज सिन्हा को दिया जाना रणनीतिक पहल रहा है। इसके अलावा सियासी समीकरण साधने के लिए केंद्र सरकार समय-समय पर कदम उठाती रही है। स्थानीय निकाय चुनाव में अति पिछड़ों और विधानसभा में और पहाड़ी समुदाय को अनुसूचित जातियों में आरक्षण देना भी इसी का हिस्सा है। चूंकि लद्दाख में विधानसभा नहीं है, इसलिए राजनीतिक दृष्टि से उसकी चिंता नहीं की जाती है। तीन फरवरी को लद्दाख में बड़ा प्रदर्शन तब हुआ था, जब 16 जनवरी को केंद्रीय गृह मंत्रालय को सौंपे गए मांग पत्र पर ध्यान नहीं दिया गया था। इस पर लद्दाख के भाजपा सांसद जामयांगा त्सेरिंग नामग्याल, भाजपा के ही पूर्व सांसद थुपस्तान छेवांग और शिक्षा व पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के कड़े रूख अपनाए जाने के बाद दिल्ली में वार्ता की सहमति बनी। कश्मीर में आतंकवाद बढ़ने पर केंद्र सरकार ने जितने भी वार्ताकार नियुक्त किए, उनका कार्यक्षेत्र मुख्यतः कश्मीर ही रहा। एनएन वोहरा को जब केंद्रीय गृह सचिव के तौर पर 'मिशन कश्मीर' में लगाया गया तो उन्होंने जम्मू को इसमें शामिल कर लिया था, लेकिन शांतपूर्ण-अपराधमुक्त और पर्यटन के लिए विख्यात लद्दाख को नजरअंदाज कर दिया।

वोहरा 2003 में वार्ताकार बनाए गए और 2008 में राज्यपाल नियुक्त किया गया था। तिब्बत, चीन और पाकिस्तान से घिरे सामरिक महत्व के लद्दाख के लोग पूरी शिद्दत से चाहते हैं कि उन्हें पूर्ण राज्य का दर्जा मिले। जब तक यह संभव न हो, संविधान की छठी अनुसूची के तहत उनके हित सुरक्षित किए जाएं। दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजन के समय लद्दाख के लोग बहुत खुश थे। कारण, कश्मीरी हुक्मरानों से आजादी की उनकी मांग पूरी हो गई थी। खुशी के आलम में उन्होंने यह सोचना भी मुनासिब नहीं समझा कि दिल्ली ने उन्हें विधानसभा न देकर नौकरशाहों की नीतियों और नीयत पर छोड़ दिया है। पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर की 87 सदस्यीय विधानसभा में लद्दाख के दो जिले लेह और कारगिल से चार विधायक चुने जाते थे। सरकार किसी भी पार्टी की हो, एक मंत्री अनिवार्य तौर पर रहता था। यहां के लोगों के हक-हकूक के लिए नए सिरे से एकजुट होने से नहीं लगता कि ये सिलसिला कुछ हासिल किए बिना खत्म होगा।

पूर्व राज्यपाल सतपाल मलिक के कार्यकाल में लद्दाख को अलग मंडल बनाया गया था। इससे पहले लेह और कारगिल के लोगों को श्रीनगर के चक्कर काटने पड़ते थे। यही नहीं, पहली बार हुए आंदोलन के बीच केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश के मनाली और लद्दाख के कारगिल को जोड़ने वाली शिंकूला सुरंग के निर्माण की मंजूरी दी। अभी तक हिमाचल प्रदेश से अटल टनल के जरिए ही लद्दाख पहुंचा जा सकता है। श्रीनगर-लेह के बीच जोजिला पर भी सुरंग बनाई जा रही है। छठी अनुसूची का विषय असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिजोरम के जनजातीय क्षेत्रों का प्रशासन है। इसके तहत भूमि, रोजगार और संस्कृति की रक्षा प्रमुख है। स्वायत्त जिले भी बनाए जा सकते हैं। सांसद नामग्याल ने दिसंबर 2021 में इसकी मांग की थी। लद्दाख में सिक्किम जैसी विधानसभा गठित करने की मांग है। 5,40,493 आबादी वाले सिक्किम में 32 सीटें हैं। लद्दाख की जनसंख्या सवा तीन लाख है। आंदोलनकारी चाहते हैं कि क्षेत्र में सरकारी नौकरियों में सिर्फ लद्दाख के युवाओं को ही नियुक्ति देने के अलावा लद्दाख के अलावा लेह और कारगिल को अलग-अलग संसदीय सीट बनाना भी उनकी मांग है। बीते दिनों उन्होंने संसदीय सीटों की मांग को विस्तार देते हुए गिलगित-बाल्टिस्तान को भारत में शामिल कर लोकसभा की सीटें दो करने का सुझाव दिया है। 2019 में लद्दाख में बौद्ध अनुयायी 45.87 प्रतिशत और मुस्लिम आबादी 47 फीसदी थी। बौद्धों की बहुतायत लेह में है, जबकि कारगिल में शिया मुस्लिम ज्यादा हैं। संभावना है कि आने वाले दिनों में लेह और कारगिल के अलावा नुब्रा और जांस्कार को भी जिला बनाया जा सकता है। नुब्रा और जांस्कार पहले विधानसभा सीटें थीं।

जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के बाद राज्य बहाली की सबसे बड़ी मांग 18 वीं लोकसभा में कानून बनाकर पूरे होने की उम्मीद के मद्देनजर लद्दाख के लोगों को अपने हालात साफ तौर पर समझ आ रहे हैं। वे ऐसा केंद्र शासित प्रदेश चाहते थे जिसकी अपनी विधायिका हो और उनकी अपेक्षाओं के अनुरूप कानून बनाए जाएं। इस बीच लद्दाख की लगातार लड़ाई ने जम्मू-कश्मीर के अवाम को ही नहीं, नेताओं को भी अहसास करा दिया है कि राज्य के अपने अधिकार के प्रति उनकी थोड़ी सी अनदेखी वर्षों तक उनके वजूद को बदनीयती के दायरे में ले आएगा। बुनियाद की मजबूती के लिए वोट भी बड़ा हथियार है। लग रहा है कि चुनाव में मतदाता सबसे पहले अपनी मंशा पर ही मुहर लगाएंगे।

## प्रसंगवश

# न अदालत की परवाह और न ही जनता की चिंता

20 फरवरी को पंजाब हरियाणा उच्च न्यायालय ने धरना-प्रदर्शन को नागरिक का अधिकार तो कहा, लेकिन ट्रेक्टर लेकर राजमार्ग पर आने को गलत बताया। इसके बावजूद 21 फरवरी को हरियाणा-पंजाब की सीमाओं पर कई जगह किसानों के मोर्चे हजारों ट्रकों के साथ लगे थे।

हालांकि किसानों का धरना दिल्ली से कोई 247 किलोमीटर दूर हरियाणा-पंजाब की सीमा पर है, लेकिन पिछले कड़वे अनुभवों से सीख लेकर सरकार ने दिल्ली की जो किलेबंदी की है, उससे आम लोग बहुत परेशान हैं। हर दिन दफ्तर जाने वाले हों या रेल, हवाई जहाज से यात्रा करने वाले या बोर्ड के इम्तहान के लिए जा रहे बच्चे या अस्पताल जा रहे बीमार, तीमारदार एहतीयतन उठाए गए कदमों से सड़कों पर लग रहे जाम ने आवागमन का समय और परेशानी दोनों बढ़ा दी है। हालांकि भारत के कानून में दर्ज की ऐसे प्रावधान हैं जिनके अंतर्गत सड़क या रेल को रोकना दंडनीय अपराध है, लेकिन भीड़ को किसी कानून की परवाह होती ही कहां है। हाल ही में देश भर की सड़कों, राज्यों के राजमार्ग को लंबे समय तक धरना प्रदर्शन या किसी अन्य तरीकों से बाधित किए जाने की घटना से निपटने के लिए विधि आयोग ने केंद्र सरकार के समुचित कानून बनाने की सिफारिश की है। समझना होगा कि परिवहन और संचार में किसी भी तरह का व्यवधान देश की विकास गति में अवरोध होता है।



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

आयोग ने केंद्र सरकार को भेजी अपनी रिपोर्ट में कहा है कि सड़कों को बाधित करने वालों से निपटने के लिए समुचित कानून या फिर भारतीय दंड विधान या हाल ही में बनाए गए भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) में संशोधन करके प्रावधान करने की जरूरत है। विधि आयोग के अध्यक्ष जस्टिस ऋतु राज अवस्थी की अगुवाई वाली समिति ने अपनी 284 वीं रिपोर्ट में सरकार से कहा है कि राष्ट्रीय राजमार्गों को बाधित किया जाता है तो इससे निपटने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 है और रेलवे लाइनों को बाधित करने पर रेलवे अधिनियम 1989 है और इसमें दंडात्मक प्रावधान पहले से है, लेकिन समय की मांग है कि ऐसे कानून और कड़े बनाए जाएं। लोकतंत्र में निर्णय जनता के हाथों होता है। इसका यह मतलब कतई नहीं है कि लोकतंत्र जनता के हाथों में खेलता है। चुनाव वह समय होता है जब जनता अपनी अपेक्षाओं पर खरा न उतरने वालों को कुर्सी से नीचे उतार फेंकती है, लेकिन आज हालात तो अराजकता की ओर इशारा कर रहे हैं। अपनी बात लोगों तक पहुंचाने के लिए सड़क पर आ जाओ, जाम कर दो, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाओ, प्रशासन तंत्र को बंधक बनाओ।

सरकारी आंकड़े गवाह हैं कि हमारे देश में हर साल सड़कों पर हंगामें की 56 हजार छोटी-बड़ी घटनाएं होती हैं। इनकी चपेट में आकर कोई पचास हजार वाहन बर्बाद हो जाते हैं जिनमें 10 हजार बस या ट्रक होते हैं। इस प्रकार के रोज-रोज के बंद, धरने, प्रदर्शन, जाम से आम आदमी आजिज आ चुका है। इन अराजकताओं के कारण समय पर इलाज न मिल पाने के कारण मौत होने, परीक्षा छूट जाने, नौकरी का इंटरव्यू न दे पाने जैसे किस्से अब आम हो चुके हैं और सरकार इतने गंभीर विषय पर संवेदनहीन बनी हुई है।

पुलिस का काम कानून-व्यवस्था बनाए रखना है। पुलिस का काम सुचारु यातायात बनाए रखना है, लेकिन जब पच्चीस, पचास लोग नारे लगाते हुए चौराहों पर लेट जाते हैं तो पुलिस मूक दर्शक बनी रहती है, इंतजार करती है, लंबे ट्रैफिक जाम का या फिर स्थिति बिगड़ने का और उसके बाद अपनी चरम कार्यवाही यानी बल प्रयोग पर उतारू हो जाती है। साफ दिखता है कि पुलिस का प्रशिक्षण ऐसे हालातों से निपटने के नाम पर शून्य है। अब समय आ गया है कि विधि आयोग की सिफारिशों के अनुरूप नई बन रही भारतीय न्याय संहिता में देश के विकास में व्यवधान बनी ऐसी हरकतों को सख्ती से रोकने के लिए प्रावधान किए जाएं और इसमें संबंधित अधिकारियों को अधिक जिम्मेदार बनाया जाए। इस तरह की हरकतों में शामिल राजनेताओं पर भी कुछ पाबंदियां हों।

# भू-माफिया कीट चट कर रहे खेती की जमीन



असलम कोहरा
वरिष्ठ पत्रकार, रुद्रपुर

> नाबार्ड की मानें तो मौजूदा वक्त में देश के आधे से अधिक किसान 21 लाख करोड़ रुपये के कर्ज में डूबे हैं, यानी एक किसान पर 1.35 करोड़ रुपये का कर्ज है।

मौजूदा वक्त में उपजाऊ कृषि भूमि के रकबे का घटते जाना बढ़ती आबादी के लिए खाद्य आपूर्ति के मार्ग में खतरे की घंटी है। पिछले साल के मुकाबले में इस साल सरकारी भंडार में 1.38 करोड़ कम गेहूं हैं। यही नहीं 2023-24 में गेहूं का उत्पादन 10.64 करोड़ टन कम रहने का अनुमान है। सेंटर फॉर मॉनीटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआईई) के मुताबिक गेहूं बुआई के रकबे में पिछले साल के मुकाबले 4.7 लाख हेक्टेयर की गिरावट आई है। पिछले साल 91.02 लाख हेक्टेयर की तुलना में इस साल घटकर 86.02 लाख हेक्टेयर रह गया है। पानी की कमी के कारण किसानों ने गेहूं की खेती कम कर दी है। केवल गेहूं का ही नहीं, धान और दालों की बुवाई का भी रकबा कम हुआ है। चिंता की बात यह भी है कि जनसंख्या के मुकाबले में खाद्यान्न उत्पादन की वृद्धि दर कम है।

आजादी के बाद देश की जनता को भरपेट भोजन मुहैय्या कराने की ज्वलंत चुनौती थी। देश को खाद्यान्न में आत्मनिर्भर बनाने की चुनौती को स्वीकारते हुए महान कृषि वैज्ञानिक डॉ. एम. एस. स्वामीनाथन ने 1960 में हरित क्रांति नारा दिया। इसका आगाज तत्कालीन उत्तर प्रदेश (वर्तमान में उत्तराखंड) के नैनीताल जिले (वर्तमान में उधम सिंह नगर) के तराई भूभाग में पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना के रूप में हुआ। इसके साथ ही बांध बनाए गए, उत्तम गुणवत्ता के बीच एवं उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई और बीज निगमों की स्थापना की गई। इन बहुआयामी प्रयासों से न केवल देश खाद्य आपूर्ति में आत्मनिर्भर बन गया, बल्कि दूसरे देशों को निर्यात करने की स्थिति में आ गया। 1991 में नई आर्थिक नीतियां लागू होने के बाद औद्योगिक क्रांति ने कृषि क्रांति को निगलना शुरू कर दिया। भू माफियाओं एवं बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने अंधाधुंध कमाई चक्कर में खादों के असंतुलित प्रयोग एवं अन्य माध्यमों से जमीन, पानी और हवा को प्रदूषित करने के साथ ही उपजाऊ कृषि भूमि की प्लॉटिंग कर भूखंड और कुकुरमुत्तों की तरह आवासीय कॉलोनियां उगाकर करोड़ों की धंधेबाजी शुरू कर दी। उधर पारिवारिक बंटवारे के बाद छोटी होती जोतों, कर्ज और खेती में घाटे के दबाव में आत्महत्या का ग्राफ बढ़ने लगा।

इससे मुक्ति पाने के लिए विवश होकर किसान भूमाफियाओं को खेत बेचने लगे। वर्तमान में पूरे देश में कॉलोनाइजर्स द्वारा बनाई जा रही कॉलोनियां हर साल हजारों हेक्टेयर कृषि उपजाऊ भूमि लीलती जा रही है। शायद ही कोई प्रांत, कोई शहर और कोई गांव इस त्रासदी से अछूता हो। इस संबंध में एक लचर दलील यह दी जाती है कि भूमि की खरीद-फरोख्त से रेवेन्यू जेनेरेट होता है। सवाल है, क्या खाद्यान्न के स्थान पर नोट खाए जा सकते हैं? विकास तो होना ही चाहिए, लेकिन खेती भी बचना चाहिए। आवासों, कारखानों एवं सड़कों के लिए उपजाऊ कृषि भूमि के बजाए बंजर भूमि को उपयोग में लाया जा सकता है। भला हो वैज्ञानिकों एवं किसानों का जोकि अपने शोध एवं तकनीकों और परिश्रम से बढ़ती आबादी का पेट भर रहे हैं, लेकिन आखिर कब तक? कृषि उपज पर अब चौतरफा मार पड़ने के संकेत मिलने लगे हैं। स्थिति ये है कि एक ओर दिनोंदिन खेती की जमीन सिकुड़ती रही है और उधर आबादी थमने का नाम नहीं ले रही। 2015 में 60.43 प्रतिशत कृषि योग्य भूमि का रकबा आज घट कर 51.43 प्रतिशत रह गया है और जो कृषि भूमि बची भी है, उसकी उपजाऊ शक्ति कम होती जा रही है, साथ ही बहुरुपिए मौसम की धोखेबाजी भी एक बड़े दुश्मन के रूप में सामने आ रही है और प्रदूषण की मार अलग से है।

राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की मानें तो मौजूदा वक्त में देश के आधे से अधिक किसान 21 लाख करोड़ रुपये के कर्ज में डूबे हैं, यानी एक किसान पर 1.35 करोड़ रुपये का कर्ज है। नेशनल सैंपल सर्वे की रिपोर्ट के मुताबिक एक किसान परिवार को खेती से केवल 3798 रुपये मासिक आय होती है। बहुत कम आमदनी होने के कारण लोग खेती ही नहीं, वरन् रोजगार के लिए गांव भी छोड़ रहे हैं। 1962 में गांवों में जो आबादी 82 प्रतिशत थी, आज घटकर 64 प्रतिशत रह गई है। कृषि पर निर्भर रहने वालों का प्रतिशत 70 से घटकर 47 रह गया है। नतीजतन जीडीपी में भी कृषि का योगदान आजादी के समय के 50 प्रतिशत से घटकर मात्र 15 प्रतिशत रह गया है। उनकी जमीनों पर भूमाफियाओं एवं भवन निर्माण व्यक्तियों एवं कंपनियों का कब्जा होता जा रहा है। ऐसे में अगर उपजाऊ कृषि भूमि यूं ही इनकी भेंट चढ़ती रही तो वह दिन दूर नहीं कि फिर से देश की जनता का पेट भरने के लिए दूसरे देशों की मोहताजी पर निर्भर रहना पड़ सकता है। सरकार को इस समस्या पर गंभीरता से मंथन करना होगा।

## सोशल फोरम

# गुलजार और ज्ञानपीठ

आदमी परंपरा से ग्रहण करता है और उसमें अपनी तरफ से कुछ जोड़ता भी है, जो वह जोड़ता है, वह उसकी देन है। इसकी कद्र होनी चाहिए। मिसाल हैं शेक्सपियर, जिन्होंने अपनी सारी कहानियां अपने पूर्ववर्ती रचनाकारों से लीं, लेकिन उन कहानियों के माध्यम से मानव मनोविज्ञान का और जीवन तथा जगत की समस्याओं का इतना गहन और सम्यक विश्लेषण किया कि वे आज अंग्रेजी साहित्य के, बल्कि विश्व साहित्य के, महानतम नाटककार के रूप में समादृत हैं।



राना सिंह
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

इसी तरह से, वाल्मीकि ने अपनी रामायण लिखी, बाद में इस रामायण को और राम कथा को आधार बनाकर दर्जनों कृतियों की रचना हुई और उन सभी कृतियों का अपने आप में महत्व है। इधर चर्चा चल पड़ी है कि गुलजार ने अपने बहुतेरे गीतों की पंक्तियों को यहां वहां से लिया है, (कुछ लोगों के अनुसार 'चुराया' है)। दूसरे लेखकों के विचारों या पंक्तियों को अपनी रचना में स्थान देना या प्रयोग करना एक सुनियोजित सिद्धांत और सोच के चलते भी होता है। इसमें कोई बुरी बात भी नहीं है। असली बात यह देखना है कि रचनाकार ने अपनी तरफ से इसमें क्या जोड़ा? गुलजार ने अगर अपनी रचनाओं में यहां वहां से पंक्तियां ली हैं तो यह साहित्यिक रचना-प्रक्रिया का स्वाभाविक अंग माना जाना चाहिए, न कि इसे नकल या चोरी कहना चाहिए। इस तरह की बातें उनके ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त करने के बाद ही इधर शुरू हुई हैं, पहले मैंने कभी नहीं सुना। भाजपा की नीतियों के प्रति अपनी असहमति और विरोध को किसी सम्मानित लेखक के खिलाफ ले जाना कहां तक वांछित है।

चर्चा को यही तक सीमित रख रहा हूं, क्योंकि गुलजार को मैंने लगभग नहीं के बराबर पढ़ा है। विशेष परिचय तो उनको पढ़ने वाले ही दे सकते हैं। बॉब डायलन को अगर नोबेल प्राइज मिल सकता है तो गुलजार को ज्ञानपीठ क्यों नहीं? वैसे भी चुनावों का मौसम है। इस साल इतने सारे भारत रत्न पैदा हुए हैं तो बहुत सारे ज्ञानपीठ लेखक भी पैदा हो सकते हैं। कौन जाने दो चार दिन बाद कुछ और लोगों के नाम घोषित हो जाए। शैलेंद्र और साहिर दो इसके सबसे बड़े हकदार हैं।

-फेसबुक वॉल से

# क्या थे वे दिन, गीतमाला वाले

उन दिनों अमूमन अखबारों के दफ्तर में देर शाम फोन की घंटी बजती थी (तब मोबाइल नहीं जन्मा था), तो अंदेशा होता था कि 'कुछ तो हुआ होग'। मसलन ताशकंद में लाल बहादुर शास्त्री की मृत्यु (तड़के तीन बजे), जान कैनेडी की हत्या (आधी रात), याहया खान द्वारा भारतीय वायुसेना स्थलों पर बांग्लादेश युद्ध पर प्रथम रात वाला हवाई हमला, इत्यादि।

उस रात (दिसंबर, 1966) दफ्तर में अचानक फोन की घंटी बजी। तीसरी मंजिल के रिपोर्टर कक्ष में बैठा, मैंने फोन उठाया। कोई पूछ रहा था : 'सिटी डायरी' के लिए फलां कार्यक्रम भेजा था छाप दीजिएगा'। खोजकर मैंने उन्हें बताया कि आइटम दे दिया है। उधर से वह व्यक्ति अपना नाम बताने ही वाला था कि बीच में मैंने टोका। कह दिया : 'आपको कौन नहीं पहचानता? आपकी आवाज ही आपकी पहचान है'। वे थे अमीन सयानी। उनकी दिलकश वाणी सुनकर ही मेरी स्कूली पीढ़ी वयस्क हुई थी। तभी रेडियो सीलोन पर बिनाका गीतमाला शुरू हो गई थी। बुधवार की शाम हुई कि आठ बजते-बजते रेडियो से सभी कान सटाकर बैठते थे। 'भाइयों और बहनों,' अमीन सयानी...।' उनकी उद्घोषणा का अंदाज भी निराला था। मानो श्रोता के सामने बैठकर संवाद कर रहे हों। बीन बजा रहे हों! एकदा बॉलीवुड में किस्मत आजमाने से पहले अमिताभ बच्चन रेडियो उद्घोषक बनना चाहते थे। इसके लिए वह 'ऑल इंडिया रेडियो' के मुंबई के स्टूडियो में अमीन सयानी के पास ऑडिशन देने भी गए थे। तब अमिताभ से मिलने का समय उनके पास नहीं था, क्योंकि इस युवक ने अमीन सयानी जी से वॉयस ऑडिशन के लिए पहले से समय नहीं लिया था। अमीन सयानी को याद कभी हुआ कि 'जब मैं एक हफ्ते में 20 कार्यक्रम करता था तो हर दिन मेरा अधिकतर समय साउंड स्टूडियो में गुजरता था। मैं रेडियो प्रोग्रामिंग की हर प्रक्रिया में शामिल रहता था।'



के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

सयानी याद करते हैं कि एक दिन अमिताभ बच्चन नाम का एक युवक बिना समय लिए वॉयस ऑडिशन देने आया। मेरे पास उस पतले-दुबले व्यक्ति के लिए बिल्कुल समय नहीं था। उसने इंतजार किया और लौट गया। इसके बाद भी वह कई बार आया, लेकिन मैं उससे नहीं मिल पाया और रिसेप्शनिस्ट के माध्यम से यह कहता रहा कि वह पहले समय लें, फिर आएं।' हालांकि 1970 के दशक में निजी टीवी चैनलों के आने और फिल्मी गीतों की गुणवत्ता में लगातार गिरावट के कारण गीतमाला ने अपनी चमक खोनी शुरू कर दी थी। विविध भारती की जो चमक रही है, उसमें भी अमीन सयानी को ही श्रेय देना चाहिए। आकाशवाणी के संचालक समझ गए कि फिल्मी गीत धनोपार्जन का अजेय स्रोत हैं। उसे परिमार्जित कर चलाया गया। आज वह शीर्ष पर है।

# अब संकल्प दिवस की आस

पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव को भारत रत्न देने के बाद संसदीय संकल्प पूरा होने की आस बढ़ गई है। भारत की जम्मू-कश्मीर और लद्दाख नीति के संदर्भ में भारतीय संसद द्वारा 22 फरवरी 1994 को पारित प्रस्ताव एक महत्वपूर्ण एवं आवश्यक दस्तावेज है।

इसके अनुसार पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर भारत का अटूट अंग है। पाकिस्तान को वह हिस्सा छोड़ना होगा, जिस पर उसने कब्जा जमा रखा है। सदन का मानना है कि पाकिस्तान की तरफ से आतंकियों को हथियारों और धन की आपूर्ति के साथ-साथ आतंकियों को भारत में घुसपैठ करने में मदद दी जा रही है। सदन भारत की जनता की ओर से घोषणा करता है कि पाक अधिकृत कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और रहेगा। भारत अपने इस भाग के विलय का हर संभव प्रयास करेगा। भारत में इस बात की पर्याप्त क्षमता और संकल्प है कि वह उन नापाक इरादों का मुंहतोड़ जवाब दे, जो देश की एकता, प्रभुसत्ता और क्षेत्रीय अखंडता के खिलाफ हो और मांग करता है कि पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर के उन इलाकों को खाली करे, जिसे उसने कब्जाया हुआ है। 22 फरवरी के संकल्प की भारतीय संसद को आवश्यकता क्यों पड़ी, इसके लिए पाकिस्तान अधिक्रांत भूभाग की स्थिति को समझना आवश्यक है। पाक अधिकृत भूभाग के लोग बार-बार अपने साथ उत्पीड़न की घटनाओं को विभिन्न माध्यमों से अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के समक्ष रखते रहे थे। पाकिस्तान की सेना पश्चिमी ताकतों के इशारे पर वहां के खनिज और प्राकृतिक संपदा का निरंतर दोहन कर रही है। वहां न सिर्फ भौगोलिक स्थिति से छेड़छाड़ की जा रही है, बल्कि सामाजिक संरचना को भी अस्त व्यस्त किया जा रहा है। यदि इतिहास में लौटें तो द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद कमजोर हो चुके ब्रिटिश अब ज्यादा समय भारत को अपने आधीन रखने की स्थिति में नहीं थे। ब्रिटेन के साथ उसका सहयोगी अमेरिका अपनी जर्जर हो चुकी आर्थिक व्यवस्था के बीच एशिया में ऐसे ठिकानों की तलाश में थे, जहां से वह अपने दुश्मन सोवियत संघ और चीन पर काबू रख सकें। जम्मू कश्मीर भूभाग उनकी इन दोनों जरूरतों पर खरा उतरता था। तत्कालीन परिस्थिति, षड्यंत्रकारी ब्रिटिश सोच और अमेरिका के आर्थिक हितों के बीच पाकिस्तान उन्हें एक मोहरे की तरह मिल गया। यदि समग्रता के साथ देखें 1947 में इस भारतीय भूभाग का ब्रिटिश और अमेरिका द्वारा तत्कालीन सोवियत संघ और चीन को नियंत्रित करने के लिए विवाद बताकर इसका अंतर्राष्ट्रीयकरण किया गया, अब वर्तमान में चीन और पाकिस्तान मिलकर सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण इस भारतीय क्षेत्र का दोहन कर रहे हैं।



अमित त्यागी
वरिष्ठ स्तंभकार

## एक नजर

### विकास भवन प्रांगण में आयोजित होगा कृषक मेला

**बलरामपुर।** मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य ने बताया कि राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत उद्यान विभाग द्वारा 22 व 23 फरवरी को दो दिवसीय कृषक मेला, संगोष्ठी व प्रक्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम विकास भवन परिसर में आयोजित की गयी है। जिसमें सदर विधायक मुख्य अतिथि हैं। संगोष्ठी में कृषकों को औद्योगिक फसलों में नवीन तकनीकी का उपयोग कर अधिक से अधिक लाभ लेने व कृषकों की आय दोगुनी करने की जानकारी तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा दी जायेगी।

### नाली निर्माण व सीसी रोड मरम्मत कराने की मांग

**बलरामपुर।** विकास खंड हरैया सतघरवा के बरदौलिया बाजार में अधूरा नाली निर्माण कराने और सीसी रोड जगह-जगह फटने आदि को लेकर रविवार को बाजार वासियों ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करते हुए बाजारवासी कैलाश नाथ तिवारी, अशोक कुमार मिश्रा, सुखदेव प्रसाद, हरीश बाबू शुक्ला, मुस्ताक अली, शुभम तिवारी, धनीराम गुप्ता, दिवाकर तिवारी, कृष्ण चंद्र गुप्ता, रमेश कुमार गुप्ता, अजय कुमार तिवारी, प्रेम नरायन तिवारी, पप्पू चौधरी, लल्लन तिवारी व बब्लू शाह सहित लोगों का आरोप है कि कार्यदाई संस्था द्वारा कुछ नाली निर्माण बरदौलिया बाजार में और कुछ बरदौलिया गांव में कर दिया गया है। बीच में करीब डेढ़ सौ मीटर नाली निर्माण कार्य छोड़ दिया गया है। इस संबंध में अधिशासी अभियंता भानु प्रताप यादव ने बताया कि अधूरे नाली निर्माण को पूरा कराया जाएगा।

### उद्योग बंधु की बैठक आज

**बलरामपुर।** जिला उद्योग बन्धु समिति की माह फरवरी, 2024 की बैठक व जनपद स्तरीय एमओयू क्रियान्वयन इकाई की बैठक 22 फरवरी को सायं 4 बजे जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया जायेगा। यह जानकारी उपायुक्त उद्योग राजेश कुमार पाण्डेय द्वारा दी गयी। जिसमें पीएम विश्वकर्मा योजना, विद्युत भार स्वीकृति, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण सहायता योजना की समीक्षा होगी।

# पुलिस भर्ती परीक्षा निरस्त कराने की मांग, प्रदर्शन

**धनघटा विधायक को ज्ञापन सौंपकर लगाई न्याय की गुहार**

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक का मुद्दा उठाते हुए खलीलाबाद स्थित अभिनन्दन क्लासेज के दर्जनों छात्रों ने बुधवार को जनपद मुख्यालय पर प्रदर्शन करते हुए धनघटा विधायक गणेश चौहान को ज्ञापन सौंपते हुए परीक्षा निरस्त कराने की मांग किया। छात्रों का कहना था कि कोरोना काल के चलते सरकारी नौकरियों की भर्ती परीक्षाएं निरस्त रहीं। जिसके चलते अभ्यर्थियों के उम्र सीमा पार हो जाने का खतरा बना हुआ था। उत्तर प्रदेश सरकार ने बड़े पैमाने पर पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा का आयोजन किया तो असामाजिक तत्वों ने परीक्षा में सेंध लगाकर सरकार और अभ्यर्थियों की मंशा पर गहरी चोट पहुंचाई है। अगर परीक्षा लीक हुई है तो मामले की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई हो। अभ्यर्थियों ने घनघटा विधायक गणेश चौहान को ज्ञापन सौंपते हुए परीक्षा निरस्त कराकर शीघ्र ही परीक्षा की नई तिथि घोषित कराने की मांग किया। धनघटा विधायक गणेश चौहान ने कहा कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार मामले की हर स्तर से जांच करा रही है। जांच एजेंसियां अपना काम कर रही हैं।

# आंधी और वर्षा होने से गेहूं की फसल को नुकसान

सादुल्लाह नगर, बलरामपुर

**अमृत विचार।** देर रात आंधी के साथ वर्षा होने से गेहूं की फसल को नुकसान हुआ है। वही पछेती गेहूं व सरसों की फसल को सजीवनी मिली है। सादुल्लाहनगर के ग्राम नेवादा, ऐदहा, मद्दोघाट, हंसऊपूर, देवरिया इनायत, गोकुल बुजुर्ग, विशुनपुर खरहना, कुरथुआ खानपुर, मुबारकपुर, सहजौरा, फिरोजपुर, रानीपुर व अचलपुर घाट सहित अन्य गांवों में गेहूं व सरसों की अगेती फसल को तेज हवा से कुछ क्षति हुआ है।

बाली से लदी गेहूं की फसल जमींदोज हो गई। वही गेहूं कि फसल को सजीवनी मिला है।



तेज हवा के साथ वर्षा होने से जमींदोज गेंहू की फसल। अमृत विचार

किसान श्याम जी वर्मा, सावल प्रसाद, राम चरन, देवकी नंदन, सुरेन्द्र वर्मा, कनिकराम, राघव राम, राजेंद्र वर्मा, रियाज अहमद, आदिल, बरकतुउल्ला, ओमप्रकाश व राम सजीवन ने बताया अगेति गेहूं के बड़े पौधे गिरने से कुछ क्षति हुई है और पछेति फसल के यूरिया मे इतना फायदा हुआ है। वहीं ईंट भट्ठों को क्षति हुई है।

### अचानक बदले मौसम ने किसानों की बढ़ाई चिंता की लकीरें

**संतकबीरनगर।** मंगलवार को पूरे दिन तगड़ी धूप ने मौसम में गर्मी का एहसास कराया। दोपहर में लोगों ने गर्म कपड़ों से लगभग छुटकारा पा लिया था। लेकिन आधी रात को अचानक आई आंधी और बारिश की फुहारों ने वातावरण में सिहरन पैदा कर दिया। किसानों की दलहन और तिलहन फसलों में फल लग चुके हैं। गेहूं की फसलों में भी बालियां निकल आई हैं। गनीमत रही कि बरसात हल्की हुई और आंधी का प्रकोप भी थोड़ी ही देर में शांत हो गया। अन्यथा फसलें जमींदोज हो सकती थीं। किसान पूरी रात ईश्वर से फसलों को बचाने की प्रार्थना करने में जुटे रहे। किसान विश्वनाथ पाण्डेय, दीनानाथ यादव, विष्णू तिवारी, राधेश्याम यादव, परमात्मा चौधरी, दुर्गा प्रसाद शर्मा, अवधेश तिवारी आदि लोगों ने बताया कि इस समय अगर बरसात हुई तो फसलों पर उसका विपरीत प्रभाव पड़ेगा। आलू, सरसों आदि फसलें तैयार होने की कगार पर हैं तो वहीं गेहूं की फसलों में भी बालियां निकल चुकी हैं। गेहूं के लिए हल्की बरसात फायदेमंद हो सकती है लेकिन अन्य फसलों के लिए नुकसान का सबब बन सकती है। आंधी के साथ बरसात होने से फसलें जमींदोज हो जाएंगी जिसके चलते पैदावार पर बेहद बुरा असर होगा।

# कड़ी सुरक्षा के बीच यूपी बोर्ड परीक्षा आज से

## 107 केंद्रों पर 57 हजार 988 परीक्षार्थी देंगे हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं आज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू होंगी। परीक्षा को नकल विहीन ओर शुचिता पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए 107 स्टैटिक मजिस्ट्रेट, 11 सेक्टर मजिस्ट्रेट ओर तीन जोनल मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। इसके अलावा सभी परीक्षा केंद्रों को सीसीटीवी कैमरों से लैश करा दिया गया है।

डीआईओएस कार्यालय पर स्थापित कण्ट्रोल रुम से पल पल की निगरानी की जाएगी तो वहीं पहली बार बोर्ड परीक्षा में विजिलेंस और एलआईयू की भी तैनाती की गई है। बताते चलें कि यूपी बोर्ड परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जिले में दो राजकीय विद्यालयों के साथ ही 28 सहायता प्राप्त और 77 वित्त विहीन विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। हाईकोर्ट के 31094 और इंटरमीडिएट के 26904 परीक्षार्थी प्रतिभाग करेंगे। सभी 107 परीक्षा केंद्रों पर 107 स्टैटिक मजिस्ट्रेट तैनात रहेंगे। इसके अलावा 11 सेक्टर और तीन जोनल मजिस्ट्रेट लगातार भ्रमणशील रहकर परीक्षा के शुचिता की निगरानी करेंगे। आपात परिस्थितियों के लिए 107 अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक भी तैनात किए गए हैं। इस बार की परीक्षा में 2123 कक्ष निरीक्षक तैनात किए गए हैं। इनमें 496 परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक भी शामिल हैं। डीएम और एसपी समेत तमाम वरिष्ठ अधिकारी भी भ्रमणशील रहकर परीक्षा केंद्रों की निगरानी करेंगे। साथ ही परीक्षा केंद्रों के सभी कक्षों में लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से भी पल पल की निगरानी की जाएगी। निगरानी के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर मानीटरिंग सेल बनाया गया है। यहां से परीक्षा केंद्रों की सभी हरकतों पर बारीक निगाहें रखी जाएंगी। गड़बड़ी दिखते ही सम्बन्धित के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की जाएगी। गड़बड़ी की शिकायत पर कंट्रोल रूम के मोबाइल नंबर 9170595363 और 9454457352 पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

### परीक्षा की शुचिता भंग करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशन में जिला प्रशासन परीक्षा को नकल विहीन और शुचितापूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने को संकल्पित है। बोर्ड परीक्षा के दौरान किसी ने भी व्यवस्था को प्रभावित करने या परीक्षा की शुचिता को भंग करने का प्रयास किया तो उसके खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।



महेंद्र सिंह तंवर, डीएम, संतकबीरनगर।

### कंट्रोल रूम और मानीटरिंग सेल में तैनात कर्मी रखेंगे बारीक नजर

यूपी बोर्ड परीक्षा को सकुशल और नकल विहीन तरीके से सम्पन्न कराने के लिए जिलाधिकारी ने अभेद्य सुरक्षा का प्रबंध किया है। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम में संतोष कुमार को प्रभारी नियुक्त किया गया है। बराबर निगरानी रखी जाएगी। उनके अलावा कनिष्ठ सहायक के रूप में नकुल गौतम, कम्प्यूटर आपरेटर दुर्गेश पाण्डेय, सहायक लेखाकार गुलाम खान, परिचायक जय प्रकाश, कल्याण, राम आशीष यादव और यशवंत की ड्यूटी लगाई गई है तो वहीं मानीटरिंग सेल में प्रभारी के रूप में अन्यास सिंह, सहायक के रूप में सुंदन, निमिषा, ओमप्रकाश, नाजिया, ज्योती, अरशी, प्रियंका, स्वतंत्र त्रिपाठी, सुधीर कुमार, रमाकांत, अमित मौर्य, भगवान दास और उमाशंकर वर्मा को तैनात किया गया है।

# बलरामपुर में 64 केंद्रों पर होंगी परीक्षाएं



पंडित राम दुलारे इंटर कॉलेज केंद्र के स्ट्रांग रूम का जायजा लेते डीआईओएस।

**बलरामपुर, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाएं गुरुवार से दो पाली में शुरू होंगी। परीक्षा में परीक्षार्थी को कलम रबड़ स्केच पेन के साथ हार्ड पैड के अतिरिक्त अन्य कोई सामग्री न ले जाने की सख्त हिदायत दी गई।

बोर्ड परीक्षा के लिए जिले में 64 केंद्र बनाए गए हैं। प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के बोर्ड परीक्षा में नकल पर अंकुश लगाने एवं पारदर्शी सुचिता पूर्ण कराने के लिए कई नियम कानून प्रभावी होंगे। केंद्र व्यवस्थापक को बिना आधार कार्ड के परीक्षा कक्षा में जाने की अनुमति नहीं मिलेगी। सीसीटीवी की निगरानी केंद्र से लेकर जिला कंट्रोल रूम व प्रदेश कंट्रोल रूम पर सीधी होगी। यूपी बोर्ड परीक्षा में कल 34394 परीक्षार्थी पंजीकृत है इनमें हाईस्कूल में 20988 संस्थागत व 129 व्यक्तिगत सहित इंटरमीडिएट में 13406 संस्थागत व 710 व्यक्तिगत परीक्षाथी परीक्षा में शामिल होंगे।

इस बार परीक्षा में हाई स्कूल की ए कॉपी का रंग डार्क ब्राउन व बी कॉपी का रंग डार्क वॉयलेट होगा। इसके अलावा हाई स्कूल व इंटर की उत्तर पुस्तिकाओं का रंग भी अलग-अलग रखा गया है। उत्तर पुस्तिका व कवर पृष्ठ के साथ अंतिम पृष्ठ पर माध्यमिक शिक्षा परिषद अपना लोगों लगाया है। इस बार जो उत्तर पुस्तिकाएं परीक्षा के लिए मंगाई गई है उसकी सिलाई अलग से कराई गई है ताकि बीच के पेज को निकालना संभव न हो सके। यूपी बोर्ड परीक्षा में हाई स्कूल इंटर के परीक्षार्थी को केंद्र में तभी प्रवेश दिया जाएगा। जब वह पूरी तरह से इलेक्ट्रॉनिक सामग्री से दूरी बनाए रखेंगे। एसपी केशव कुमार ने यूपी बोर्ड परीक्षा में जिला नोडल अधिकारी पुलिस नम्रता श्रीवास्तव को जिम्मेदारी दी है। यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर जिलाधिकारी की निगरानी में पांच सचल दल गठित किए गए हैं।

# आरोप प्रत्यारोप के बीच दो दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता सम्पन्न

**मगहर, संतकबीरनगर, अमृत विचार।** नगर में चल रही स्वर्गीय जिया अंसारी दो दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में आजमी क्लब आजमगढ़ ने शाही वॉलीबॉल क्लब मगहर को सीधे सेटों में 2-0 से हराकर विजेता ट्राफी पर कब्जा जमाया। विजेता व उपविजेता टीमों को बतौर मुख्य अतिथि चेयरमैन प्रतिनिधि नूरुज्जमा अंसारी ने शील्ड व व्यक्तिगत पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

मैच शुरू होने से पूर्व दोनों टीमें कमेटी से प्राइज मनी घोषित करने की मांग पर अड़ी रहीं। जिससे खेल काफी विलम्ब से शुरू हुआ। जिसका असर मैच पर भी पड़ा। मुख्य अतिथि ने कहा कि खेल हमारे जीवन मे बहुत महत्व रखता है। मनी प्राइज की वजह से खिलाड़ियों द्वारा खेल न खेलने की धमकी देना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। यह खिलाड़ियों के लिये शोभा नहीं देता है। जबकि प्राइज मनी व्यक्तिगत रूप में कमेटी द्वारा संतोषजनक पुरस्कार दिये जा रहे हैं। इससे पूर्व नगर वॉलीबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच आजमी क्लब आजमगढ़ और शाही क्लब मगहर के बीच मंगलवार की देर शाम शुरू हुआ। मैच शुरू होने से पूर्व प्रतियोगिता संरक्षक हाजी सैय्यद नफीसुल हसन व एमआईएम के नेता महमूद अंसारी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।



विजेता टीम कैप्टन को शील्ड प्रदान करते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

यह मैच पूरी तरह से एक तरफा रहा और आजमगढ ने आसानी से शाही क्लब मगहर की टीम को 18-3, 15-7 से पराजित कर चैम्पियन बनी। इससे पूर्व दोनों टीमें लीग मैच में शानदार प्रदर्शन कर फाइनल में पहुंची थीं। टूर्नामेंट में आजमगढ़ की दो टीमें आने के कारण एक टीम ने मगहर के नाम से मैच खेला था। इत्तेफाक से फाईनल मैच से पूर्व विजेता व उप विजेता टीम को मिलने वाली प्राईज मनी को लेकर खिलाड़ियों ने विवाद शुरू कर दिया। खिलाड़ियो के खेल भावना से इतर प्रदर्शन को देख दर्शक हौसला आफजाई करने की बजाय दोनों टीमों के बीच मैच फिक्सिंग की बात करते रहे। निर्णायक की भूमिका अमित बच्चन, वसीम अनवर व रामकेवल ने निभाई। प्रसिद्ध कमेंट्रेटर जुनैद शेख ने बेहतरीन कमेंट्री कर मैच में रोमांच भरा।

# रोजगार मेले में बड़ी संख्या में बेरोजगारों ने किया आवेदन

**धनघटा, संतकबीरनगर।** धनघटा तहसील क्षेत्र के विकास खंड हैंसर बाजार स्थित महर्षि बाल्मीकि इण्टर कॉलेज में बुधवार को भव्य रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमे देश की बड़ी कम्पनियों ने भाग लिया। टाटा मोटर्स, सत्यम इलेक्ट्रानिक्स, न्यू झंडू हर्बल, बूसा आदि कंपनियों ने मेले मे पहुंच कर बेरोजगार युवाओं और युवतियों का रजिस्ट्रेशन किया। इस दौरान दर्जनों बेरोजगारों को नियुक्त पत्र प्रदान किया गया। टाटा मोटर्स ने राहुल मौर्या, राजन प्रजापति, राकेश गौड़, चंद्रदीप प्रजापति, आनंद कुमार, आयुष, नीतीश सिंह आदि प्रशिक्षित बेरोजगारों को नियुक्ति पत्र दिया। मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा प्रत्याशी और चेयरमैन प्रतिनिधि नीलमणि ने कहा कि डबल इंजन की भाजपा सरकार बेरोजगार युवाओं को स्किल डेवलपमेंट के माध्यम से प्रशिक्षित कराने के साथ ही रोजगार मेले का आयोजन कर उन्हें बेरोजगारी से मुक्ति दिलाने में जुटी है। युवाओं के हाथ में जबतक काम नहीं होगा तब तक देश विकसित राष्ट्र की कतार में खड़ा नहीं हो सकता। भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमर राय ने कहा कि देश की नामी गिरामी कम्पनियों में जिन अभ्यर्थियों का चयन हुआ है उनकी तरक्की की राह का आज पहला कदम है। कार्यक्रम मे मण्डल अध्यक्ष नरेंद्र पांडेय, जय सिंह, सोहन चौधरी, हारून, सोमनाथ चौहान और बड़ी संख्या में अभ्यर्थी मौजूद रहे।

# हरियाणा नस्ल की गाय पालने वाले होंगे प्रोत्साहित: सीडीओ

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रबी सीजन के लिए किसानों द्वारा उठाई गई शिकायतों का सम्बंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा समाधान बताया गया। भूमि संरक्षण अधिकारी ने बताया कि वाटरशेड एरिया अंतर्गत मृदा क्षरण को रोकने के लिए उनके द्वारा मेड़बंदी, समतलीकरण, फसल उत्पादन का कार्य कराया जाता है। किसानों द्वारा रक्शाकोल, तेनुआराजा, सेउआपर गांव में नीलगाय जंगली सुअर और बंदरों द्वारा फसलों को नुकसान पहुंचाए जाने की शिकायत की गई।

डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के अधिकारी द्वारा समितियों के माध्यम से फैट परसेंटेज और एसएनएफ के आधार पर दुग्ध क्रय करने की बात बताई गई। देसी गाय के पालन के लिए मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालन प्रोत्साहन योजना चलाई जा रही है। जिसमें शाहीवाल, गिर, थारपारकर और हरियाणा नस्ल की गायों के पशुपालकों को प्रोत्साहित किया जाएगा।। किसानों ने बताया कि उनके पंजीकरण में भूमि कम दर्ज होने के कारण एक ओर बीज अनुदान में कम धनराशि प्राप्त हो रही है तो दूसरी ओर धान बिक्री करने के दौरान उनके उत्पादन में कटौती की जा रही है।

### छप्पन कद्दू उत्पादन के लिए सुरेंद्र पाठक को मिला सम्मान

बैठक के उपरांत मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार ने प्रगतिशील कृषक सुरेंद्र प्रसाद पाठक को राज भवन में उनके कृषि उत्पादन छप्पन कद्दू को प्रथम पुरस्कार प्राप्त होने की दशा में सम्मानित किया। बताते चलें कि बीते 17 से 19 फरवरी को राजभवन लखनऊ में आयोजित प्रादेशिक फल, शाकभाजी और पुष्प प्रदर्शनी में जनपद संत कबीर नगर के 13 कृषकों ने जिला उद्यान अधिकारी के माध्यम से अपने प्रदर्श को भेजा था। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक डा. राकेश कुमार सिंह, जिला कृषि अधिकारी पी.सी. विश्वकर्मा, जिला उद्यान अधिकारी समुद्र गुप्त मल्ल सहित सम्बंधित अधिकारी और किसान संगठन के पदाधिकारी जनार्दन प्रसाद पाठक समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### वार्षिकोत्सव में छात्रों ने प्रस्तुत किए देशभक्ति कार्यक्रम




गुरुकुल एकेडमी में वार्षिकोत्सव में कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र। अमृत विचार

**बलरामपुर।** महेशभारी में संचालित गुरुकुल एकेडमी का वार्षिकोत्सव आयोजन किया गया। विद्यालय के बच्चों में विभिन्न देशभक्ति सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपने उत्कृष्ट प्रतिभा को प्रदर्शित किया। समारोह के मुख्य अतिथि सदर विधायक पल्टू राम, विशिष्ट चंद्र प्रकाश सिंह गुड्डू व संस्थापक पंडित सुखदेव प्रसाद मिश्रा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधन शिखा मिश्रा ने किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि स्कूल अकादमी ने जिस नई पद्धति के साथ क्षेत्र के बच्चों को शिक्षा देने की व्यवस्था की है वह निश्चय ही एक दिन जिले के बुनियादी शिक्षा में मिल का पत्थर साबित होगी। विद्यालय प्रशासक उमेश मिश्रा ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के छात्रो को उत्तम व उत्कृष्ट शिक्षा देना है। विद्यालय के छात्र शालिनी विश्वकर्मा, नैंसी, मुस्कान व खुशी ने यह तो सच है कि भगवान है की मनमोहक प्रस्तुति दी। रितु, नैन, दीक्षा व रुचि ने राधे-राधे, दिल ना दिया, संदेश से आते हैं व डांडिया नृत्य का मनमोहक प्रस्तुति कर अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा को प्रदर्शित किया। विद्यालय प्रधानाचार्य गुरुदत्त विश्वकर्मा ने अतिथियों का आभार जताते हुए बुके व स्मृति चिन्ह, अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के आयोजन में नूरुल जमाखन, प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, सुरभि त्रिपाठी, उजमा बानो, प्रीति चैरसिया, अंकित दुबे, यश जायसवाल, सौरभ शुक्ला, आकिब अली खान, रेनू मिश्रा का विशेष योगदान रहा।

### हाईटेंशन तार की चपेट में आने से झुलसा युवक



सड़क के पास चकमार्ग पर लटक रहे हाईटेंशन तार। अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार।** चकमार्ग पर लटक रहे हाईटेंशन तार की चपेट में आकर हफीजुल्लाह 60 वर्ष विद्युत स्पर्श से गंभीर रूप से झुलस गए। विद्युत उपकेंद्र अचलापुर चौधरी के सादुल्लाह नगर के बिलंटगंज से गूमा फातिमाजोत जाने वाली हाईटेंशन लाइन के तार टीचर कालोनी के सामने से जाने वाली चकमार्ग के ऊपर से जाने वाली हाईटेंशन तार ज़मीन से पांच फिट की ऊंचाई पर लटक रहा है। बुधवार पूर्वाह्न लगभग 11 बजे हफीजुल्लाह ग्राम कम्मर साईकिल से अपने खेत में जा रहे थे। हाईटेंशन तार को देख नहीं पाये तार में फंस गये तार में विद्युत धारा प्रवाहित थी। विद्युत स्पर्श घात से बेहोश होकर गिर पड़े। आस पास के लोगों ने उपकेंद्र फोन किया। लाईट कटवाकर पीड़ित को इलाज हेतु सादुल्लाह नगर में एक निजी क्लीनिक में ले गए जहां पर पीड़ित का इलाज चल रहा है। जेई अचलपुर चौधरी बृजनंदन यादव ने बताया कि लटकते तारों को ऊंचा करने के लिए खंभे लगाए जा रहे हैं। इससे पूर्व भी एनसीसी कंपनी तार को ऊंचा करने के लिए खंभे लगाने के लिए कहा गया था।

### जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते खराब पड़े हैंड पंप

**उतरौला, बलरामपुर।** मोहल्ला गांधी नगर, आर्य नगर, रफी नगर व मोहल्ला सुभाष नगर में लगे कई हैंड पंप दूषित पानी दे रहे हैं तो कई जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते खराब पड़े हैं। जिससे मोहल्ला के निवासियों को पेयजल की समस्या सताने लगी है। आलम यह है कि जो हैंडपंप सही हैं और पानी दे रहे हैं और जो खराब हैं उन पर लोगों को पानी भरने में परेशानी हो रही है। दिनो दिन बढ़ रही गर्मी को देखते हुए नगर पालिका प्रशासन को जल्द से जल्द खराब हैंड पंपों को सही कराना चाहिए।

**भक्ति** | चौका आरती और गुरु पूजा के साथ कबीर अंतर्ध्यान समारोह का हुआ समापन

# गुरु उसे ही स्वीकारें जिसके भीतर कोई दुर्गुण न हो : विचार दास

मगहर, संतकबीरनगर

**सदगुरु कबीर के 506वें अंतर्ध्यान दिवस के दो दिवसीय आयोजन में मगहर पहुंचे थे देश विदेश के कबीर अनुयायी**

**अमृत विचार।** महान सूफी संत कबीर दास के 506वें महा परिनिर्वाण दिवस पर आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम का मंगलवार की देर शाम चौका आरती और गुरु पूजा के माध्यम से समापन किया गया। इस मौके पर कबीर के अनुयाइयों और कबीर पंथी संतों के द्वारा लगाए गए कबीर साहेब के नारे से पूरा माहौल कबीरमय हो गया।

कबीरचौरा मगहर में आयोजित महापरिनिर्वाण समारोह के अंतिम दिन चौका आरती और गुरू पूजा के समापन के अवसर पर महंत विचार दास ने कहा कि कबीर साहेब ने गुरु किसी इन्सान को नहीं माना बल्कि निराकार ब्रह्म को गुरू मान कर उसकी पूजा करने की बात कही है।उनके अनुसार किसी मनुष्य से गुरूदीक्षा तभी लेनी चाहिए जब उसके अंदर किसी प्रकार का अवगुण न हो। उन्होंने कहा कि सच्चा गुरू ही सद्मार्ग पर चलने की शिक्षा देता है। ऐसे गुरु की दीक्षा लेने से मानव जीवन सफल हो जाता है। कबीर साहेब धार्मिक कट्टरता, रूढ़िवादिता की आजीवन खिलाफत करते रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ चौका आरती से हुआ उसके बाद महंत विचार दास ने आकांक्षी भक्तों को गुरुदीक्षा दिया। इस मौके पर केशव दास, अरविंद दास शास्त्री, डाक्टर हरिशरण शास्त्री, कल्पनाथ दास, राम शरन दास, प्रह्लाद दास, शान्ति दास पुजारी, राजेश दास, अतुल दास, सोनमती, दीनदयाल दास, धर्म दास, उमेश दास, मनोज दास, विनोद दास, दिनेश दास, अवधेश दास, धर्मदेव, कमलेश, दुलारी देवी, देवव्रत नाथ, कन्हैया लाल सहित तमाम कबीर पंथी और देश विदेश से पहुंचे कबीर साहब के अनुयाई मौजूद रहे।



भक्तों को गुरु दीक्षा देते महंत विचार दास। अमृत विचार

### अपने अधिकार के लिए चौखट से बाहर निकलें नारी शक्ति : शीला यादव

**धनघटा, संतकबीरनगर।** देश की नारी शक्तियां आज हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही हैं तो वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में लोक लाज में घर में कैद हो कर अत्याचार सह रही हैं। महिलाएं चौखट से बाहर निकलें और अत्याचार के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करें। उक्त बातें बुधवार को खलीलाबाद के चिलौना में भारतीय महिला महासभा द्वारा आयोजित बैठक को सम्बोधित करती संगठन की प्रदेश अध्यक्ष शीला यादव ने कही। उन्होंने कहा कि संगठन की महिलाओं पर आधी आबादी को जागरूक करने का प्रमुख लक्ष्य है। बैठक की अध्यक्षता माधुरी गौतम तथा संचालन वंदना यादव ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से संरक्षक गण इंद्रमणि गौतम, कृष्ण कुमार निर्भीक, दिग्विजय गोस्वामी, मीरा मिश्रा, सुनीता शर्मा, कुसुम चौहान, अनीता, गायत्री शर्मा, बर्फी देवी, सावित्री देवी, प्रमिला देवी, सुशीला देवी, राजमती देवी, शीला, केतकी देवी, रेशमा देवी, गुजराती देवी आदि मौजूद रहीं।

## एक नजर

### सीबीएसईः 10वीं हिंदी का आसान रहा पेपर

**अमृत विचार लखनऊ :** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई बोर्ड सीबीएसई की परीक्षायें जारी हैं। बुधवार को दसवीं की परीक्षा में हिंदी विषय की परीक्षा छात्र-छात्राओं ने दी। परीक्षा देकर निकले छात्र-छात्राओं ने बातचीत में बताया कि प्रश्नपत्र सरल था। छात्रों ने बताया कि कुछ प्रश्नों को लंबा करके पूछा गया था जिससे हल करने में दिक्कत हुई बाकी पेपर ठीक था। सभी प्रश्न हल कर लिए हैं। बता दें कि लखनऊ के 38 केन्द्रों पर 40 हजार परीक्षार्थी परीक्षा दें रहे हैं। सीबीएसई के क्षेत्रीय कोआर्डिनेटर डॉ जावेद आलम ने बताया कि परीक्षा में निगरानी के लिए सचल दल सक्रिय हैं बुधवार को भी परीक्षा दौरा कोई गड़बड़ी कि शिकायत नहीं मिली है। उन्होंने बताया कि केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए गये हैं कि परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की दिक्कत न होने पाये।

# 22 को वाराणसी आएंगे प्रधानमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** अयोध्या में प्रभु रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के ठीक एक महीने बाद 22 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन के प्रवास पर काशी पहुंचेंगे। इस दौरान उनके भव्य स्वागत की तैयारी है। लोकसभा चुनाव का शंखनाद करने के साथ वे 14316.07 करोड़ रुपये की 36 परियोजनाओं की सौगात देंगे। चुनाव की घोषणा से पहले यह उनके दूसरे कार्यकाल का आखिरी दौरा होगा।

प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से सड़क मार्ग से बीएलडब्लू अतिथि गृह पहुंचेंगे और रात्रि विश्राम करेंगे। उनकी अगवानी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी। प्रधानमंत्री 23 फरवरी को पूर्वांचल को 14316.07 करोड़ रुपये की 36 परियोजनाओं की सौगात देंगे। इनमें 10972 करोड़ रुपये की 23 योजनाओं का लोकार्पण और 3344.07 करोड़ रुपये की 13 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। मुख्य रूप से 23 फरवरी को तीन कार्यक्रम भाग लेंगे। सुबह बीएचयू के स्वतंत्रता भवन के कार्यक्रम में शिरक़त करेंगे। संत शिरोमणि रविदास के जन्मस्थली सीर गोवर्धन स्थित मंदिर में जाकर मत्था टेकेंगे। इसके बाद पीएम बनास काशी संकुल का औद्योगिक क्षेत्र करखियांव में उद्घाटन करेंगे। पीएम यहां जनसभा को सम्बोधित करेंगे।

### दूध की धारा पूर्वांचल के लगभग 1346 गांवों में लाएगी रोजगार

23 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमूल के सबसे बड़े प्लांट बनास डेयरी का उद्घाटन करेंगे। परियोजना से करीब एक लाख लोगो को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। इसके शुरू होने से पूर्वांचल के किसानों व गो पालकों की आय भी दोगुनी होगी। लोग दूध के साथ मिठाई, आइसक्रीम, पनीर, खोआ, घी और अन्य मिल्क प्रोडक्ट का स्वाद चख सकेंगे। इसमें बनारस का ख़ास लौंगलता और लाल पेड़ा भी होगा। 622 करोड़ की लागत से बने इस प्लांट का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 23 दिसंबर 2021 को किया था। बनास डेयरी अमूल इंडस्ट्रियल एरिया का निर्माण करखियांव, एग्रो पार्क में 30 एकड़ में हुआ है।

▸▸ **लोकसभा चुनाव का करेंगे शंखनाद, 14316.07 करोड़ की 36 परियोजनाओं की देंगे सौगात**

# हेल्पलाइन नंबर्स के साथ लाइव मॉनीटरिंग भी की जाएगी

## परीक्षार्थियों की शिकायतों का त्वरित निवारण करने के लिए दो हेल्पलाइन नंबर जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

यूपी बोर्ड परीक्षा

▸▸ **विद्यार्थियों को परिवहन की सुविधा प्रदान करने के लिए चलाई गई स्पेशल बसे**

**अमृत विचार :** राज्य स्तर पर माध्यमिक शिक्षा निदेशालय लखनऊ के साथ-साथ विद्या समीक्षा केंद्र लखनऊ, परिषद मुख्यालय, प्रयागराज और 05 क्षेत्रीय कार्यालयों में भी कमांड एवं कंट्रोल सेंटर स्थापित किए गए हैं। जिनसे प्रदेश के समस्त परीक्षा केंद्रों एवं जनपद स्तरीय कंट्रोल एवं मॉनिटरिंग सेंटर की लाइव मॉनीटरिंग की जाएगी।

अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने बताया कि परीक्षार्थियों एवं जनसामान्य की शिकायतों का त्वरित निवारण करने के लिए 2 हेल्पलाइन नंबर (1800 180 6607/8) तथा परीक्षार्थियों की जिज्ञासाओं के समाधान व मनोवैज्ञानिक परामर्श के लिए 2 हेल्पलाइन नंबर (1800 180 5310/12) भी स्थापित किए गए हैं। इसी प्रकार जनपद स्तर पर भी कमांड एंड कंट्रोल सेंटर, हेल्पलाइन व अन्य व्यवस्थाएं शुरू कराई गई हैं।

**ड्यूटी से गैरहाजिर कार्मिकों पर होगी कार्रवाई :** शासन ने बोर्ड परीक्षा में कक्ष निरीक्षक एवं अन्य कार्यों के संपादन के लिए लगाई गई ड्यूटी से अनुपस्थित रहने वाले कार्मिकों के विरुद्ध भी कार्रवाई की व्यवस्था की है। विभिन्न विभागों से समन्वय स्थापित कर विद्यार्थियों को परिवहन की सुविधा प्रदान करने के लिए बोर्ड परीक्षा स्पेशल बसों, परीक्षा अवधि में निर्बाध विद्युत आपूर्ति, परीक्षा केंद्रों एवं आस-पास की साफ-सफाई एवं सेनेटाइजेशन, परीक्षार्थियों, परीक्षा कार्मिकों को आपातकालीन प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था भी की जा रही है।

### ये होगा पहली बार

▸▸ कक्षों में लगाए गए लगभग 3.11 लाख कक्ष निरीक्षकों को प्रशिक्षण के साथ सुरक्षित क्यूआर कोड एवं क्रमांक युक्त कम्प्यूटराइज्ड परिचय पत्र जारी किया गया है।

▸▸ उत्तर पुस्तिकाओं के कवर पृष्ठ पर क्यूआर कोड, क्रमांक संख्या एवं लोगो के अतिरिक्त उसके आंतरिक पृष्ठ पर भी परिषद का लोगो तथा प्रत्येक पृष्ठ पर पृष्ठ संख्या के साथ-साथ चार अलग-अलग रंगों में सिलाईयुक्त उत्तर पुस्तिकाएं मुद्रित कराई गई हैं।

▸▸ क्विक रिस्पॉस टीम (क्यूआरटी) गठित की गई है जो सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरें फैलाकर जनसामान्य को गुमराह करने और सरकार की छवि धूमिल करने के प्रयासों की निगरानी करेगी और त्वरित कार्यवाही कराएगी।

# भाजपा में शामिल हुए सपा और बसपा के कई पूर्व सांसद-विधायक

## शीशराम, दानिश, कालीचरन, अवाना, कमलेश, अम्बेश, भोनूराम, छब्बू, रामप्रकाश ने हजारों समर्थकों के साथ ली भाजपा की सदस्यता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सपा, कांग्रेस और बसपा से तमाम दिग्गज नेताओं का भाजपा में आने का सिलसिला थम नहीं रहा है। राज्य मुख्यालय पर बुधवार को आठ ऐसे नेताओं को प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक ने भाजपा की सदस्यता दिलाई जो कभी सांसद और विधायक रहे। इसी के साथ संगठन में भी बड़े ओहदे पर काम करने वाले और पूर्व में प्रत्याशी रहे सपा, कांग्रेस और बसपा के कई नेताओं समेत इन दलों से जुड़े तमाम पंचायत व निकाय प्रतिनिधियों ने भी हजारों समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ली।

प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक के समक्ष बुधवार को पार्टी के राज्यमुख्यालय पर सपा के पूर्व सांसद शीश राम सिंह रवि (बिजनौर), बसपा के पूर्व पश्चिम उत्तर प्रदेश प्रभारी डॉ. दानिश कमाल, सपा के पूर्व प्रदेश महासचिव व पूर्व विधायक कालीचरन सोनकर (मीरजापुर), बसपा के पूर्व एमएलसी अनिल कुमार अवाना (गौतमबुद्धनगर), सपा के पूर्व विधायक कमलेश दिवाकर (कानपुर ग्रामीण), सपा से पूर्व विधायक अम्बेश कुमारी (हमीरपुर), सपा सरकार में मंत्री रहे स्व. राजेन्द्र सिंह राणा की पुत्री प्रियम्वदा राणा (सहारनपुर), सपा के पूर्व विधायक भोनूराम सोनकर (गाजीपुर), बसपा से तीन बार विधायक छब्बू पटेल (चन्दौली), सपा के पूर्व विधायक डॉ. राम प्रकाश कुशवाहा (कानपुर), सपा से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी डॉ. ऋचा सिंह (प्रयागराज पश्चिम), फेडरेशन ऑफ नोएडा रेजिडेन्टस वेलफेयर ऐसोसिएशन के अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा, प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश महासचिव हरिओम कठेरिया, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रदेश अध्यक्ष इंजी. हरि किशोर तिवारी (इटावा), यूपी श्रम एवं निर्माण सहकारी संघ लि. के पूर्व चेयरमेन सुशील कुमार कटियार, जिला अधिवक्ता संघ बांदा के अध्यक्ष व पूर्व सांसद स्व. रामनाथ दुबे के पुत्र राजेश कुमार दुबे, लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय महासचिव राजेश कोरी, बहुजन समाज दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुखलाल गौतम, झांसी से बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष आरके अहिरवार बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ भाजपा परिवार में शामिल हुए।



बुधवार को राज्य मुख्यालय पर सपा व बसपा के विधायक व सांसद को भाजपा की सदस्यता दिलाते प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, केशव प्रसाद मौर्य, साथ में अन्य। अमृत विचार

▸▸ **कई दिग्गजों समेत विरोधी दलों के तमाम पंचायत व निकाय प्रतिनिधि भी बने भाजपाई**

इसी के साथ भाजपा परिवार में सम्मिलित होने वालो में बसपा से उरई, जालौन के नगर पालिका अध्यक्ष विजय चौधरी, अध्यक्ष नगर पालिका बस्ती नेहा वर्मा, सपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष जफर बेग (बरेली), बसपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी गौरव नंद, सपा से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी प्रमोद कुमार सिंह पटेल (मीरजापुर), बसपा से पूर्व लोकसभा प्रत्याशी अशोक कुमार त्रिपाठी (प्रतापगढ़), बसपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी संतोष कुमार कुशवाहा (ललितपुर), सपा के पूर्व एमएलसी प्रत्याशी मनोज कुमार यादव (जौनपुर), पूर्व निर्दल विधानसभा ललितपुर रमेश खटीक, सपा मजदूर सभा प्रदेश उपाध्यक्ष सुमन श्रेष्ठ, सपा मजदूर सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष चन्द्रमणि राय (सोनभद्र), पूर्व प्रदेश सचिव सपा छात्रसभा विवेक यादव (जौनपुर), सपा के सुल्तानपुर जिला उपाध्यक्ष अफजल अंसारी, सपा महिला मोर्चा की प्रदेश सचिव रेनु बाला, कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव मनोज सचान, आप के अनुसूचित जाति, जनजाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेश बाल्मीकि, अखिल भारतीय अयोध्या वासी युवा वैश्य महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दीपक कुमार गुप्ता प्रमुख रूप से अपने समर्थको के साथ सम्मिलित हुए।

भाजपा परिवार में नगर पंचायत के अध्यक्षों में गरौठा, झांसी से डॉ. अरूण मिश्रा, मेंडू हाथरस से सचेन्द्र कुशवाहा, मुण्डरेवा बस्ती से सुनील सिंह, सादाबाद हाथरस से हेमलता, भरगेंन कासगंज से चमन खां, मोहनपुर कासगंज से पुनीत यादव, सिढ़पुरा कासगंज से कंचन गुप्ता, उसावां बदायूं से प्रियंका चौहान अपने समर्थको के साथ भाजपा परिवार में सम्मिलित हुए। इसके साथ ही बड़ी संख्या में ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य व पार्षदों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

सदस्यता ग्रहण समारोह में पार्टी के प्रदेश महामंत्री अमर पाल मौर्य, प्रदेश मंत्री शिव भूषण सिंह, प्रदेश मीडिया सहप्रभारी हिमांशु दुबे उपस्थित रहे। संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर ने किया।

### 80 सीटें जीतने को मिलकर करेंगे कामः भूपेंद्र

प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने विभिन्न दलों से आए नेताओं का स्वागत करते हुए कहा कि विभिन्न विचारधाराओं व विभिन्न राजनीतिक दलों में काम करने वाले बड़ी संख्या में जुड़ना चाहते हैं। सर्वव्यापी, सर्वस्पर्शी, सर्वग्राही व सर्वसमावेशी भारतीय जनता पार्टी मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। प्रदेश में सभी 80 सीटें जीतने के लिए मिलकर काम करेगें।

### रायबरेली की जनता भी उतारेगी राहुल का नशा : केशव

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भाजपा में शामिल हुए विभिन्न दलों के नेताओं का अभिनंदन करते हुए कहा कि सपा-बसपा व कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दलों में भगदड़ की स्थिति है। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी प्रदेश के युवाओ को नशेड़ी बता रहे है। 2019 में अमेठी की जनता ने उनका नशा उतारा था, अब 2024 में रायबरेली की जनता उनका नशा उतारेगी। युवाओं का अपमान करना कांग्रेस के युवराज की आदत हो गई है।

### गांव में सेवाएं देने पहुंचेगी टीएमटी मेडिकल बस

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि लोटस टीएमटी मेडिकल बस से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को सुविधा मिलेगी। इस बस के द्वारा नेत्र परीक्षण एवं चिकित्सा, दंत परीक्षण एवं चिकित्सा, पैथोलॉजी प्रयोगशाला, सामान्य चिकित्सा, इलेक्ट्रो कार्डियोग्राफी, एक्स-रे सहित कई सुविधाएं मिलेंगी, जिससे उन्हें दूर के अस्पतालों में नहीं जाना पड़ेगा। उप मुख्यमंत्री, बुधवार को राजभवन कॉलोनी स्थित सरकारी आवास पर मेडिकल बस को हरी झंड़ी दिखाकर रवाना करने के दौरान बोल रहे थे।

# आईआईटी कानपुर का होगा अपना 500 बिस्तर का अस्पताल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **इलाज के साथ ही शोध को मिलेगा बढ़ावा**

**अमृत विचार :** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि इनोवेशन(नवाचार) हमारे देश का नया मंत्र है। इकोसिस्टम से स्वास्थ्य सेवाएं प्रदेश में अंतिम छोर तक पहुंच रहीं हैं। स्टार्टअप मूवमेंट इंटरप्रेन्योरशिप को बढ़ावा देता है। इसी क्रम में कानपुर में आईआईटी द्वारा 500 बिस्तर का अस्पताल बनवाया जा रहा है।

मुख्य सचिव, बुधवार को लोकभवन में परिवार कल्याण विभाग और एपीएसी न्यूज नेटवर्क के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हेल्थकेयर इनोवेशन कॉन्क्लेव में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आईआईटी कानपुर द्वारा निर्मित अस्पताल में चिकित्सकीय सेवाओं के साथ ही शोध भी होंगे, जो कि इलाज को आसान और गुणवत्ता युक्त बनायेंगे। इसके लिए आईआईटी कानपुर और केजीएमयू के प्रोफेसर्स अभी से नए-नए उपकरणों का अनुसंधान कर रहें हैं। उन्होंने स्वास्थ्य सेवा वितरण पर टेलीमेडिसिन के परिवर्तनकारी प्रभाव की भी सराहना की।

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सचिव रंजन कुमार ने ईज ऑफ हेल्थी लिविंग को बढ़ावा देने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ लेने के लिए जोर दिया। उन्होंने पोर्टल-आधारित डेटा एनालिटिक्स और 150 से अधिक अस्पतालों में 16 सीसीटीवी कैमरों के संबन्ध में जानकारी देते हुए बताया कि तकनीक के द्वारा हम प्रदेश भर की स्वास्थ्य सेवाओं की 24 घंटे निगरानी रख रहें हैं।

कॉन्क्लेव में मध्य प्रदेश के डॉ. पंकज जैन समेत लखनऊ के चिकित्सा संस्थानों के अधिकारियों ने भी संबोधित किया।

# 255 अभ्यर्थियों में से 127 चयनित

रोजगार मेला

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर



रोजगार मेले में आए अभ्यर्थी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** जनपद के विकास खंड अकबरपुर के परिसर विट्स आईटीआई टांडा रोड पटेलनगर में कौशल विकास मिशन, जिला सेवायोजन कार्यालय और राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत ब्लॉक स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयम्बंक तिवारी, विशिष्ट अतिथि डॉ. मिथिलेश त्रिपाठी, लोक सभा प्रभारी अयोध्या विजय यादव प्रबंधक शोभा प्रोद्योगिकी और प्रबंधन संस्थान व कौशल विकास मिशन के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थिति रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन और बुके देकर जन प्रतिनिधयों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ कौशल विकास मिशन के अधिकारी द्वारा किया गया। अकबरपुर विकास खंड में परिसर विट्स आईटीआई टांडा रोड पटेलनगर के परिसर में इस रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें 255 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। रोजगार मेले में आयीं सात कम्पनियों द्वारा 127 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। अंत में विशिष्ट अतिथि ने चयनित 20 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए।

# लोन देने में संकोच न करें बैंक, मिलेगी हर सुरक्षा सहायता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक में मुख्यमंत्री ने की चालू वित्तीय वर्ष की समीक्षा**

▸▸ **सात सालों में 12.80 लाख करोड़ से 26 लाख करोड़ के पार पहुंचा बैंकिंग व्यवसाय**

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि, बैंक लोन देने में संकोच न करें। सरकार अपनी हर योजना में ऋण दिलाने से पहले लाभार्थी का प्रशिक्षण, क्षमता वृद्धि जरूर सुनिश्चित करायेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उप्र. में बैंकों का सीडी रेशियो (ऋण जमानुपात) 58.59 प्रतिशत होने पर प्रसन्नता जताते हुए आगामी वित्तीय वर्ष में इसे 65 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है।

मुख्यमंत्री ने इसके लिए बैंकों को हर संभव सहायता और सुरक्षा मुहैया कराने की बात कही है। साथ ही मुख्यमंत्री ने डिजिटल बैंकिंग और वित्तीय साक्षरता का कवरेज सभी 75 जिलों तक करने के लिए मिशन मोड में काम करने का आह्वान किया है।

बुधवार को राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक में चालू वित्तीय वर्ष के दिसंबर 2023 में समाप्त तिमाही की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि हर जरूरतमंद और ऊर्जावान युवा को ऋण के रूप में वित्तीय प्रोत्साहन उपलब्ध कराने के हमारे प्रयासों में बैंकों ने सराहनीय भूमिका निभाई है। लोन मेलों का यह क्रम आगे भी जारी रहे।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने बड़ौदा-यूपी ग्रामीण बैंक और आर्यावर्त ग्रामीण बैंक को राज्यांश प्रदान किया, साथ ही 1.10 लाख किसान क्रेडिट कार्ड, 1111 बैंकिंग आउटलेट की शुरुआत की और 10 बीसी सखियों को टूल किट वितरित किये। बैठक में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की सीजीएम निशा नाम्बियार की भी विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने डिजिटल बैंकिंग के विस्तार पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने बैंकर्स कमेटी की बैठक राज्य स्तर पर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में प्रत्येक तीन माह में और जिले में प्रत्येक माह करने के निर्देश भी दिए।

इस मौके पर समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम के तहत एचडीएफसी बैंक द्वारा 150 वनटांगिया गांवों को अपनाने की प्रमाण पत्र भी प्राप्त किया गया। बैंक इन ग्रामों में 75 स्मार्ट क्लासेज का निर्माण के साथ ही ही विकास के अनेक कार्य कराएगा।

### 2,98,551 करोड़ का दिसंबर 2023 तक बांटा लोन

साल 2016-17 में बैंकों द्वारा राज्य में कुल 137452 करोड़ लोन बांटा किया गया था। जबकि 2022-23 में कुल 300430 करोड़ का लोन दिया गया। और दिसंबर 2023 तक 298551 करोड़ का लोन वितरित जा चुका है।

### आश्रम पद्धति विद्यालय के छात्र कंप्यूटर में बनेंगे दक्ष

**अमृत विचार, लखनऊ :** आश्रम पद्धति विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र अब कंप्यूटर शिक्षा में भी दक्ष होंगे। अप्रैल से आईपी फाउंडेशन की ओर से उनको कंप्यूटर का निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। इनमें लगभग 32 हजार छात्र अध्यनरत हैं। छात्रों को कंप्यूटर का प्रशिक्षण देने के लिए आईपी फाउंडेशन ने समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत को प्रस्ताव दिया। निदेशक कुमार प्रशांत ने अप्रैल से निशुल्क प्रशिक्षण देने पर सहमित जता दी है। उन्होंने बताया कि सूचना क्रांति में नए-नए परिवर्तन हो रहे हैं। छात्रों का जब कंप्यूटर की संपूर्ण जानकारी होगी तो भविष्य में उनको मदद मिलेगी। ग्राफिक डिजाइनिंग आदि भी उनके लिए कारगर साबित होगी।

# पत्नी के नाम पर खरीदी संपत्ति पर बेटे का समान अधिकार

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने संपत्ति विवाद के एक मामले में अति महत्वपूर्ण आदेश पारित करते हुए कहा कि हिंदू पति द्वारा अपनी गृहिणी पत्नी, जिसके पास आय का कोई स्वतंत्र स्रोत नहीं है, उसके नाम पर खरीदी गई संपत्ति पारिवारिक संपत्ति मानी जाएगी। बेनामी संपत्ति लेनदेन निषेध अधिनियम, 1988 की धारा 2(9)(बी) के प्रावधान (iii) के अनुसार पति द्वारा अपनी पत्नी या बच्चों के नाम पर खरीदी गई संपत्ति को बेनामी संपत्ति नहीं कहा जा सकता है। कोर्ट ने आगे कहा कि जब तक यह साबित ना हो जाए कि संपत्ति पत्नी द्वारा अर्जित आय से खरीदी गई थी, तब तक संपत्ति पर पूरे परिवार का अधिकार माना जाएगा। उक्त आदेश न्यायमूर्ति अरुण सिंह देशवाल की पीठ ने मृत पिता की संपत्ति पर स्वामित्व के अधिकार के लिए अपीलकर्ता की अपील को स्वीकार कर विपक्षी के लिए निषेधाज्ञा जारी करते हुए पारित किया। दरअसल मौजूदा मामले में अपीलकर्ता/बेटे ने अपने पिता की संपत्ति के 1/4 हिस्से पर अधिकार के लिए जिला अदालत में दाखिल आवेदन खारिज होने के बाद हाईकोर्ट में दाखिल अपील में अपीलकर्ता ने तर्क दिया कि चूंकि संपत्ति उसके मृत पिता ने अपनी आय से खरीद कर मां को उपहार स्वरूप दी थी। अत: मां के साथ-साथ बेटे का भी संपत्ति पर बराबर का अधिकार होगा।

# राहुल के मन में यूपी के युवाओं के लिए विष भरा है

**संवाददाता, प्रतापगढ़, अमृत विचार।** अमेठी सांसद स्मृति ईरानी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान पर बुधवार को एक बार फिर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि उनसे हम माफी की अपेक्षा नहीं करते हैं, माफी वो मांगता है जिसमें शर्म हो। रायबरेली-परशदेपुर से प्रतापगढ़ जाते समय स्मृति ईरानी ने कहा किस भ्रम की स्थिति में राहुल गांधी घूम रहे है ये मैं नहीं जानती लेकिन, उन्हें कोई अधिकार नहीं कि काशी, काशीवासियों और यूपी के नौजवानों का अपमान करे।

राहुल गांधी के मन में उत्तर प्रदेश के लिए विषभरा है, ये उनकी ही टिप्पणी से पता चलता है। उन्होंने इसके बाद कहा कि इस प्रदेश का युवा लगातार तरक्की कर रहा है। प्रदेश भी विकास के पथ पर अग्रसर है। डबल इजंन की सरकार में प्रदेश ने कई कीर्तिमान बनाए हैं।

### स्मृति की कार से छात्रा घायल, इलाज कराया

**लालगंज।** स्मृति ईरानी बुधवार सुबह करीब 11:30 बजे रायबरेली जिले के परशदेपुर स्थित मटियारा चौराहा पर आयोजित जनसभा कार्यक्रम में जा रही थी। इधर उदयपुर थाना के चकिया राजापुर निवासी रामलाल यादव की पुत्री सुमन यादव साइकिल से सांगीपुर राजकीय महाविद्यालय में पढ़ने जा रही थी। मंगापुर बाजार के पास मंत्री की कार से साइकिल में साइड से टक्कर लग गई। जिससे छात्रा मामूली रूप से घायल हो गई और साइकिल छतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना होते ही मंत्री स्मृति ईरानी ने कार रुकवाया और नीचे उतर कर छात्रा से कुशलता पूछी। इसके बाद उसे अपने साथ स्कूल ले गई। वहां स्कूल प्रशासन से कहा कि इलाज के लिए व साइकिल बनवाने के लिए पैसा दे रही है। छात्रा का इलाज करवाकर घर भेजवा दीजिए।

# निपुण भारत मिशन के तहत शिक्षकों को किया गया प्रशिक्षित

**आलापुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार:** ब्लॉक संसाधन केंद्र जहांगीरगंज में निपुण भारत मिशन के तहत बुनियादी भाषा और गणित शिक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार पांडेय के निर्देशन में आयोजित प्रशिक्षण में शिक्षकों को आवश्यक जानकारी दी गई।

इस मौके पर प्रशिक्षणकर्ता एआरपी हरिप्रसाद चतुर्वेदी और कृष्ण चंद्र मिश्रा ने कहा कि शिक्षक निपुण लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए टाइम टेबल के साथ-साथ गतिविधियों के आधार पर पाठ्यक्रम को रुचिकर बनाएं। तृतीय चरण के प्रशिक्षण कार्यक्रम के मौके पर शिक्षक योगेश मणि त्रिपाठी, गार्गी, निशा वर्मा, अशोक कुमार मौर्य, टेक्नीशियन राजन कुमार मौर्य समेत बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

# पुरातत्व स्वरूप में दिखेगा नैमिषारण्य

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार।** नैमिषारण्य अपने जल्द ही पुरातन स्वरूप में स्थापित होगा जिससे हजारों लोगों को नौकरी और रोजगार नैमिष में ही मिल सकेगा। अयोध्या राम मंदिर निर्माण के दौरान लोगों की नकारात्मक देखने को मिली थी, लेकिन राम मंदिर स्थापना के बाद अयोध्या के व्यापारियों में व्यापार तीस गुना तक बढ़ गया है। उक्त बातें सीएम योगी आदित्यनाथ ने नैमिष स्थित स्कंदाश्रम स्थित जगदंबा राजराजेश्वरी नूतन देवालय में मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान कहीं। सीएम ने आयोध्या का उदहारण देते हुए नैमिष विकास पर अधिक जोर दिया।

88 हजार ऋषियों की तपोभूमि नैमिषारण्य में बुधवार को सीएम योगी ने श्री श्री जगदंबा राज राजेश्वरी मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव व नूतन देवालय के चित्तशक्ति द्वार का उद्घाटन किया। पूजन के दौरान मध्य प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर भी मौजूद रहे। मंदिर में पूजन के बाद मंच पर पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ ने नैमिष के इतिहास पर बोलते हुए कहा कि नैमिष की परम्परा अपार है। सीएम योगी नैमिष में पहली बार विरोधियों पर निशाना साधे। साथ ही नैमिषारण्य को तीर्थ स्तर पर स्थापित करने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य कराये जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के क्षेत्र काशी विश्वनाथ जब कोई जाता था तो संकरी गालियां मिलती थी। आज पीएम मोदी के नेतृत्व में भव्य काशी के रूप में विराजमान है।

अयोध्या राम मंदिर पर बोलते हुए सीएम योगी ने कहा कि न्यायालाय के फैसले पर जिस तरह से भारत के नागरिकों ने शांति का परिचय दिया है वह एक मिसाल है। उन्होंने कहा कि 500 साल बाद यह रामलला अपने मंदिर में विराजमान हुए है। समाज और सरकार जब देश का विकास करती है तो देश की सूरत बदल जाती है।

### सनातन धर्म को बचाना होगा : सीएम

नैमिषारण्य में देश विदेश से आये श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि देश का नागरिक और सरकार दोनों जब जागरूक होंगे तो भारत दुनिया का सबसे ताकतवर देश होगा। सीएम योगी ने कहा कि शास्त्र कहता है कि धर्म से ही व्यक्ति व पशु में अंतर नहीं है। धर्म अच्छे मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि जब तक सनातन धर्म है, विश्व मानवता के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता रहेगा। सीएम ने कहा कि अगर विश्व मानवता को बचाना होगा तो सबसे पहले सनातन धर्म पर खतरा आएगा। इसलिए सनातन को बचाना होगा। सनातन धर्म का मूल यज्ञ है। उन्होंने कहा कि नैमिष क्षेत्र में नई कड़ी और नई मणि जुड़ने जा रही है।

# युवा बने देश की ताकत : त्रयंबक तिवारी

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार।** पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में युवा संवाद सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी, अध्यक्षता पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष विजय विश्वकर्मा और संचालन पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला महामंत्री रमेश यादव ने किया।

भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद की जयंती 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में देश के युवाओं की उम्मीदों और आकांक्षाओं का ध्यान रखने के लिए मनाया जाता है। इसी दिन 25 युवाओं और एक युवा संगठन जिन्होंने समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य किया हो उसे राष्ट्रीय युवा पुरस्कार प्रदान किया जाता है। उन्होंने कहा कि 2023 में विश्व बैंक समूह युवा शिखर सम्मेलन की थीम फ्रॉम द ग्राउंड अप लोकल सॉल्यूशंस टू ड्राइव ग्लोबल इंपैक्ट सुनिश्चित करने के लिए समर्पित था। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद के बताए रास्ते पर चल कर युवा देश की ताकत बनें और युवा कौशल विकास की रोजगार परक प्रतिष्ठान लगा कर अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार देने का कार्य करें। युवा सम्मेलन में युवाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भाजपा सरकार द्वारा संचालित युवाओं के लिए संचालित योजनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा सरकार की योजनाएं युवाओं के हितों में मील का पत्थर साबित होगा।

## मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 980 फ्लैग 1100 डीएमओ 865 बोल्ड 1135, सम्भल-चन्दौसी-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल प्रति कुन्तल** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

### एफएसडीसी की 28वीं बैठक को सीतारमण ने किया संबोधित

# ऐप से अनधिकृत कर्ज वितरण पर लगाम लगाएं वित्तीय नियामक

नई दिल्ली, एजेंसी



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) समेत वित्तीय क्षेत्र के नियामकों से ऑनलाइन ऐप के जरिअ अनधिकृत कर्ज वितरण के प्रसार पर लगाम लगाने के लिए अतिरिक्त कदम उठाने को कहा। सीतारमण ने यहां 'वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद' (एफएसडीसी) की 28वीं बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही।

उन्होंने वित्तीय नियामकों से घरेलू और वैश्विक व्यापक वित्तीय स्थिति को देखते हुए उभरते वित्तीय स्थिरता जोखिमों का पता लगाने के लिए निरंतर निगरानी बनाए रखने और सक्रिय रहने के लिए भी कहा। बैठक के बाद जारी एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, एफएसडीसी ने व्यापक वित्तीय स्थिरता से संबंधित मुद्दों और उनसे निपटने के लिए भारत की तैयारियों के बारे में चर्चा की। बयान के मुताबिक, गांधीनगर के गिफ्ट सिटी स्थित अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (आईएफएससी) को दुनिया के प्रमुख अंतरराष्ट्रीय वित्तीय केंद्रों में से एक बनाने और घरेलू अर्थव्यवस्था के लिए विदेशी पूंजी एवं वित्तीय सेवाओं को सुविधाजनक बनाने की रणनीतिक भूमिका में इसे समर्थन देने के लिए चल रहे अंतर-नियामकीय मुद्दों पर भी चर्चा की गई।

एफएसडीसी ने एफएसडीसी के फैसलों और केंद्रीय बजट में की गई घोषणाओं को लागू करने के लिए रणनीति तैयार करने से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा की। इन मुद्दों में केवाईसी का एकसमान मानदंड तय करना, वित्तीय क्षेत्र में केवाईसी रिकॉर्ड की अंतर-उपयोगिता और केवाईसी प्रक्रिया का सरलीकरण और डिजिटलीकरण शामिल है।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 73,050 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 63,900 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,600-47,800 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,000 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,850 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 73,700 |
| चांदी तैयार | 73,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 63,900 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,400 |
| चांदी पक्की | 723 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,100 |
| चांदी आभूषण | 73,000। |

# महिला किसानों की आजीविका बनेगी प्राकृतिक खेती

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार:** राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की कृषि सखी 54 जिलों में महिला किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ेंगी। जो कम लागत पर गुणवत्तायुक्त फसल के साथ उनकी आजीविका बढ़ाने में मददगार बनेंगी।

फसल की तैयारी करना, बीज व मृदा परीक्षण करना, जैविक खाद नीम ऑयल बनाना, फसल का बचाव करना आदि तौर-तरीके सिखाएंगी और बुआई से कटाई तक का उन्नत खेती का प्रशिक्षण देंगी। इससे प्राकृतिक खेती को बढ़ावा मिलेगा और महिला किसानों की आय बढ़ेगी। कृषि मंत्रालय की इस योजना में सखियों को हैदराबाद के राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान द्वारा

### बढ़ेगी आय

- हैदराबाद का राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान सखियों को देगा प्रशिक्षण
- 54 जिलों में 9368 आजीविका सखी महिला किसानों को सिखाएंगी खेती के गुर

जिलों पर पांच दिवसीय विशेष प्रशिक्षण देकर प्रमाणित किया जाएगा।

**अब पशु व कृषि सखी बनी आजीविका सखी:** पहले पशु व कृषि सखी अलग-अलग होती थीं। दोनों को समायोजित करके आजीविका सखी नाम दिया गया है। इन्हें राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अपने स्तर से प्रशिक्षित करता था। लेकिन, और बेहतरी के लिए अब कृषि विभाग विशेष प्रशिक्षण दिलाएगा। यह प्राकृतिक खेती के साथ पशु पालन की दिशा में भी काम करेंगी। क्योंकि ज्यादातर किसान पशु पालन करते हैं। प्रदेश में करीब 3300 आजीविका सखी हैं। मिशन 54 जिलों के लिए 9368 आजीविका सखी को एक सप्ताह में चयनित करेगा।

### ये होंगे मुख्य कार्य

- मृदा प्रबंधन की जानकारी देना
- स्वास्थ्य व केसीसी कार्ड बनवाना
- एकीकृत पोषण प्रबंधन पर जागरूक करना
- कृषि यंत्रीकरण व बीज उत्पादन कराना
- मौसम व रोग-कीट से फसलों का बचाव।

**केंद्र की योजना में ये जिले:** बरेली, लखनऊ, शाहजहांपुर, सहारनपुर, बिजनौर, हमीरपुर, हरदोई, जालौन, इटावा, फर्रुखाबाद, फतेहपुर, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, लखीमपुर खीरी, ललितपुर, महोबा, आगरा, अलीगढ़, अंबेडकर नगर, औरैया, आजमगढ़, बागपत, बहराइच, बलरामपुर, बांदा, बाराबंकी, बस्ती, बुलंदशहर, चंदौली, चित्रकूट, देवरिया, एटा, फिरोजाबाद, गाजीपुर, गोरखपुर, झांसी, मैनपुरी, मथुरा, मिर्जापुर, मुजफ्फरनगर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, संभल, संत रविदास नगर, शामली, श्रावस्ती, सिद्धार्थ नगर, सीतापुर, सोनभद्र, सुल्तानपुर, उन्नाव, वाराणसी।

> देश के आज कल हमारे देश के आज कल हमारे देश के आज कल हमारे देश के आज कल हमारे देश के आज कल हमारे देश के आज कल हमारे
> -दीपा रंजन, मिशन निदेशक, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन।

# भारत में 2024 में कर्मचारियों का वेतन 9.5 प्रतिशत बढ़ेगा

नई दिल्ली, एजेंसी

- नैसकॉम-एऑन पीएलसी के सर्वेक्षण में लगाया अनुमान

भारत में इस साल कर्मचारियों के वेतन में 9.5 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है। यह 2023 की वास्तविक वेतनवृद्धि 9.7 प्रतिशत से थोड़ा कम है।एक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई।

वैश्विक पेशेवर सेवा कंपनी एऑन पीएलसी के वार्षिक वेतनवृद्धि व कारोबार सर्वेक्षण 2023-24 भारत के अनुसार, वैश्विक महामारी के बाद 2022 में उच्च वेतनवृद्धि के बाद भारत में वेतन वृद्धि एक अंक यानी 10 प्रतिशत से कम पर स्थिर हो गई है। सर्वेक्षण में करीब 45 उद्योगों की 1,414 कंपनियों के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया है। भारत में एऑन में प्रतिभा समाधान के साझेदार एवं मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी रूपांक चौधरी ने कहा कि भारत के संगठित क्षेत्र में वेतन में अनुमानित वृद्धि उभरते आर्थिक परिदृश्य के सामने एक रणनीतिक समायोजन का संकेत देती है। उन्होंने कहा- बुनियादी ढांचे और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों की वृद्धि मजबूत है। यह कुछ क्षेत्रों में लक्षित निवेश की आवश्यकता का संकेत देता है।

## जीडीपी वृद्धि कम होकर छह प्रतिशत रहने का अनुमान

**नई दिल्ली।** रेटिंग एजेंसी इक्रा ने बुधवार को वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर सितंबर तिमाही के 7.6 प्रतिशत की तुलना में नरम पड़कर छह प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। इक्रा रेटिंग्स ने एक रिपोर्ट में कहा कि कृषि और औद्योगिक क्षेत्रों के कमजोर प्रदर्शन से वृद्धि दर में यह सुस्ती आने की आशंका है। इसके साथ ही इक्रा ने कहा कि अक्टूबर-दिसंबर, 2023 की अवधि में सकल मूल्यवर्धन (जीवीए) वृद्धि छह प्रतिशत तक कम होने का अनुमान है।

# भारत को हर साल 9-10 % की वृद्धि की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

- जी20 में भारत के शेरपा अमिताभ कांत बोले



जी20 में भारत के शेरपा अमिताभ कांत ने बुधवार को कहा कि भारत वर्ष 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा और 2047 तक 35 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लिए इसे तीव्र गति से बढ़ने की जरूरत है।

कांत ने ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन की तरफ से यहां आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि भारत को अपना लक्ष्य हासिल करने के लिए अगले तीन दशक तक सालाना नौ-10 प्रतिशत की दर से वृद्धि करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, ''भारत 2027 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा। अब जापान, ब्रिटेन एवं जर्मनी सभी देशों के मंदी के दौर में चले जाने पर हमें इस काम को और अधिक तेजी से कर पाने में सक्षम होना चाहिए।'' फिलहाल भारत दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार मौजूदा मूल्य के आधार पर 31 मार्च, 2024 तक लगभग 3.6 लाख करोड़ डॉलर होने का अनुमान है। नीति आयोग के पूर्व प्रमुख कांत ने कहा, ''भारत को तीव्र गति से बढ़ने और 2047 तक 35 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए महत्वाकांक्षी होना महत्वपूर्ण है।'' उन्होंने कहा कि भारत उस समय से काफी आगे बढ़ चुका है जब उसे बहीखाते की समस्याओं का सामना करना पड़ा था। कांत ने कहा कि पश्चिमी देशों में सारे नवाचार गूगल, फेसबुक, अमेजन और एप्पल जैसी कंपनियों से आए। इसके उलट भारत ने डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे की ताकत को दर्शाया है।



# किसान की मौत के बाद हरियाणा पर भड़के मान

### कहा-पोस्टमॉर्टम के बाद मामला दर्ज किया जाएगा और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई होगी

चंडीगढ़, एजेंसी



पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बुधवार को कहा कि वह पंजाब-हरियाणा सीमा पर एक युवा किसान की मौत से दुखी हैं। उन्होंने साथ ही कहा कि इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मान ने एक वीडियो संदेश में कहा, ''पोस्टमॉर्टम के बाद मामला दर्ज किया जाएगा। किसान की मौत के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

संगरूर-जींद सीमा पर खनौरी में बुधवार को पुलिस और किसानों के बीच हुई झड़प के दौरान शुभकरण सिंह (21) नामक एक किसान की मौत हो गई। पंजाब-हरियाणा सीमा पर शुभकरण सिंह की मौत के साथ ही कुछ अन्य घायल हो गए। यह घटना तब हुई जब प्रदर्शनकारियों ने अपना 'दिल्ली चलो' आंदोलन फिर से शुरू किया और हरियाणा पुलिस ने शंभू तथा खनौरी सीमा पर अवरोधक तोड़ने के प्रयासों को विफल करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुभकरण की मौत पर सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, पंजाब के नौजवान शुभकरण की मौत बेहद दुखदाई है। क्या इसी दिन के लिए हमने आजादी की लड़ाई लड़ी थी कि एक दिन अपने ही देश में हमारे द्वारा चुनी हुई सरकारें हमारे ही बेटों को अंग्रेजों की तरह शहीद कर देंगी? उन्होंने कहा-हम पूरी तरह से शुभकरण के साथ हैं और उनके कातिलों को कड़ी सजा दिलवाएंगे। मान ने कहा कि कानून व्यवस्था नियंत्रण में है। हालांकि उन्होंने खनौरी की घटना के संदर्भ में हरियाणा पुलिस पर कानून-व्यवस्था बिगाड़ने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री ने सवाल किया कि किसान अपनी मांगों को लेकर राजधानी क्यों नहीं जा सकते। कहा-हरियाणा ने उन्हें क्यों रोका? वे शांतिपूर्ण तरीके से हरियाणा की सीमाओं पर पहुंचे, अगर हरियाणा सरकार ने उन्हें नहीं रोका होता, तो वे राष्ट्रीय राजधानी की ओर जा सकते थे, जहां वे शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करते।

### इतिहास एक दिन किसानों की हत्या का हिसाब जरूर मांगेगा



**नई दिल्ली।** अध्यक्ष राहुल गांधी ने खनौरी बॉर्डर पर गोलीबारी में एक किसान की मौत की घटना पर बुधवार को दुख जताया और दावा किया कि इतिहास एक दिन भाजपा से किसानों की हत्या का हिसाब जरूर मांगेगा। वहीं, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार के 10 साल किसानों के लिए "पीठ पर लात और पेट पर लात" की तरह रहे हैं। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, "खनौरी बॉर्डर पर युवा किसान शुभकरण सिंह की फायरिंग में मौत की खबर हृदयविदारक है, मेरी संवेदनाएं उनके परिवार के साथ हैं। पिछली बार 700 से अधिक किसानों का बलिदान लेकर ही माना था मोदी का अहंकार, अब वो फिर से उनकी जान का दुश्मन बन गया है।

## दिल्ली में आग से बचने के लिए महिला चौथी मंजिल से कूदी, मौत

**नई दिल्ली।** दक्षिण पश्चिम दिल्ली के द्वारका में बुधवार को एक आवासीय इमारत में लगी आग से बचने के लिए उसकी चौथी मंजिल से कूदने पर 83 साल की एक महिला की मौत हो गई और एक अन्य महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान जासुरी देवी के रूप में हुई है और घायल महिला की पहचान 30 वर्षीय पूजा पंत के तौर पर हुई है। पुलिस ने बताया कि एक आवासीय इमारत में आग लगने की सूचना मिली और दलों को तुरंत घटनास्थल पर भेजा गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा-बचाव कार्य के लिए मामले की जानकारी अग्निशमन अधिकारियों को दी गई। अधिकारियों ने बताया कि उन्हें द्वारका के सेक्टर 10 इलाके में पैसिफिक अपार्टमेंट स्थित एक फ्लैट में आग लगी थी, तभी यह घटना हुई।

# खाने के पैकेट में लंदन भेजा जा रहा था मादक पदार्थ

पुणे (महाराष्ट्र), एजेंसी

### मफेड्रोन जब्ती मामला

- शीर्ष अधिकारी ने बताया कूरियर फर्म के माध्यम से की जा रही थी तस्करी

पुणे पुलिस द्वारा मेफेड्रोन की अब तक की सबसे बड़ी जब्ती मामले की जांच से पता चला है कि इस मादक पदार्थ को खाने के पैकेट में छिपाकर दिल्ली की एक कूरियर फर्म के माध्यम से लंदन में तस्करी की जाती थी। एक शीर्ष अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पुणे के पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने कहा कि पुलिस ने अब तक पुणे और दिल्ली के कुछ स्थानों से लगभग 1,700 किलोग्राम मेफेड्रोन जब्त किया है। इस सिलसिले में आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है और उनके संबंधों की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा, ''जारी तलाशी अभियान में, हमारी टीम ने पुणे में 720 किलोग्राम मेफेड्रोन जब्त किया है, जिसमें से लगभग 600 किलोग्राम शहर के बाहरी इलाके में पुणे-सोलापुर रोड पर कुरकुंभ एमआईडीसी क्षेत्र में स्थित एक उत्पादन इकाई से बरामद किया गया।'' कुमार ने कहा, ''दिल्ली में जारी अभियान में अब तक 970 किलोग्राम मेफेड्रोन बरामद किया जा चुका है। जब्त किए गए प्रतिबंधित पदार्थ की कीमत 3,000 करोड़ रुपये से 3,500 करोड़ रुपये के बीच होने का अनुमान है।''

उन्होंने कहा कि दिल्ली में हुई बरामदगी में एक कूरियर फर्म का नाम सामने आया है। दिल्ली और पुणे पुलिस ने संयुक्त रूप से राष्ट्रीय राजधानी के कोटला मुबारकपुर और हौज खास इलाकों में छापेमारी की। कुमार ने कहा, ''हमें पता चला है कि प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ पैकेट में छिपाकर कुछ प्रतिबंधित पदार्थ दिल्ली स्थित एक कूरियर कंपनी के माध्यम से लंदन भेजा गया था।'' उन्होंने कहा कि इस कूरियर कंपनी के एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। कुमार ने कहा कि मेफेड्रोन का उत्पादन कुरकुंभ एमआईडीसी स्थित इकाई में किया जा रहा था। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली और पुणे के अभियान के अलावा, एक और कार्रवाई महाराष्ट्र के सांगली में की जा रही है जहां कुछ मात्रा में मादक पदार्थ जब्त किया गया है। पुलिस अधिकारी ने कहा, ''अब तक, हमने आठ लोगों को गिरफ्तार किया है और उनकी भूमिका की जांच की जा रही है। मामले के सिलसिले में पुणे पुलिस की कई टीम को देश के विभिन्न हिस्सों में भेजा गया है।'' इस बीच, मामले के दो मुख्य आरोपियों - भीमाजी सबाले (उत्पादन इकाई का मालिक) और युवराज भुजबल (केमिकल इंजीनियर) को एक स्थानीय अदालत ने 29 फरवरी तक पुलिस हिरासत में भेज दिया।

### एक नजर

#### जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग आंशिक रूप से खोला गया

**जम्मू।** रामबन जिले में एक के बाद एक भूस्खलन की वजह से पिछले दो दिनों से बंद 270 किलोमीटर लंबे जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार अपराह्न यातायात एक तरफ से बहाल कर दिया गया। यातायात विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि एक दर्जन से अधिक स्थानों पर भूस्खलन और पहाड़ियों से पत्थर गिरने के बाद सोमवार सुबह राजमार्ग को वाहनों की आवाजाही के लिए बंद कर दिया गया था।

#### बिहार में सड़क हादसे में नौ लोगों की मौत

**लखीसराय।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को बिहार के लखीसराय जिले में एक सड़क हादसे में नौ लोगों की मौत होने पर शोक व्यक्त किया है। इस हादसे में पांच अन्य लोग घायल हुए हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय के सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी एक पोस्ट में मोदी ने कहा, ''बिहार के लखीसराय में हुआ सड़क हादसा अत्यंत दुखद है। इस दुर्घटना में जिन्होंने अपनों को खोया है, उनके प्रति मेरी शोक संवेदनाएं। इसके साथ ही मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

# राजस्थान के मुख्यमंत्री अब ट्रैफिक में आम आदमी की तरह चलेंगे

जयपुर, एजेंसी

- भजनलाल शर्मा ने जाम में गंभीर मरीजों को परेशानी से बचाने के लिए लिया फैसला



राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अब ट्रैफिक में आम आदमी की तरह चलेंगे और लाल बत्ती पर भी रूकेंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने यह फैसला अति विशिष्ट लोगों की आवाजाही के दौरान बार-बार लगने वाले ट्रैफिक जाम से आमजन को राहत दिलाने और जाम में गंभीर मरीजों को परेशानी से बचाने के लिए लिया है।

एक आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि अति विशिष्ट लोगों की आवाजाही के दौरान आम आदमी और गंभीर रोगियों को होने वाली समस्याओं को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री ने बुधवार को यह निर्णय लिया। मुख्यमंत्री ने बुधवार को राजस्थान के पुलिस महानिदेशक यू.आर. साहू को इस फैसले के संबंध में निर्देश दिये। हालांकि, मुख्यमंत्री को प्रदान किया गया सुरक्षा घेरा यथावत जारी रहेगा। पुलिस महानिदेशक यू.आर. साहू ने बताया-मुख्यमंत्री को प्रदान की गई सुरक्षा कवर में कोई बदलाव नहीं होगा। अति विशिष्ट व्यक्ति की आवाजाही के दौरान नयी व्यवस्था का निर्णय आम लोगों और मरीजों को होने वाली यातायात समस्याओं के मद्देनजर लिया गया है।

**लाल बत्ती पर रुकेगा मुख्यमंत्री का काफिला:** राजस्थान में अब मुख्यमंत्री का काफिला भी आमजन की तरह यातायात की लालबत्ती पर रुकेगा। राज्य के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने यह संवेदनशील निर्णय लिया है और वह अब आम राहगीर की तरह यातायात में चलेंगे। शहर में उनके काफिले के निकलते समय आमजन को होने वाली परेशानी को दूर करने के लिए मुख्यमंत्री ने लाल बत्ती पर अपना काफिला रुकवाने का फैसला किया है। श्री शर्मा ने पुलिस महानिदेशक यू. आर. साहू से कहा था कि उनके काफिले की वजह से यातायात रोक दिए जाने से आम लोगों को परेशानी होती है।

# गरीब कैदियों को जमानत के लिए 20 करोड़ रुपये आवंटित

नई दिल्ली,एजेंसी

- गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों को जारी किया पत्र

गृह मंत्रालय ने उन गरीब कैदियों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए 20 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं, जो अपनी जमानत राशि का भुगतान करने में नाकाम रहने की वजह से जेल में बंद हैं। गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों को लिखे एक पत्र में कहा कि केंद्र सरकार से राज्य मुख्यालयों तक धन के निर्बाध प्रवाह के लिए प्रत्येक राज्य को एक समर्पित खाता खोलना चाहिए ताकि जरूरतमंदों को धन वितरित किया जा सके।

पत्र के मुताबिक-गृह मंत्रालय ने वार्षिक 20 करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान किया है, जिसका इस्तेमाल राज्य और केंद्रशासित प्रदेश गरीब कैदियों को जेल से रिहाई के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने के रूप में कर सकते हैं।'' पत्र में बताया गया कि योजना के उचित कार्यान्वयन और धन के निर्बाध प्रवाह के लिए राज्यों को इस संबंध में कई कदम उठाने के लिए कहा गया है।

## जम्मू-कश्मीर में दम घुटने से दो भाइयों की मौत

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में बांदीपोरा जिले के एक मदरसे में ठंड से बचाव के लिए कमरे में जलाए गए अलाव के धुंए से दम घुटने से दो भाइयों मौत का मामला सामने आया है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि यह घटना बांदीपोरा जिले के अस्तेंगो इलाके के फैज-उल-आलूम मदरसा में कल रात उस समय हुई जब एक रसोईया अपने दो बच्चों के साथ रात को सोने से पहले ठंड से बचाव के लिये कमरे में कोयले की अंगीठी जलाए हुए था। बाद में तीनों सो गये और कमरा धुएं से भर गया। इसमें रसोइया बेहोश पाया गया और दोनों बच्चे मृत पाये गए।

# मणिपुर के चुराचांदपुर में इंटरनेट सेवा निलंबन आदेश 26 तक बढ़ाया गया

**इंफाल।** मणिपुर सरकार ने चुराचांदपुर जिले में कानून-व्यवस्था की स्थिति के मद्देनजर इंटरनेट सेवाओं का निलंबन आदेश पांच दिनों के लिए और बढ़ा दिया है। एक पुलिसकर्मी के निलंबन के बाद इलाके में हिंसा भड़क गई थी और मौजूदा कानून-व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। मुख्य सचिव विनीत जोशी द्वारा जारी गृह विभाग के एक आदेश में कहा गया है, राज्य सरकार ने चुराचांदपुर जिले में मौजूदा कानून- व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा करने के बाद जिले के पूरे राजस्व क्षेत्र में वीपीएन के माध्यम से दी जाने वाली इंटरनेट सेवाओं का निलंबन जारी रखने का फैसला किया है।

# अत्याचार के मामले में ममता ने पूर्ववर्ती सरकार को पीछे छोड़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

### संदेशखालि मामला

- पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस और टीएमसी नेताओं की आलोचना



भाजपा ने बुधवार को दावा किया कि ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस की सरकार ने पश्चिम बंगाल के लोगों पर अत्याचार के मामले में पूर्ववर्ती वामपंथी दलों की सरकार को पीछे छोड़ दिया है और लोकसभा चुनाव में जनता राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी को करारा जवाब देगी। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखालि में महिलाओं के कथित यौन उत्पीड़न का मुद्दा उठाते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस और विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के अन्य घटकों की आलोचना की और इस मामले पर उनकी चुप्पी पर सवाल उठाए।

राष्ट्रीय राजधानी स्थित भाजपा मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में प्रसाद ने कहा,''संदेशखालि मुद्दा बहुत गंभीर होता जा रहा है। महिलाओं पर हमला, उनके साथ अमपानजनक व्यवहार और उनका यौन शोषण हमारे समाज और लोकतंत्र के लिए शर्म की बात है।'' भाजपा नेता ने राज्य में इस तरह की घटनाओं का बचाव करने के लिए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की आलोचना की और उनकी एवं अन्य विपक्षी पार्टियों की अंतरात्मा पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा, ''जब ममता बनर्जी माकपा के अत्याचारों के खिलाफ (अतीत में) संघर्ष करती थीं और इसके खिलाफ अनिश्चितकालीन आंदोलन पर बैठती थीं तब हम सभी उनके प्रशंसक बन गए थे और उनके संघर्ष की सराहना किए करते थे। ज्यादती और पुलिस दमन के मामले में मौजूदा सरकार ने तत्कालीन माकपा शासन को पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि यह शर्म की बात है। उनकी अंतरात्मा कहां है?

प्रसाद ने कहा, ''ममता जी आपको जवाब देना होगा। ममता जी आपको इसकी कीमत चुकानी होगी। जनता आपको राजनीतिक जवाब देगी। कोलकाता से लगभग 100 किलोमीटर दूर सुंदरबन की सीमाओं पर स्थित संदेशखालि इलाके में स्थानीय महिलाओं द्वारा फरार तृणमूल कांग्रेस के नेता शेख शाहजहां और उनके समर्थकों पर जमीन हड़पने और यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने के बाद विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। प्रसाद ने संदेशखालि मुद्दे पर नहीं बोलने के लिए कांग्रेस, आप, वाम दलों और 'इंडिया' गठबंधन के अन्य घटकों की निंदा की और कहा कि उनकी चुप्पी उनके 'पाखंड और स्पष्ट दोहरे मापदंडों' का सबूत है।

बंधन



बॉलीवुड कपल रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी एक-दूसरे के हो गए हैं। जैकी और रकुल दुल्हा-दुल्हन बने प्यारे लग रहे हैं। कपल ने इंस्टाग्राम पर खुद वेडिंग फोटोज शेयर की है।

## एक नजर

### ब्रिटेन में भारतीय रेस्तरां प्रबंधक की मौत, जांच

**लंदन।** ब्रिटेन में भारतीय रेस्तरां के 36 वर्षीय एक प्रबंधक की साइकिल से घर जाते समय सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। ब्रिटेन की पुलिस इस मामले की जांच हत्या के दृष्टिकोण से कर रही है। पुलिस इस सिलसिले में अब तक आठ लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। विग्नेश पट्टाभिरमण 14 फरवरी को दक्षिण-पूर्वी इंग्लैंड के रीडिंग इलाके में भारतीय रेस्तरां में अपने कार्यस्थल से साइकिल से घर वापस आ रहे थे कि तभी रास्ते में कैडुगन प्लेस जंक्शन पर एक वाहन से उनकी टक्कर हो गई। टेम्स वैली पुलिस ने कहा कि विग्नेश को रॉयल बर्कशायर अस्पताल ले जाया गया वहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। टेम्स वैली पुलिस की प्रमुख अपराध इकाई के वरिष्ठ जांच अधिकारी स्टुअर्ट ब्रैंगविन ने कहा, हमारी संवेदनाएं श्री रमण के परिवार के साथ हैं। अधिकारियों द्वारा उनके परिवार के साथ विशेष रूप से सहयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा, हम उनकी मौत की परिस्थितियों की जांच कर रहे हैं और अब इस सिलसिले में गिरफ्तारियां हो चुकी हैं।

### इजरायली मिसाइल ने दमिश्क को बनाया निशाना

**यरूशलेम।** इजरायली सेना ने बुधवार को सीरिया की राजधानी दमिश्क में एक आवासीय इमारत पर मिसाइल हमले किए। राज्य मीडिया और प्रत्यक्षदर्शियों ने यह जानकारी दी। सरकारी समाचार एजेंसी 'सना' ने कहा कि इजरायली सेना ने काफर सौसा में एक आवासीय इमारत को निशाना बनाया लेकिन कोई विस्तृत विवरण नहीं दिया। इस बीच सूत्रों और प्रत्यक्षदर्शियों ने मीडिया को बताया कि इजरायली हमले में चाम सिटी सेंटर शॉपिंग मॉल के पास एक आवासीय अपार्टमेंट और काफर सौसा में एक ईरानी स्कूल को निशाना बनाया गया।

### सीमा विवाद: भारतीय पक्ष ने डेपसांग और डेमचोक में लंबित मुद्दों के समाधान के लिए दबाव डाला

# भारत-चीन ने सैन्य वार्ता की, समाधान का संकेत नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- 20वें दौर की सैन्य वार्ता 9 और 10 अक्टूबर को हुई थी

भारत और चीन ने पूर्वी लद्दाख में साढ़े तीन साल से अधिक पुराने सीमा विवाद को हल करने के लिए नए दौर की उच्चस्तरीय सैन्य वार्ता की, जिसमें दोनों पक्ष जमीन पर "शांति और स्थिरता" बनाए रखने पर सहमत हुए लेकिन गतिरोध के समाधान का कोई संकेत नहीं दिखा। भारत-चीन कोर कमांडर स्तर की 21वें दौर की वार्ता 19 फरवरी को चुशूल-मोल्डो सीमा बैठक बिंदु पर आयोजित की गई।

घटनाक्रम से परिचित लोगों ने कहा कि भारतीय पक्ष ने डेपसांग और डेमचोक में लंबित मुद्दों के समाधान के लिए दबाव डाला, लेकिन बातचीत में कोई ठोस प्रगति नहीं हुई। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्ष समाधान के आगे के तरीकों पर उचित सैन्य और राजनयिक तंत्र के माध्यम से संपर्क बनाए रखने पर सहमत हुए। इसने कहा कि दोनों पक्षों ने मैत्रीपूर्ण और सौहार्दपूर्ण" माहौल में हुई वार्ता में मुद्दे पर अपना दृष्टिकोण साझा किया। विदेश मंत्रालय ने कहा, दोनों पक्ष उचित सैन्य और राजनयिक तंत्र के माध्यम से आगे के रास्ते पर संपर्क बनाए रखने पर सहमत हुए। उन्होंने अंतरिम रूप से सीमावर्ती क्षेत्रों में जमीन पर शांति बनाए रखने के लिए भी प्रतिबद्धता जताई। इससे पहले, 20वें दौर की सैन्य वार्ता 9 और 10 अक्टूबर को हुई थी। वार्ता के उस दौर के बाद विदेश मंत्रालय ने कहा था कि दोनों पक्षों ने वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के साथ शेष मुद्दों के शीघ्र और पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान के लिए स्पष्ट, खुले और रचनात्मक तरीके से विचारों का आदान-प्रदान किया। पिछले महीने थलसेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने कहा था कि पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर स्थिति "स्थिर", लेकिन "संवेदनशील" है। उन्होंने कहा था कि किसी भी स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए भारतीय सैनिकों की अत्यधिक उच्च स्तर की अभियानगत तैयारी बरकरार है। जनरल पांडे ने यह भी कहा था कि भारत और चीन दोनों 2020 के मध्य में मौजूद रही "यथास्थिति" पर लौटने के उद्देश्य से सैन्य और राजनयिक स्तरों पर बातचीत जारी रखे हुए हैं।

### लद्दाख सीमा पर गतिरोध भी हुआ था पैदा

वार्ता में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व लेह मुख्यालय वाली 14वीं कोर के कमांडर ने किया जबकि चीनी दल का नेतृत्व दक्षिण शिनजियांग सैन्य जिले के कमांडर ने किया। भारत कहता रहा है कि जब तक सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति नहीं होगी तब तक चीन के साथ उसके संबंध सामान्य नहीं हो सकते। पैंगोंग झील क्षेत्र में हिंसक झड़प के बाद 5 मई, 2020 को पूर्वी लद्दाख सीमा पर गतिरोध पैदा हो गया था। जून 2020 में गलवान घाटी में हुई भीषण झड़प के बाद दोनों देशों के बीच संबंधों में काफी तल्खी आ गई थी। यह दो दशकों में दोनों पक्षों के बीच सबसे बड़ा सैन्य संघर्ष था।

## इंदौर के युवा पेशेवर ने थाईलैंड की महिला से रचाई शादी


**इंदौर।** जिले के जिलाधिकारी कार्यालय ने दो अलग-अलग संस्कृतियों के जोड़े की शादी पर सरकारी मोहर लगा दी है। शहर के एक युवा पेशेवर ने थाईलैंड की एक महिला के साथ अपनी शादी को इस कार्यालय में पंजीकृत कराया है। प्रशासन के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

अतिरिक्त जिलाधिकारी (एडीएम) रोशन राय ने बताया कि इंदौर के प्रतीक दीक्षित ने थाईलैंड की सुपात्रा से मंगलवार को विशेष विवाह अधिनियम के तहत अपनी शादी पंजीकृत कराई और इस जोड़े के नाम इसका प्रमाणपत्र जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि वर या वधू में से कोई भी एक व्यक्ति भारतीय नागरिक हो, तो जोड़े की शादी को देश के विशेष विवाह अधिनियम के तहत पंजीकृत किया जा सकता है। दूल्हे प्रतीक दीक्षित ने बताया, सुपात्रा पहले मेरे साथ एक बैंक में काम करती थीं। मैं अपनी पहली नौकरी के दौरान उनसे पुणे में मिला था। उन्होंने बताया कि सुपात्रा की मां, दीदी और बहनोई उनकी शादी में शामिल होने थाईलैंड से इंदौर आए। दुल्हन सुपात्रा ने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा, मैं अपनी शादी से निश्चित तौर पर उत्साहित हूं, पर अभी मीडिया के कैमरों से मुझे थोड़ी घबराहट भी हो रही है।

# पाकिस्तान में शहबाज फिर बनेंगे पीएम आसिफ जरदारी दूसरी बार होंगे राष्ट्रपति

### पीपीपी और पीएमएल-एन के बीच नई गठबंधन सरकार पर सहमति बनी

**इस्लामाबाद, एजेंसी**



- पीपुल्स पार्टी अध्यक्ष बिलावल भुट्टो-जरदारी ने की घोषणा

पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के बीच सरकार गठन को लेकर जारी बातचीत आखिरकार रंग लाई और दोनों दलों के बीच नई गठबंधन सरकार बनाने को लेकर समझौता हो गया है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने यह जानकारी दी।

पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो-जरदारी ने मंगलवार देर रात घोषणा की कि पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के अध्यक्ष शहबाज शरीफ (72) प्रधानमंत्री पद संभालेंगे, वहीं पीपीपी के सह-अध्यक्ष आसिफ जरदारी (68) दूसरी बार देश के राष्ट्रपति बनेंगे। बिलावल ने संवाददाताओं से कहा, पीपीपी और पीएमएल-एन के पास पर्याप्त संख्या बल है और हम सरकार बनाने की स्थिति में हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) समर्थित उम्मीदवार और सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) केंद्र में सरकार बनाने के लिए संसद में बहुमत हासिल नहीं कर सके। इस दौरान शहबाज शरीफ ने कहा कि पीपीपी के साथ सरकार बनाने के लिए उनकी पार्टी पीएमएल-एन के पास अब आवश्यक संख्या बल है। साथ ही उन्होंने वार्ता के सकारात्मक निष्कर्ष के लिए दोनों दलों के नेतृत्व को धन्यवाद दिया। इस बीच पूर्व प्रधानमंत्री खान की पार्टी पीटीआई ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में पीपीपी और पीएमएल-एन गठबंधन पर निशाना साधा है। जियो न्यूज ने बताया कि पीएमएल-एन के अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ दोनों दलों की समन्वयक समिति के मंगलवार को समझौते पर सहमत होने के बाद एक और कार्यकाल के लिए नामित होंगे। पीपीपी के पूर्व अध्यक्ष आसिफ अली जरदारी राष्ट्रपति पद के लिए नामित होंगे।

### नए सिरे से चुनाव कराने की याचिका खारिज

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय ने आठ फरवरी को हुए आम चुनाव में कथित अनियमितताओं को लेकर नए सिरे से चुनाव कराने का अनुरोध करने वाली एक याचिका को लोकप्रियता हासिल करने का हथकंडा बताते हुए खारिज कर दिया। उच्चतम न्यायालय ने अदालत के समक्ष पेश न होने को लेकर पूर्व सैन्य अधिकारी व याचिकाकर्ता पर जुर्माना भी लगाया। सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर अली खान ने पिछले सप्ताह उच्चतम न्यायालय से निष्पक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए न्यायपालिका की निगरानी में 30 दिन के भीतर नए चुनाव कराने का आदेश देने का अनुरोध किया था। उन्होंने इस मामले के निस्तारण तक नई सरकार के गठन पर रोक लगाने का आदेश देने का भी अनुरोध किया था। हालांकि, याचिकाकर्ता लगातार दो बार सुनवाई के दौरान पेश नहीं हुआ। इसके बाद पाकिस्तान के प्रधान न्यायाधीश काजी फैज इसा, न्यायमूर्ति मुहम्मद अली मजहर और न्यायमूर्ति मुसर्रत हिलाली की पीठ ने याचिका का निस्तारण कर दिया और याचिकाकर्ता पर 5,00,000 पाकिस्तानी रुपये का जुर्माना लगाया।

### पाकिस्तान में आम चुनाव में गड़बड़ी के आरोपों की व्यापक तरीके से जांच होनी चाहिए : अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने कहा है कि पाकिस्तान में हाल में संपन्न आम चुनावों में हस्तक्षेप या गड़बड़ी के आरोपों की देश के कानूनों और प्रक्रियाओं के तहत पारदर्शी तरीके से व्यापक जांच की जानी चाहिए। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने मंगलवार को यह टिप्पणी की। मिलर चुनाव में धांधली के संबंध में रावलपिंडी के पूर्व आयुक्त लियाकत अली चट्ठा द्वारा लगाए गए आरोपों से जुड़े एक सवाल का जवाब दे रहे थे। वरिष्ठ पाकिस्तानी नौकरशाह ने 17 फरवरी को आरोप लगाया था कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त और प्रधान न्यायाधीश आठ फरवरी को हुए चुनावों में "गड़बड़ी" में शामिल थे। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संसद में सबसे बड़े समूह के रूप में उभरने और सामने आए जनादेश के बारे में पूछे गए एक अन्य सवाल के जवाब में मिलर ने कहा, मैं पाकिस्तान के आंतरिक मामले में नहीं पड़ना चाहता। उन्होंने कहा कि वह यह मामला पाकिस्तान पर छोड़ देंगे लेकिन हम चाहते हैं कि गड़बड़ी के किसी भी दावे या अनियमितताओं के आरोपों की पूरी जांच हो।

रायसीना डायलॉग 2024



नई दिल्ली में कार्यक्रम के दौरान ग्रीस के प्रधानमंत्री क्यारीकोस मित्सोटाकिस के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। ● एजेंसी

## ब्रिक्स के आवेदन पर जल्द विचार की उम्मीद में पाकिस्तान

**इस्लामाबाद, एजेंसी :** पाकिस्तान को विश्व की तेजी से उभरती अर्थव्यवस्थाओं के संगठन 'ब्रिक्स' में शामिल होने के अपने आवेदन पर जल्द ही विचार होने की उम्मीद है। पाकिस्तान की सीनेट की रक्षा समिति के अध्यक्ष मुशाहिद हुसैन सैयद ने स्पूतनिक से कहा कि उनके देश को 'ब्रिक्स' में शामिल होने के अपने आवेदन पर जल्द ही विचार होने की उम्मीद है और पाकिस्तान की उपस्थिति से ब्लॉक और मजबूत होगा।

## उत्तरी गाजा में अराजकता के कारण खाद्य पदार्थ की आपूर्ति रोकी गई

**रफह (गाजा पट्टी), एजेंसी**

विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) ने मंगलवार को कहा कि इजराइल-फलस्तीन युद्ध के कारण पूरे क्षेत्र में बढ़ती अराजकता के बीच उसने उत्तरी गाजा में खाद्य पदार्थ की अपूर्ति रोक दी है, जिससे भुखमरी की आशंका बढ़ गयी है।

संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) द्वारा किए गए अध्ययन में यह चेतावनी दी गई है कि उत्तरी गाजा में छह में से एक बच्चा अत्यंत कुपोषित है। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार पिछले दो हफ्तों में बढ़ते युद्ध के कारण ट्रकों का प्रवेश आधा हो गया है। संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों और राहत-बचाव कर्मियों ने कहा कि इजराइल की बमबारी और जमीनी हमलों के बीच ट्रकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में उसकी नाकामी के कारण ट्रकों का आगमन और खाद्य पदार्थ का वितरण बाधित हुआ है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा न मुहैया कराने के कारण भुखमरी का सामना कर रहे फलस्तीनी अक्सर खाद्य पदार्थ से लदे इन ट्रकों पर टूट पड़ते हैं।

# नीट-यूजी: पांच मई को 14 विदेशी शहरों में होगी मेडिकल प्रवेश परीक्षा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- नीट-यूजी परीक्षा पूरे भारत में 554 केंद्रों पर आयोजित होगी

मेडिकल के लिए राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) पांच मई को 14 विदेशी शहरों के परीक्षा केंद्रों पर भी आयोजित की जाएगी। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने बुधवार को यह घोषणा की। यह कदम एनटीए को उम्मीदवारों से अनुरोध मिलने के बाद उठाया गया है, क्योंकि इस महीने की शुरुआत में परीक्षा के संबंध में जारी सूचना बुलेटिन में परीक्षा देने के लिए भारत के बाहर केंद्रों का कोई उल्लेख नहीं था।

एनटीए की वरिष्ठ निदेशक (परीक्षा) साधना पाराशर ने कहा, यह निर्णय लिया गया है कि परीक्षा 12 देशों के 14 विदेशी शहरों में भी आयोजित की जाएगी। जिन 14 विदेशी शहरों में परीक्षा आयोजित की जाएगी, उनमें दुबई, अबू धाबी, शारजाह (यूएई), कुवैत शहर (कुवैत), बैंकॉक (थाईलैंड), कोलंबो (श्रीलंका), दोहा (कतर), काठमांडू (नेपाल), कुआलालंपुर (मलेशिया), लागोस (नाइजीरिया), मनामा (बहरीन), मस्कट (ओमान), रियाद (सऊदी अरब) और सिंगापुर शामिल हैं।

नीट-यूजी परीक्षा पूरे भारत में 554 केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। पाराशर ने कहा, जिन अभ्यर्थियों ने पहले ही भारत में केंद्रों का चयन कर लिया है और विदेशी केंद्रों के विकल्प के बिना शुल्क का भुगतान कर दिया है, लेकिन वे भारत के बाहर के केंद्रों पर परीक्षा देना चाहते हैं, उन्हें पंजीकरण खिड़की पर सेवा समाप्त होने के बाद केंद्र और देश की पसंद में बदलाव करने का अवसर मिलेगा। नीट-यूजी आयुर्विज्ञान तथा शल्य-चिकित्सा स्नातक (एमबीबीएस), दंत चिकित्सा स्नातक (बीडीएस), आयुर्वेद, औषधि एंव शल्य चिकित्सा स्नातक (बीएएमएस), सिद्ध औषधि एवं शल्य चिकित्सा स्नातक (बीएसएमएस) और यूनानी औषधि एवं शल्य चिकित्सा स्नातक (बीयूएमएस) समेत अन्य मेडिकल कोर्स में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि नौ मार्च है जबकि परीक्षा का परिणाम 14 जून को घोषित किया जाएगा।

## भारतीय रेस्तरां प्रबंधक पर सात साल का प्रतिबंध

**लंदन।** पूर्वी इंग्लैंड में एक भारतीय रेस्तरां के प्रबंधक पर बांग्लादेश से तीन श्रमिकों की अवैध भर्ती करने के लिए कंपनी के निदेशक के रूप में सात साल का प्रतिबंध लगाया गया है। इकबाल हुसैन (51) ने हर्टफोर्डशायर के स्टैनस्टेड एबॉट्स क्षेत्र में स्थित टेस्ट ऑफ राज' में श्रमिकों को काम पर रखा था। 2020 में आव्रजन प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा रेस्तरां पर छापा मारने के बाद यह जानकारी सामने आई। ब्रिटेन की परिसमापन सेवा ने हुसैन पर 2031 तक व्यवसाय चलाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। आवश्यक जांच सुनिश्चित करने में इकबाल हुसैन की विफलता के परिणामस्वरूप आव्रजन, शरण और राष्ट्रीयता अधिनियम 2006 के उल्लंघन में तीन अवैध श्रमिकों को रोजगार मिला।

जागरूकता अभियान



मेरठ : उत्तर प्रदेश मदरसा बोर्ड की परीक्षा देने पहुंचे अभ्यर्थी मतदान जागरूकता अभियान के तहत हाथों में तख्तियां लिए हुए।

## ट्रंप की संभावित उपराष्ट्रपति की सूची में रामास्वामी का नाम

**वाशिंगटन।** जैव प्रौद्योगिकी उद्यमी से राजनीतिक नेता बने भारतीय-अमेरिकी विवेक रामास्वामी उन नामों में शामिल हैं, जिन्हें पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप 2024 के राष्ट्रपति चुनावों के लिए अपने संभावित साथी यानी उपराष्ट्रपति के रूप में विचार कर रहे हैं। पोलिटिको डाट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, फॉक्स न्यूज 'टाउन हॉल' कार्यक्रम के दौरान मेजबान ने ट्रंप से उपराष्ट्रपति पद लिए उनकी पसंद के छह संभावित विकल्पों के बारे में पूछा। इस पर ट्रंप ने दक्षिण कैरोलिना के सीनेटर टिम स्कॉट, फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस, हवाई की पूर्व सांसद तुलसी गेबार्ड, विवेक रामास्वामी, फ्लोरिडा के प्रतिनिधि बायरन डोनाल्ड्स और साउथ डकोटा की गवर्नर क्रिस्टी नोएम नाम लिया।

## हिमाचल में बर्फबारी, 387 मार्गों पर आवाजाही बंद

**शिमला, एजेंसी**

- बिजली के 895 ट्रांसफार्मर भी ठप पड़े

हिमाचल प्रदेश के जनजातीय और पर्वतीय इलाकों पर एक बार फिर से बर्फबारी और बारिश होने के बाद बुधवार को लोगों ने कंपकंपाती ठंड का अनुभव किया और न्यूनतम तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई। राज्य आपात प्रतिक्रिया केंद्र ने बताया कि चार राष्ट्रीय राजमार्ग सहित कुल 387 मार्गों पर बर्फबारी की वजह से वाहनों की आवाजाही बंद हो गयी और बिजली के 895 ट्रांसफार्मर ठप पड़ गये।

लाहौल और स्पीति में सबसे ज्यादा 288 मार्गों पर आवाजाही बाधित हुई। वहीं चंबा और कुल्लू में क्रमशः 77 और 12 मार्गों पर वाहन नदारद दिखे। कोकसर और अटल टनल के इलाकों में 45 सेंटीमीटर बर्फबारी हुई, वहीं सिस्सू और कोठी में 30 सेंटीमीटर तक बर्फबारी दर्ज की गई। केलांग, कुसुमसेरी और भारमौर में क्रमशः 18 सेंटीमीटर, 15.3 सेंटीमीटर और आठ सेंटीमीटर बर्फबारी दर्ज की गयी। केंद्र के मुताबिक, मनाली में सबसे अधिक 29 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। मनाली के बाद सलूनी, तिस्सा और चंबा में क्रमशः 25.3, 20 और 16 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। वहीं सियोबाग और बैजनाथ में क्रमशः 11 और आठ मिलीमीटर बारिश हुई। पूरे क्षेत्र में न्यूनतम तापमान कुछ डिग्री तक गिर गया और कई स्थानों पर तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया गया। आपात केंद्र के मुताबिक, कुसुमसेरी इलाका राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां तापमान शून्य से 7.1 डिग्री नीचे तक गिर गया।

खोजबीन

### प्लूटो से बाहर हो सकती है इसकी कक्षा, अमेरिकी संस्था पैन-स्टारआरएस तलाश में जुटी

# 9वें ग्रह के छिपे होने के संकेत आए सामने

**कार्यालय संवाददाता, नैनीताल**

- कैलटेक खगोल विज्ञान के प्रो माइक ब्राउन इस ग्रह की तलाश में जुटे हुए हैं
- अध्ययन में इस ग्रह को मायावी ग्रह माना गया है

**अमृत विचार:** हमारे सौर मंडल के 9 वां ग्रह प्लैनेट एक्स के छिपे होने के संकेत मिले है। यह ग्रह प्लूटो की कक्षा के बाहर छिपा हो सकता है। बहरहाल अमेरिकी संस्था पैन-स्टारआरएस के जरिए इस ग्रह की तलाश में जुटी हुई है।

लंबा समय बीत चुका है, लेकिन प्लैनेट 9 का रहस्य बना हुआ है। वैज्ञानिकों इसका अस्तित्व होने का दावा कर बहुत पहले कर चुके हैं। भारतीय पुराणों के अनुसार भी हमारे सौर मंडल में 9 ग्रह होने की बात कही गई है।

वैज्ञानिकों का मानना है कि इस ग्रह के कारण सौर मंडल में इसकी हलचल होने यानी गुरुत्वाकर्षण के प्रभाव का पता चलता रहा है। मगर, अभी तक इसे देखा नहीं जा सका है। हाल ही में द एस्ट्रोनॉमिकल जर्नल में ताजा शोध प्रकाशित हुआ है। जिसमें इस ग्रह को अध्ययन में मायावी ग्रह माना गया है और अभी तक के अध्ययन में इसके संभावित रूप से सौर मंडल के बाहरी क्षेत्र बौने ग्रह प्लूटो की कक्षा से परे परिक्रमा करने की बात कही गई है।

यह शोध प्लैनेट नाइन के संभावित स्थानों को चयनित करता है और इसके गठन के साथ विकासवादी प्रक्रियाओं को बेहतर ढंग से समझने में मदद करता है। इस कारण इस शोध को अहम माना जा रहा है।

कैलटेक खगोल विज्ञान के प्रो माइक ब्राउन इस ग्रह की तलाश में जुटे हुए हैं। उनका कहना है कि पैन-स्टारआरएस के जरिए पैनोरमिक सर्वे टेलीस्कोप से इसके आगे की तलाश की जाएगी। अब तक गणना के अनुसार सौर मंडल के लगभग 78 प्रतिशत संभावित स्थानों को हटा दिया गया है और अब सिर्फ 28 फीसद भाग में ही तलाश की जाएगी।



### प्लैनेट 9 के द्रव्यमान का अनुमान भी लगा लिया

इस ग्रह के द्रव्यमान का अनुमान वैज्ञानिक लगा चुके हैं। पृथ्वी से इसका द्रव्यमान अधिक है और मायावी जैसा व्यवहार कर रहा है। जिस कारण इसका पता लगाने में मुश्किल हो रही है। बहरहाल इसे बड़ी खोज माना जा रहा है। यदि सफलता मिली तो सौर मंडल के कुछ और रहस्य उजागर होंगे।

## घर पर प्रसव का प्रयास महिला और शिशु की मौत

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी**

- महिला शेमीरा बीवी चौथी बार बनने वाली थी मां

करक्कमंडपम में मंगलवार शाम किराये के एक घर में एक्यूपंक्चर उपचार के माध्यम से प्रसव कराने की कोशिश में 36-वर्षीया एक महिला और उसके नवजात बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। जैसे ही चौंकाने वाली यह घटना सामने आई, महिला के पति नयाज को सुबह नेमोम पुलिस ने हिरासत में ले लिया। नयाज पूनथुरा का रहनेवाला है और साउंड सिस्टम से संबंधित काम करता है। पुलिस ने इस घटना में अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार, महिला शेमीरा बीवी चौथी बार मां बनने वाली थी और उसने गर्भावस्था की नौ महीनों की अवधि में कभी चिकित्सक से परामर्श नहीं लिया था। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि दंपती ने कथित तौर पर एक डॉक्टर के बजाय एक एक्यूपंक्चर विशेषज्ञ की मदद ली जो उनके किराये के घर पर अक्सर आता रहता था। महिला को मंगलवार को कुछ समस्या पैदा हो गयी थी और आखिरकार शाम को उसे एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने महिला और उसके नवजात को मृत घोषित कर दिया। जैसे ही महिला और नवजात शिशु की मौत की खबर फैली, स्थानीय पार्षद, आशा कार्यकर्ता और पड़ोसी नयाज के खिलाफ मुखर हुए और आरोप लगाया कि वह (नयाज) अपनी पत्नी को न तो चिकित्सक से परामर्श लेने देता था, न ही उचित इलाज कराने की अनुमति देता था।